वर्ष 72 ▸▸ अंक 339 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 06 सितंबर, 2025
▸▸ भाद्रपद शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

जिस दिन एक सिग्नेचर ऑटोग्राफ में बदल जाए, तब मान लीजिएगा कि आप कामयाब हो गए।
-डॉ. अब्दुल कलाम




## ऑफ बीट

### खुद को डॉग मानती है ये लड़की...



*दुनिया में ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्हें कुत्ते पसंद हैं। वो उन्हें पालते हैं, उनकी देखभाल करते हैं। फिर ऐसे लोग आते हैं, जो कुत्तों को बच्चे जैसा मानने लगते हैं या फिर परिवार का सदस्य मानकर साथ सुलाते हैं, खिलाते हैं, यहां तक कि अपने जैसे कपड़े कुत्तों के लिए भी सिलवा देते हैं। मगर एक लड़की ने तो हद ही पार कर दी। हाल ही में अमेरिका में 20 वर्षीय युवती मिल्क चर्चा में आई हैं, जिन्होंने खुद को इनुमिमी के रूप में प्रस्तुत करना शुरू किया है। इस लड़की को कुत्ते इतने पसंद हैं कि ये खुद कुत्तों जैसी हरकत करने लगी और अपने आप को डॉग डॉटर कहने लगी। जापानी एनीमे और मंगा की दुनिया में केमोनोंमिमी शब्द का इस्तेमाल उन किरदारों के लिए होता है, जिनके पास इंसानी शरीर के साथ जानवरों जैसी विशेषताएं-जैसे कान और पूंछ, होती हैं। यानी डॉग-डॉटर ऐसा व्यक्ति जो कुत्ते जैसे कान, पूंछ लगाकर पहचान को व्यक्त करता है।*

## संक्षिप्त खबरें

### इंदौरः एयर इंडिया प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग

**जागरण, इंदौर।** दिल्ली से डेढ़ घंटे की देरी से उड़ी फ्लाइट ने इंदौर पहुंचने के पहले ही यात्रियों की सांसे फुला दीं। विमान के इंजन में खराबी आ गई। इंदौर एयरपोर्ट ट्रैफिक कंट्रोल को सूचना भेजे जाते ही विमान और विमानतल में हड़कंप मच गया। विमान को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में कुल 161 यात्री सवार थे, जो भगवान का नाम जपते हुए हड़बड़ाहट में विमान से बाहर निकले। दिल्ली से इंदौर की उड़ान संख्या आईएक्स-1104 की इंदौर के देवी अहिल्या विमानतल पर सुबह 09.54 बजे आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। इंजन में खराबी से इमरजेंसी लैंडिंग की जानकारी विमान के यात्रियों को लगते ही हड़कंप मच गया।

### आंध्रः हेल्थ पॉलिसी में 25 लाख कवरेज को मंजूरी

**हैदराबाद, जेएनएन।** मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की अध्यक्षता वाली आंध्र प्रदेश कैबिनेट ने गुरुवार को यूनिवर्सल हेल्थ पॉलिसी लागू करने इंश्योरेंस कंपनियों से टेंडर आमंत्रित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। यह पॉलिसी 25 लाख तक की हेल्थकेयर सेवाएं प्रदान करेगी। सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री के पार्थसारथी ने कहा, यूनिवर्सल हेल्थ पॉलिसी से पांच करोड़ से अधिक लोगों को लाभ होने की उम्मीद है। पार्थसारथी ने कहा, कैबिनेट ने आयुष्मान भारत-पीएमजेएवाई - डॉ. एनटीआर वैद्य सेवा योजना के तहत हाइब्रिड मॉडल में यूनिवर्सल हेल्थ पॉलिसी लागू करने के लिए इंश्योरेंस कंपनियों से टेंडर आमंत्रित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

### शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को मुख्यमंत्री का बड़ा तोहफा

# 35 साल सेवा कर चुके शिक्षकों को चौथा क्रमोन्नति वेतनमान

- डॉ. यादव ने की घोषणा कैबिनेट में आएगा प्रस्ताव
- बोले-सरकार शिक्षकों के मान-सम्मान का देगी ध्यान

विशेष संवाददाता, भोपाल

शिक्षक दिवस (5 सितंबर) पर शुक्रवार को मध्यप्रदेश के शिक्षकों के लिए सरकार ने बड़ा एलान किया है। सरकार इन शिक्षकों को चौथे क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ देगी। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को राजधानी में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में की। इस घोषणा का लाभ 1 लाख 50 हजार शिक्षकों को मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षकों के मान-सम्मान और उन्हें सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए हमारी सरकार हर जरूरी कदम उठाएगी। सरकार शैक्षणिक संवर्ग के सहायक शिक्षक, उच्च शिक्षक, नवीन शैक्षणिक संवर्ग के प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षकों को चतुर्थ कार्यमान वेतनमान देगी। इससे प्रदेश के 1 लाख 50 हजार शिक्षक लाभान्वित होंगे। इसके लिए कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा और 2025-26 से शिक्षकों को चौथे वेतनमान की सौगात मिलेगी। इससे सरकार पर 117 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा।

**गुरुजन सदैव पूजनीयः** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरुजन सदैव पूजनीय हैं, क्योंकि वे अपने ज्ञान और परिश्रम से शिक्षा के मंदिरों को प्रकाशित करते हैं। प्रदेश सरकार शिक्षकों के मान-सम्मान के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने सम्मानित सभी शिक्षकों का अभिवादन कर प्रदेश के विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में उनके योगदान की सराहना की।



राजधानी में शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

#### ये मिलेगा लाभ

- **3,000** रु. तक प्राथमिक शिक्षक को
- **3,000 से 4,500** रु. तक माध्यमिक शिक्षक को
- **4,000 से 5,000** रुपए तक सहायक शिक्षक को
- **5,000 से 7,000** रुपए तक उच्च श्रेणी शिक्षक को

**1.50 लाख शिक्षकों को मिलेगा लाभ**

**117 करोड़ रुपए का आएगा अतिरिक्त भार**

**2025-26 से मिलेगा लाभ**

### ड्रेस खरीदने 55 लाख बच्चों के खाते में 330 करोड़ ट्रांसफर

समारोह में डॉ. यादव ने राज्यपाल मंगूभाई पटेल की मौजूदगी में उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया। साथ ही शासकीय विद्यालयों में पहली से आठवीं तक के 55 लाख विद्यार्थियों के खातों में शाला गणवेश की 330 करोड़ की राशि ट्रांसफर की। डॉ. यादव ने कहा, प्रदेश में सांदीपनि विद्यालय खोले जा रहे हैं। हमारे सरकारी स्कूलों का परिणाम निजी स्कूलों से बेहतर रहा है, जो 15 साल में सबसे अच्छा रहा है।

### चुनौतियों के समाधान के लिए शिक्षक आगे आएंः राज्यपाल

कार्यक्रम में राज्यपाल पटेल ने कहा है कि समय की जरूरत है कि सामाजिक चुनौतियों के समाधान के लिए शिक्षक आगे आएं और परिवार एवं समाज का मार्गदर्शन करें। उन्होंने कहा कि देश और समाज के निर्माता शिक्षक होते हैं, वह भावी पीढ़ी को संस्कार, ज्ञान और कौशल प्रदान करते हैं। व्यक्तित्व का विकास और चरित्र निर्माण करते हैं। भावी जीवन की सफलताओं के लिए तैयार करते हैं।

### इन शिक्षकों को मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इस घोषणा का लाभ ऐसे शिक्षको को मिलेगा, जिन्होंने अपने सेवाकाल के 35 वर्ष पूरे कर लिए हैं, लेकिन उन्हें पदोन्नति की पात्रता नहीं है। जिन शिक्षकों को पदोन्नति की पात्रता है, तो उन्हें समयमान वेतनमान दिया जाता है। शिक्षा विभाग के अधिकारी चौथा वेतनमान ले रहे हैं, लेकिन अभी तक शिक्षकों को नहीं मिल रहा था।

### 14 उत्कृष्ट शिक्षकों का राज्य स्तर पर सम्मान

राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में 14 उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान किया गया, जिन्हें 25 हजार रुपए की सम्मान निधि, शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र दिए गए।

### 'दोस्ती' देख अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को लगी 'मिर्ची', बोले

# लगता है हमने भारत-रूस को चीन के हाथों खो दिया

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** भारत पर 50 फीसदी टैरिफ के चलते अमेरिका से रिश्तों में दरार आई है। भारत, चीन और रूस के बीच दोस्ती बढ़ने लगी है, जिससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मिर्ची लगी है। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा है कि अमेरिका ने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। ट्रुथ पर ट्रंप ने पोस्ट किया, 'ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को सबसे गहरे, सबसे अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है। उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो।'



ट्रंप दूसरे कार्यकाल में भारत के प्रति थोड़ा सख्त नजर आ रहे हैं। पहले उन्होंने रेसिप्रोकल टैरिफ के नाम पर भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया तो बाद में रूस से तेल आयात की बात करते हुए 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लगाकर कुल टैरिफ 50 फीसदी कर दिया। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

#### इधर, ट्रंप के मंत्री के बिगड़े बोल

### भारत को माफी मांगनी होगी बाजार भी खोलना होगा

अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने भारत से माफी की मांग की है। रूस से तेल खरीद और व्यापार के मुद्दे पर बेहद सख्त भाषा का इस्तेमाल करते हुए लुटनिक ने कहा, भारत को अमेरिका से माफी मांगनी होगी। भारत को अपना बाजार खोलना होगा, रूसी तेल खरीद बंद करनी होगी और ब्रिक्स से बाहर आना होगा। ट्रंप के अमेरिका के भारत को खो देने के पोस्ट के बाद लुटनिक ने यह बातें कही हैं। उन्होंने ट्रंप के भारत पर लगाए टैरिफ का पुरजोर समर्थन किया।

### मुंबई में अनंत चतुर्दशी से पहले धमाकों की धमकी

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई पुलिस को गुरुवार देर रात वॉट्सएप पर धमकी भरा मैसेज मिला। इसमें दावा किया गया है कि लश्कर-ए-जिहादी के 14 आतंकी शहर में आ चुके हैं। आतंकी 400 किलो आरडीएक्स 34 गाड़ियों में लगाकर बड़ा ब्लास्ट करने वाले हैं, जिससे एक करोड़ लोगों की मौत हो सकती है। धमकी मिलते ही मुंबई पुलिस ने हाईअलर्ट घोषित कर दिया। क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। एटीएस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी सतर्क कर दिया गया है। शनिवार को गणेशोत्सव का अंतिम दिन (अनंत चतुर्दशी) है। इस दौरान लाखों श्रद्धालु गणेश विसर्जन के लिए निकलेंगे, इसलिए सुरक्षा को और सख्त कर दिया गया है। पुलिस ने शहर के अहम इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है और कई जगहों पर कॉम्बिंग ऑपरेशन चल रहे हैं। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

**मुंबई पुलिस को वॉट्सएप मैसेज किया**

### इधर वित्तमंत्री निर्मला सीतामरण का ऐलान

# रूस से तेल खरीदता रहेगा भारत, राहत पैकेज जल्द

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा। उन्होंने साफ किया कि भारत अपनी जरूरतों के हिसाब से तेल खरीदने का फैसला खुद करेगा। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, हम अपनी जरूरतों के मुताबिक तय करेंगे कि तेल कहां से खरीदना है। यह हमारा फैसला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा ही उसकी प्राथमिकता है, न कि कोई बाहरी दबाव। वित्त मंत्री ने वित्तीय अनुशासन को बेहद जरूरी बताया। उन्होंने कहा, लोगों का भरोसा जीतना बहुत जरूरी है। मुनाफा कमाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता।



उन्होंने यह भी कहा कि लंबे समय तक विकास के लिए विश्वसनीयता और जिम्मेदार नीतियां जरूरी हैं। वित्त मंत्री सीतरमण ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित निर्यातकों के लिए भारत सरकार जल्द पैकेज का ऐलान करेगी। गौरतलब है कि ट्रंप के 50 फीसदी टैरिफ के चलते भारत का निर्यात प्रभावित हुआ है। पिछले महीने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ लगाया था। इसमें भारत द्वारा रूसी से तेल खरीदने की सजा के रूप में 25 फीसदी टैरिफ और लगा दिया है। इसके साथ ही, कपड़ों और आभूषणों से लेकर जूते और रसायनों तक, कई उत्पादों पर शुल्क बढ़कर 50 फीसदी तक हो गया है।

# शिवपुरी में 6.21 करोड़ की चरस बरामद कुख्यात नशा तस्कर संदीप गिरफ्तार

**जागरण, शिवपुरी।** प्रदेश की शिवपुरी में पुलिस ने नशे के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। देहात थाना पुलिस ने कुख्यात नशा तस्कर संदीप सिंह को गिरफ्तार कर उससे 30.295 किलो अवैध चरस बरामद की है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 6 करोड़ 21 लाख 60 हजार रुपए आंकी गई है। 38 वर्षीय नशा तस्कर संदीप कोलारस के रमतला का रहने वाला है। आरोपी पहले भी नशीले पदार्थों की तस्करी में पकड़ा चुका है। उसके खिलाफ कोलारस और गुना जिले में कई गंभीर मामले दर्ज हैं। ■ शेष पृष्ठ 7 पर




#### नशा कारोबार का पुराना खिलाड़ी

पुलिस गिरफ्त में आया नशा तस्कर संदीप वर्षों से सक्रिय पेशेवर अपराधी है, उस पर शिवपुरी और गुना जिले में कई गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, संदीप नशे के अवैध कारोबार का पुराना खिलाड़ी है। साल 2024 में आरोपी के पास से थाना कोलारस में 17 किलो चरस (3 करोड़ 49 लाख कीमती) जब्त हुई थी। ताजा कार्रवाई में देहात थाना पुलिस ने उसके पास से 30 किलो 295 ग्राम चरस बरामद कर उसे गिरफ्तार किया।


### 44 लाख टैक्स बचाने में डिप्टी-पीएम की कुर्सी गई

**लंदन, जेएनएन।** ब्रिटेन की उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री एंजेला रेनर ने शुक्रवार को पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने माना कि नए घर के लिए प्रॉपर्टी टैक्स चुकाते समय उनसे गलती हुई और उन्होंने तय टैक्स से 44 लाख रुपए कम का भुगतान किया। एंजेला रेनर समेत 1 साल में 8 मंत्री कीर स्टार्मर की सरकार से इस्तीफा दे चुके हैं। रेनर का इस्तीफा ब्रिटिश सरकार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। पिछली बार जब रेनर पर जानबूझकर टैक्स गबन का आरोप लगा था, तब स्टार्मर ने बचाव किया था। उन्होंने लेबर पार्टी की डिप्टी-लीडर की जिम्मेदारी भी छोड़ दी।



### महिला अफसर को 'धमकी' बुरे फंसे डिप्टी सीएम पवार

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र में महिला आईपीएस ऑफिसर से फोन पर बात करने के दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद डिप्टी सीएम अजित पवार बुरी तरह घिर गए। वीडियो में अजित पवार ऑफिसर से नंबर मांगकर वीडियो कॉल कर बात करने को भी कहते हैं। दरअसल, डिप्टी सीएम पवार से जुड़ा वीडियो वायरल होने के बाद विवाद इतना बढ़ गया है कि अब उन्हें सफाई देनी पड़ी है। बीते दिनों एनसीपी प्रमुख अजित पवार का वीडियो सामने आया, जिसमें वह महिला आईपीएस ऑफिसर से बात कर रहे थे। ■ शेष पृष्ठ 7 पर



# प्रेमी के साथ की पति की हत्या शव बोरे में लपेट कुएं में फेंका

### हत्याकांड का खुलासा कर तीन को किया गिरफ्तार

**जागरण, अनूपपुर।** एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की वारदात की। इसके बाद आरोपियों ने शव को बोरे और कंबल में लपेटकर कुएं में फेंक दिया। अनूपपुर पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा कर पत्नी, उसके प्रेमी और एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला अनूपपुर जिले के सकरिया गांव का है। वारदात 31 अगस्त को आधी रात के बाद हुई। मृतक का नाम भैयालाल रजक है। गांव के भैयालाल रजक की लाश उसके घर के पीछे खेत के कुएं में बोरे और कंबल में लिपटी हुई मिली थी।

जांच में पता चला कि भैयालाल की तीन शादियां हुई थीं। पहली पत्नी शादी के कुछ दिन बाद ही छोड़कर चली गई। दूसरी पत्नी गुड्डीबाई से कोई संतान नहीं होने पर उन्होंने गुड्डीबाई की छोटी बहन मुन्नी से तीसरी शादी कर ली, जिससे उनके दो बच्चे हैं। भैयालाल की सकरिया गांव और परसवार गांव में कीमती जमीन थी। इसे बेचने के लिए दलाल लल्लू बीते 4-5 साल से उनके घर आता-जाता था। इसी दौरान मुन्नी और लल्लू के बीच प्रेम संबंध शुरू हो गए। मुन्नी ने अपने प्रेमी और मजदूर के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। वह जैतहरी में अपनी बड़ी बहन के पास चली गई, जिससे भैयालाल घर पर अकेले रह गए। वारदात वाले दिन लल्लू और धीरज ने भैयालाल के निर्माणाधीन मकान में घुसे। इसके बाद खटिया पर सो रहे भैयालाल के सिर पर लोहे की रॉड से वार किए। इसके बाद शव को बोरे और कंबल में लपेटकर, साड़ियों और रस्सी से बांधकर कुएं में फेंक दिया। पुलिस ने कुएं से मृतक का मोबाइल भी बरामद किया और जांच शुरू की।



#### कॉल डिटेल से खुला राज

31 अगस्त को भैयालाल की पहली पत्नी गुड्डी ने पति को फोन लगाया। मोबाइल बंद आने पर सकरिया गांव में निर्माणाधीन मकान में तलाश की। पति नहीं मिले तो आसपास भी खोजा। इसके बाद घर के पीछे बाड़ी में बने कुएं में पति को शव देखा। गुड्डी ने पुलिस को इसकी सूचना दी। एसपी मोतिउर रहमान ने बताया कि बुजुर्ग के शव को देखकर हत्या की आशंका लग रही थी। पीएम रिपोर्ट से हत्या होना स्पष्ट हो गया था, जिसके बाद उसके साथ रह रही पत्नी की कॉल डिटेल निकाली गई। कॉल डिटेल में वह लल्लू से ज्यादा बात कर रही थी हत्या के कुछ घंटे पहले भी उसने लल्लू से ही बात की थी। इसके बाद पुलिस ने लल्लू को पूछताछ के लिए लेकर गई।

### दुर्लभ मामला

### महिला ने दिया 5.2 किग्रा के बच्चे को जन्म



**जागरण, इंदौर।** प्रदेश के जबलपुर के सरकारी रानी दुर्गावती अस्पताल में एक महिला ने ऑपरेशन 5 किलो 2 ग्राम वजन वाले लड़के को जन्म दिया है। डॉक्टरों ने इतने भारी शिशु के जन्म को दुर्लभ बताया है। फिलहाल जच्चा बच्चा डॉक्टरों की निगरानी में हैं। बीते दिनों इंदौर में प्रदेश के सबसे वजनी करीब साढ़े 5 किलो के बच्चे का जन्म हुआ था। इसके पहले साल 2020 में मंडला जिले में 5 किलो 100 ग्राम का बच्चा पैदा हुआ था। अस्पताल प्रबंधन की जानकारी अनुसार बच्चे का जन्म रांझी इलाके के रहने वाले आनंद चौकसे की पत्नी शुभांगी के यहां हुआ। डॉक्टरों के मुताबिक ऐसे शिशुओं को आमतौर पर 24 घंटे निगरानी में रखा जाता है, क्योंकि उनके ब्लड शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव होता रहता है। फिलहाल बच्चा एसएनसीयू में है, क्योंकि ऐसे शिशुओं को जन्मजात विकृतियों का खतरा होता है। डॉक्टरों के मुताबिक एक पूर्ण अवधि के पुरुष नवजात शिशु का औसत वजन 2.8 से 3.2 किलो के बीच होता है, जबकि महिला नवजात शिशुओं का वजन 2.7 से 3.1 किलो के बीच होता है।

**सम्मान** | उत्कृष्ट शिक्षकों को मिला राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2025

# प्रदेश की शीला और भेरूलाल समेत 45 शिक्षकों को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हर साल 5 सितंबर को जब पूरा देश शिक्षक दिवस के जश्न में डूबा होता है, तो सबकी निगाहें एक बेहद खास मौके पर टिकी होती हैं- 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार' समारोह पर। ये वो सम्मान है, जो उन टीचर्स को दिए जाते हैं, जिन्होंने सिर्फ बच्चों को किताबी ज्ञान नहीं दिया, बल्कि उनके जीवन को संवारा है, उन्हें सही रास्ता दिखाया है और शिक्षा के क्षेत्र में कुछ ऐसा किया है, जो काबिले तारीफ है। इस साल भी शिक्षक दिवस 2025 के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 45 उत्कृष्ट और समर्पित शिक्षकों को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया। इनमें मप्र के दो शिक्षक शीला पटेल दमोह, भेरूलाल ओसारा आगर मालवा को भी राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

#### इन्हें मिला राष्ट्रपति पुरस्कार




दमोह की शिक्षिका शीला पटेल हुई सम्मानित।

सुनीता सोनीपत, शशि पॉल हिमाचल प्रदेश, नरिंदर सिंह लुधियाना, अवधेश कुमार झा उत्तर पश्चिम दिल्ली, मंजूबाला चम्पावत, परवीन कुमारी चंडीगढ़, नीलम यादव खैरथल तिजारा, भाविनीबेन दिनेशभाई देसाई दमन, विलास रामनाथ सातारकर उत्तरी गोवा, हितेश कुमार प्रवीणचंद्र भुंडिया राजकोट, हिरेनकुमार हसमुखभाई शर्मा गांधीपुरा खेड़ा, शीला पटेल दमोह, भेरूलाल ओसारा आगर मालवा, डॉ. प्रज्ञा सिंह दुर्ग, कुलदीप गुप्ता राजकीय उमावि जिंद्राह, रामलाल सिंह यादव भदोही, मधुरिमा तिवारी मिर्जापुर, कुमारी निधि किशनगंज, दिलीप कुमार सुपौल, सोनिया विकास कपूर मुंबई, कंधन कुमारेसन एबरडीन, संतोष कुमार चौरसिया कोरबा, डॉ. प्रमोद कुमार नालंदा, तरुण कुमार दाश कोरापुट, बसंत कुमार राणा मल्कानगिरी, तनुश्री दास मेदिनीपुर पश्चिम, नांग एकथानी मौंगलांग पापुम पारे, पेलेनो पेटेनिलहु कोहिमा, कोइजाम मचासन इम्फाल पश्चिम, कर्मा टेम्पो एथेनपा मंगन, डॉ. हेइपोर यूनी बैंग पूर्वी जयंतिया हिल्स, बिदिशा मजूमदार गोमती, देबजीत घोष डिब्रूगढ़, श्वेता शर्मा देवघर, डॉ. शेख मोहम्मद वाकियोद्दीन शेख हामिदोद्दीन नांदेड़, डॉ. संदीपन गुरुनाथ जगदाले लातूर, इब्राहिम एस मूला एंड्रोथ, मधुरिमा आचार्य कोलकाता, मदबाथुला थिरुमाला श्रीदेवी विशाखापत्तनम, मरम पवित्रा सूर्यापेट, रेवती परमेश्वरन चेन्नई, विजयलक्ष्मी वी तिरुपूर, किशोर कुमार एमएस तिरुवनंतपुरम, डॉ. वी रेक्स उर्फ राधाकृष्णन थिलैयाडी वल्लियाम्मल गवर्नमेंट हाई स्कूल एवं मधुसूदन केएस मैसूर शामिल हैं।

# एमवायएच में जांच करने पहुंचे अफसरों के सामने निकला चूहा, पकड़ने दौड़े कर्मचारी

### चिकित्सा शिक्षा आयुक्त के दौरे में सामने आया पेस्ट कंट्रोल में कंपनी से हुई लापरवाही

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश के इंदौर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमवायएच अस्पताल में चूहे के काटने से दो नवजात शिशुओं की मौत के बाद चिकित्सा शिक्षा आयुक्त तरुण राठी ने अस्पताल का निरीक्षण किया। प्राथमिक जांच में उन्होंने पाया कि पेस्ट कंट्रोल में कंपनी से गलती हुई है। अब बाहरी कंपनी से पेस्ट कंट्रोल के संबंध में जांच करवाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान राठी के साथ राज्य स्तरीय जांच समिति के सदस्य भी थे। आयुक्त और समिति के सदस्य पीडियाट्रिक सर्जरी वार्ड के अंदर जांच कर रहे थे, तभी गेट के बाहर चूहा आ गया। चूहा देख पेस्ट कंट्रोल और साफ-सफाई की जिम्मेदारी निभाने वाली एजाइल कंपनी के आठ से 10 कर्मचारी घबरा गए और उसे पकड़ने के लिए दौड़ लगाते नजर आए लेकिन वह पकड़ में नहीं आ सका, जिस वार्ड में चूहे द्वारा नवजातों को कुतरने की घटना हुई थी, उससे 50 मीटर की दूरी पर ही कॉकरोच नजर आए। यह कॉकरोच स्वजन के लिए लगी कुर्सियों पर घूम रहे थे। यह लापरवाही बताती है कि किस गंभीरता के साथ अस्पताल परिसर में पेस्ट कंट्रोल किया जा रहा है, क्योंकि घटना के अगले ही दिन कंपनी ने पूरे अस्पताल परिसर में पेस्ट कंट्रोल करने का दावा किया है। ऐसे में यह कॉकरोच यहां तक कैसे पहुंच गए।



#### बच्ची को तीन जगह चूहे के कुतरने के निशान

धार निवासी बच्ची की पीएम रिपोर्ट में सामने आया कि बच्ची को तीन जगह चूहे के कुतरने के निशान हैं। जन स्वास्थ्य अभियान की शिकायत पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भी कलेक्टर से रिपोर्ट मांगी है। वहीं आयुक्त राठी पीआइसीयू और एनआइसीयू देख संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने कायाकल्प के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये। प्राथमिक जांच में पाया कि पेस्ट कंट्रोल में कंपनी से गलती हुई है। बाहरी कंपनी से पेस्ट कंट्रोल के संबंध में जांच करवाई जाएगी।

# शिक्षक बच्चों को गढ़े, जिससे राष्ट्र आगे बढ़े : डीईओ

## शिक्षक समाज में परिवर्तन लाने का कार्य करता है : डॉक्टर राय

## राज्य शिक्षक संघ ने किया उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान



**जागरण, सतना।** तमाम चुनौतियों के बाद भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षकों का राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र त्रिपाठी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान एवं संगोष्ठी का आयोजन महारानी लक्ष्मी बाई विद्यालय के सभागार में किया । समारोह की मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कंचन श्रीवास्तव रही तथा मुख्य वक्ता और अध्यक्षता शासकीय स्वशासी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुरेश चंद्र राय रहे ।विशिष्ट अतिथि के रूप में लायंस क्लब के द्वितीय जिला गवर्नर पवन मलिक व भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ कृष्णा पांडे समाजसेवी अर्जुन तिवारी रहे । सर्वप्रथम डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन व मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ ।

**चुनौतियों के बाद भी आशा अनुरूप परिणाम दे रहे शिक्षक : शैलेन्द्र त्रिपाठी :** इसके बाद कार्यक्रम के आयोजक राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्षशैलेन्द्र त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे शिक्षक दिन-रात मेहनत करके बच्चों को सजाने व संवारने का कार्य कर रहे हैं । जिन शिक्षकों का राज्य शिक्षक संघ सम्मान कर रहा है वे स्कूलों में नवाचार कर उत्कृष्ट के नित्य नए आयाम गढ़ रहे हैं । ऐसे में हमारा उत्तरदायित्व है कि हम उनके योगदान का सम्मान करें । श्री त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में चुनौतियों के बाद भी शासकीय शिक्षक सभी की आशा अनुरूप परिणाम दे रहे हैं । यह सब की मेहनत का प्रतिफल है और इसका सम्मान होना चाहिए । उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी हमारी समस्याओं और कार्यों के प्रति संवेदनशीलता से निराकरण कर रही है हम उनके इस मातृत्व भाव का भी सम्मान करते हैं सुखद परीक्षा परिणाम से ऐसा दिख भी रहा है हम सब मिलकर बच्चों को गढ़े ,जिससे समाज और राष्ट्र आगे बढ़े । उन्होंने कहा कि आपकी किसी भी वाजिब समस्या का निराकरण तुरंत होगा । उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सामने चुनौतियां भी बहुत हैं और उनका संजीदगी से निराकरण होना चाहिए यह कार्य समाज और सरकारों का है। श्री राय ने कहा कि जिस राष्ट्र में शिक्षक जितना सम्मानित होता है वह राष्ट्र उतना प्रगति करता है विशिष्ट अतिथि लायन पवन मलिक ने शिक्षकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनसे हमेशा सीखते रहने की बात कही। कृष्णा पांडे ने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों का सम्मान करते हुए उन्हें समाज का प्रहरी बताया । इस अवसर पर संघ के ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रकांत द्विवेदी मानव शुक्ला आशीष सिंह यशवन्त बागरी पियूष तिवारी,महिला मोर्चा की अध्यक्ष आभा तिवारी मनोज शर्मा शीला यादव रेणु सिंह शकुंतला त्रिपाठी सुधा मिश्रा रामराज साकेत रवीन्द्र गौतम मुकेश पांडे श्याम गर्ग रामायण विश्वकर्मा संजय शुक्ला रामलखन त्रिपाठी धर्मेंद्र त्रिपाठी संदीप गर्ग अजय पटेल पुष्पराज सिंह रजनीश अग्निहोत्री राम हृदय द्विवेदी, छात्रा खुशी तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे। इनका हुआ सम्मान शिक्षक दिवस समारोह में राज्य शिक्षक संघ द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान व नवाचार करने वाले शिक्षकों में आलोक त्रिपाठी प्रमोद बिहारी कुशवाहा डीएस मिश्रा सत्येंद्र पांडे दीपा गौतम विजय रावत रामानुज पाठक चंद्र कुमार निगम संजय सिंह बघेल गदापाणि गर्ग संतोष तिवारी गणेश शंकर सरावगी का सम्मान अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह सम्मान पत्र देकर किया गया।

# बच्चों की प्रस्तुतियां देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

**छतरपुर ।** पर्यूषण पर्व के आठवें दिन नगर के सभी जैन मंदिरों में उत्तम त्याग धर्म मनाया गया। इस दौरान सभी ने त्याग के महत्व को समझा और उसे जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। अतिशय क्षेत्र डेरापहाड़ी स्थित आचार्य विद्यासागर दिगंबर जैन पाठशाला के बच्चों ने रात में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मोहक प्रस्तुतियों से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। डॉ. सुमति प्रकाश जैन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत पाठशाला की बहनों के मंगलाचरण से हुई, जिसके बाद छोटे-छोटे बच्चों ने धार्मिक नाटकों और नृत्यों की प्रस्तुति दी। बच्चों ने एक ग्रुप डांस प्रस्तुत कर मंदिर और पाठशाला जाने के लिए प्रेरित किया। शोभा जैन के निर्देशन में दर्शन प्रतिज्ञा नाटक का मंचन किया गया, जो एक मार्मिक और प्रेरक कहानी पर आधारित था। इस नाटक को देखकर सभी दर्शक भावविभोर हो गए। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रोफेसर पी.के. जैन ने किया। यह पूरा कार्यक्रम राकेश जैन वर्धमान मेडिकल और नवीन जैन फैशन पैलेस द्वारा प्रायोजित था। पाठशाला के संचालक मंडल ने सभी से अपने बच्चों को नियमित रूप से पाठशाला भेजने की अपील की, ताकि उन्हें संस्कारवान बनाया जा सके। पर्यूषण पर्व के नौवें दिन यानि की आज शुक्रवार को उत्तम आकिंचन पर्व मनाया जाएगा।

# मूलभूत सुविधा न मिलने से त्रस्त ग्रामीणों ने अपनाया चक्का जाम करने का रास्ता



**जागरण, डिंडोरी।** डिंडौरी के विकास खंड बजाग में मूलभूत का आभाव को लेकर ग्रामीणों के द्वार एस डी एम बजाग राम बाबू देवांगन को कुछ दिन पूर्व मांग पत्र सौपे थे पर समय से 15दिन बीत जाने के बात भी ग्रामीणों को समस्या का निदान होता नहीं दिखा तो,समस्या को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश इतना बढ़ गया की स्टेट हाइवे शहडोल पंडरिया मार्ग पर चक्काजाम कर दिया गया। वहीं जानकारी में बतलाया गया की डिडौरी जिले के बजाग में गुरुवार की सुबह 10 बजे से शहडोल-पंडरिया स्टेट हाईवे पर उत्थान सेवा समिति के सदस्यों ने बजाग नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली,पेयजल,स्वास्थ्य सेवा सहित नेटवर्क की समस्या को लेकर चक्का जाम किया गया है। समिति के सदस्यों ने एक महीने पहले एसडीएम राम बाबू देवांगन को ज्ञापन सौंपा था। जिसके बाद से ना कोई समस्या का निदान हुआ और ना ही उस कार्यवाही ने रफ्तार पकड़ी ।जिस पर क्षेत्रीय ग्रामीण और कार्यवाही समिति के सदस्यों का कहना है कि क्षेत्र में कई बुनियादी समस्याएं हैं। बिजली विभाग की लापरवाही से लगातार बिजली कटौती हो रही है। गांवों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता नहीं है जिससे लगातार टाईफाइड के मरीज बढ़ रहे हैं, स्वास्थ्य सुविधाओं का स्तर गिरता जा रहा है बीएमओ की लापरवाही सरेआम सामने आ रही है, मोबाइल नेटवर्क की कमी से लोगों के काम प्रभावित हो रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था भी चरमराई हुई है।

**इनका कहना है :** हमारे क्षेत्र में मूलभूत सुविधा जैसे बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मोबाइल नेटवर्क की बड़ी समस्या है जिससे हमारे क्षेत्र की जनता परेशान है कुछ दिन पूर्व एस डी एम साहब को क्षेत्र की समस्या को लेकर मांग पत्र दिया गया था जिसमें समय देते हुए मांग पूरा ना होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी गई थी और समय बीत जाने के बाद भी समस्या का कोई निदान होता नहीं दिखा तो मजबूरन बजाग सेवा समिति के द्वारा ये कदम उठाना पड़ा।

**कमलेश पटेरिया**
**सदस्य उत्थान सेवा समिति बजाग**

# त्योहारों पर चौकस रही सुरक्षा व्यवस्था

**छतरपुर ।** त्यौहारों और कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए छतरपुर पुलिस ने जिले में शांति, सुरक्षा, यातायात और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिता डागर के नेतृत्व में छतरपुर नगर में पैदल पेट्रोलिंग की गई। पुलिस अमला नया मोहल्ला से संकट मोचन, बसारी दरवाजा, गांधी चौक, महल तिराहा और छत्रसाल चौक सहित नगर के प्रमुख क्षेत्रों में पहुंचा, जहां आमजन से संवाद स्थापित कर शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की गई। पुलिस ने नागरिकों से शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाने, प्रशासन और पुलिस का सहयोग करने, शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने, शांति भंग करने वाली गतिविधियों की तत्काल सूचना देने और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री या अफवाहें न फैलाने की अपील की। साथ ही, संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को देने का अनुरोध किया गया। जिले के सभी नगरीय और ग्रामीण थाना व चौकी क्षेत्रों में निरंतर पैदल पेट्रोलिंग की जा रही है ताकि सुरक्षा का माहौल बना रहे। शांति समिति की बैठकें मुख्यालय और सभी थाना क्षेत्रों में आयोजित की गई हैं। मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थानों, संवेदनशील क्षेत्रों और बाजारों में पुलिस बल तैनात किया गया है। पैदल पेट्रोलिंग में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, सिविल लाइन निरीक्षक बाल्मिक चौबे, अजाक निरीक्षक बलवीर सिंह, यातायात निरीक्षक बृहस्पति साकेत, महिला थाना प्रभारी प्रतिभा श्रीवास्तव, ओरछा रोड उप निरीक्षक दीपक यादव, नगर के सभी थानों का बल, सशस्त्र बल, पुलिस लाइन और कार्यालय का बल शामिल रहा।

# नियमों की अनदेखी और पारदर्शिता पर सवाल: फर्जी बिलिंग से पंचायत की लाखों रू. की राशि का दुरुपयोग




**जागरण, डिंडोरी ।** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले के जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कंचनपुर में मनरेगा और 15वीं वित्त आयोग की राशि में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने पंचायत के सरपंच, सचिव और उपयंत्री पर फर्जी बिलिंग और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा को ज्ञापन सौंपा है। शिकायत की प्रतियां कमीश्नर जबलपुर, कलेक्टर डिंडौरी, जिला पंचायत सीईओ और जनपद पंचायत सीईओ शहपुरा को भी भेजी गई हैं ।ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में भी सरपंच और सचिव पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सिद्ध हो चुके हैं। जांच के बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी डिंडौरी ने 1 अगस्त 2025 को आदेश जारी कर दोनों से ?5.57 लाख की वसूली का निर्देश दिया था। इसके बावजूद आरोपियों ने उपयंत्री की मिलीभगत से गड़बड़ी जारी रखी ।ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदारों के द्वारा ज्याप नाला विस्तार के नाम पर फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपए निकाले गए। स्टाम्प डेम अनुपयोगी जगह पर बनाया गया, जिससे करोड़ों का नुकसान हुआ। पहले से बने ग्रेवल कार्य को नया दिखाकर भुगतान ले लिया गया। डुण्डीसाई बैगा मोहल्ला में पुलिया निर्माण में घटिया काम कर करीब 9 लाख रुपए आहरित किए गए। हटाए गए कर्मचारी राजेंद्र आर्मो को तालाब निर्माण में भुगतान किया गया। शमशान घाट क्षेत्र की निजी भूमि पर 25 लाख की लागत से तालाब बनाया गया, जो पानी में डूबकर अनुपयोगी हो गया। डुण्डीसरी गांव में वन विभाग की भूमि पर बिना अनुमति 25 लाख का तालाब बनाया गया, जो अधूरा और मानकविहीन है ।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि 15वीं वित्त आयोग की राशि का दुरुपयोग कर बैनर, ग्लास और स्टेशनरी जैसे खर्चों के नाम पर हजारों रुपए सीधे सरपंच-सचिव के खातों में ट्रांसफर किए गए। ग्रामीणों ने बताया कि 15 अगस्त से अब तक ग्रामसभा आयोजित नहीं हुई है, जिससे पारदर्शिता खत्म हो गई है और प्रतिनिधि मनमानी कर रहे हैं।

# शिक्षा का डिजिटल स्वरूप कितना उचित



**मंडला ।** शिक्षकों को सादर प्रणाम करता हूं जिनके अभूतपूर्व योगदान के कारण एक नए समाज का निर्माण हो रहा है। आज के समय की सबसे बड़ी समस्या है शिक्षा का डिजिटल स्वरूप जिसके कारण शिक्षकों का महत्व समाप्त होते जा रहा है आज विद्यार्थी शिक्षक से ज्यादा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्भर होता जा रहा है। जहां से उसे जानकारी तो प्राप्त हो रही है लेकिन उसे अच्छे बुरे का ज्ञान नहीं रह गया है उसके सोचने समझने की शक्ति भी कम होती जा रही है वह अपने दिमाग पर जोर देना ही नहीं चाहता है और सामाजिक और मानसिक रूप से शून्य होता जा रहा है जो कि बहुतभी चिंतनीय विषय है ,यदि हमें अपनी शिक्षा व्यवस्था को सुधारना है और एक अच्छे विद्यार्थी और नागरिकता निर्माण करना है तो हमें इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। आज का विद्यार्थी अपने उद्देश्य से भटक चुका है इसीलिए शिक्षक को चाहिए कि समय समय पर उसे नैतिक शिक्षा भी दी जाए तथा उनकी पढ़ने और लिखने की क्षमता पर ध्यान दिया जाए बजाय सुनने और देखने के ,क्योंकि सुनने और देखने में केवल कुछ समय तक याद रहता है लेकिन पढ़ने और लिखने से हमेशा याद रहता है। आज का बच्चा हर छोटी छोटी बात के लिए गूगल और चैट जी पी टी पर निर्भर होता जा रहा जिससे वह मानसिक रूप से पंगु होता जा रहा। हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा और इस डिजिटल शिक्षा की कुछ सीमाएं तय करनी होंगी क्योंकि इसका एक सीमा तक उपयोग करना ही उचित है इसके कारण बच्चा लिखने और पढ़ने में अक्षम होता जा रहा है। पुनः सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

# एक बगिया मां के नाम तैयार कर घर के बच्चों को भी करें शामिल : प्रतिमा बागरी



## कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां में आयोजित कार्यक म में शामिल हुई राज्यमंत्री

**जागरण, सतना ।** ।नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी शुक्रवार को कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां में 5 दिवसीय प्राकृतिक कृषि पर कृषि सखियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुई। राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती पद्धति में घर के आस-पास एवं घर में उपलब्ध संसाधनों से ही प्राकृतिक खेती के माध्यम से बिना रसायन एवं देशी बीजों का उपयोग करते हुए स्वास्थ्यवर्धक खाद्य उत्पाद तैयार करके स्वयं एवं समाज के लिए उपलब्ध कराने के प्रयास किये जाने चाहिए। इसके साथ ही एक बगिया मां के नाम तैयार कर अपने उपयोग की साग-सब्जी भी उगाई जा सकती है। दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां सतना में नेशनल मिशन ऑन नैचरल फार्मिंग अन्तर्गत कृषि सखियों हेतु 5 दिवसीय प्राकृतिक कृषि पर कृषि तकनीकी प्रबंधन संस्था आत्मा सतना कृषि कल्याण तथा कृषि विकास विभाग सतना एवं कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां के संयुक्त तत्वावधान में आवासीय प्रशिक्षण 1 से 5 सितम्बर तक आयोजित किया गया। जिसमें प्राकृतिक खेती पर सैद्धांतिक एवं प्राकृतिक पहलुओं पर केन्द्र के विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। जिसका समापन कार्यक्रम शुक्रवार को राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी जनपद पंचायत अध्यक्ष रेणुका जायसवाल वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जयनारायण पाण्डेय वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ नवीन कुमार शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

# रामपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सतना।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रामपुर बाघेलान द्वारा पूर्व विधानसभा प्रत्यासी एवम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामशंकर पयासी एवम पूर्व विधायक रामलखन सिंह पटेल के अगुवाई में यूरिया डीएपी खाद जले हुए ट्रांसफार्मर, एवम सोनौरा खेरिया महेबा एवम उमरी में सैकड़ों वर्षों से बसी हुई बस्ती को उद्योग विभाग द्वारा उजाड़े जाने के संबंध में कलेक्टर के नाम एस डी एम को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन सौंपते हुए रामशंकर पयासी ने किसानों को सही दाम में यूरिया डीएपी उपलब्ध कराई जाए एवम अधिकारियों को आगाह किया कि सोनौरा उमरी महेवा एवम खेरिया में सैकड़ों वर्षों से बसी हुई बस्ती को अगर उद्योग विभाग द्वारा उजाड़ा गया तो कांग्रेस पार्टी उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी पूर्व विधायक रामलखन सिंह ने जले हुए ट्रांसफार्मर एवम उद्योग विभाग की जबर्दस्ती को लेकर प्रशासन को चेतावनी दी है ।इस अवसर पर के के कुशवाहा विवेकानंद त्रिपाठी कार्यक्रम के संयोजक संतोष रवि,उमेश शुक्ला संतोष कुशवाहा रोहितकांत सिंह नारेंद्र मिश्रा शोभनाथ सिंह निखिल सिंहतिवारी विनोदशुक्ला रामसिया चौधरी मोलिया बाई कोल सतीश शुक्ला के के गौतम रामदीन कोल तेरसिया कोल छविलाल रवि राजेंद्र पांडेय राजाभैया कोल गजानंद कोल बीरन कोल धीरेंद्र कोल एवम हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# सांदीपनि विद्यालय बगहा में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह आयोजित



**जागरण, सतना।** शासकीय सांदीपनि उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बगहा के शिक्षक विनय कुमार कनौजिया ने बताया की प्रसिद्ध शिक्षाविद, धर्म और दर्शन के अध्येता, देश के पूर्व राष्ट्रपति और महान विचारक के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस सम्मान समारोह के रूप में श्रीमती नमामि सोनकिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और डॉ राधा कृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। तत्पश्चात कुमारी माया गुप्ता और सुभांगी गुप्ता ने गणेश वंदना और नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय की संगीत शिक्षिका पद्मा शुक्ला और शिवाकांत ने भजन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने सभी शिक्षकों के अतुलनीय योगदान को सराहते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र और ले खनी भेंट कर सम्मानित किया। संस्था के प्राचार्य अश्विनी कुमार पाठक व उपप्राचार्य आर पी मिश्रा ने अपने उद्बोधन में अपने विद्यालय की प्रगति और अकादमिक उन्नति की यात्रा को बताते हुए शिक्षकों के अथक परिश्रम और लगन की प्रसंशा की और शिक्षक दिवस के बारे में बताए। विद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथि को कलेक्टर और श्रीमती नमामि सोनकिया का स्केच तथा विद्यालय पत्रिका भेंट की। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं विद्यालय की प्रगति और बच्चों तथा शिक्षकों के समर्पण और उनकी प्रतिभा को देखकर अति प्रसन्न हूं ।मेरी शुभकामनाएं है कि आप इस यात्रा को ऐसे ही जारी रखें। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर रामायण विश्वकर्मा ने तथा आभार उपप्राचार्य आर पी मिश्र जी ने किया।

# शिक्षक की महत्ता युगों-युगों तक कायम रहेगी : राज्य मंत्री

## जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने आयोजित किया वृहद शिक्षक सम्मान कार्यक्रम




**जागरण, सतना।** जिला पंचायत सतना की उपाध्यक्ष और स्थाई शिक्षा समिति की पदेन अध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता डॉ पंकज सिंह परिहार द्वारा शिक्षकों के सम्मान में आयोजित किए गए एक और नवाचार के माध्यम से सतना और मैहर जिले के 272सेवानिवृत हुए शिक्षकों का गरिमामय सम्मान का कार्यक्रम संपन्न हुआ । इस वृहद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में सांसद गणेश सिंह विशिष्टअतिथि के रूप में चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार नगर पालिक निगम सतना के महापौर योगेश ताम्रकार जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल जी, विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश सुखेजा जिले के प्रशासनिक मुखिया कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस उपस्थित रहे । उपस्थित शिक्षकों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सतना सांसद गणेश सिंह महापौर योगेश ताम्रकार कलेक्टर डॉ सतीश कुमार यस सभी ने जिला पंचायत की उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार द्वारा पिछले तीन वर्षों से किये जा रहे लगातार नवाचारों के माध्यम से सतना जिले के स्कूली शिक्षा के स्तर मे सुधार हेतु प्रयास की सराहना करते हुए भूरि -भूरि प्रशंसा की और लगातार ऐसे आयोजनों के लिए हृदय से साधुवाद दिया और शिक्षक को ईश्वर द्वारा इस धरती को प्रदान की गई अनुपम कृति बताया। राज्य मंत्री श्रीमती बागरी ने अपने उद्बोधन में शिक्षक की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक ही ऐसी कृति है जो युगों युगों तक याद की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं सतना सांसद गणेश सिंह ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों के दीर्घायु और उज्जवल भविष्य की कामना किया। योगेश ताम्रकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक ही ऐसा व्यक्तित्व है जो समाज की पीढ़ीयो की चिंता करता है। अपने जमाने में शिक्षक रहे और वर्तमान में जिला पंचायत के अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने जिला पंचायत की उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार द्वारा किए गए इस शिक्षक सम्मान समारोह के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताया । इसके पूर्व कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन और मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलंन और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।

**सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं ने उपाध्यक्ष की कार्यशैली को जमकर सराहा :** अपने स्वागत भाषण में कार्यक्रम की आयोजक और जिला पंचायत सतना कि उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता डॉ पंकज सिंह परिहार ने उपस्थित अतिथियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए उनका हृदय से स्वागत किया और भविष्य में भी इसी तरह के नवाचारों के माध्यम से सतना और मैहर जिले की स्कूली शिक्षा के उन्नयन के लिए लगातार प्रयास करने की बात कही। शिक्षक सम्मान प्राप्त करने वाले सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने स्थाई शिक्षा समिति की सभापति श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहार का हृदय से साधुवाद दिया और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताया। अतिथियों की अतिरिक्त इस गरिमामय में जिला पंचायत के सभापति ज्ञानेंद्र सिंह रमाकांत प्यासी जिला पंचायत सदस्य प्रियंका वर्मा श्रीमती एकता सिंह श्रीमती आरती वर्मा श्रीमती प्रियंका वर्मा जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कंचन श्रीवास्तव जिला समन्वयक विष्णु त्रिपाठी पी आर ओ राजेश सिंह सभी विकास खंडो के विकासखंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक और सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण



**सतना।** कलेक्टर सतना डॉ सतीश कुमार एस ने पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के साथ शुक्रवार को गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन स्थल का मौका निरीक्षण किया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सतना शहर के समीप ट्रांसपोर्ट नगर के कृत्रिम तालाब में नगर निगम द्वारा बनाये गये विसर्जन कृत्रिम कुण्ड का अवलोकन किया। कलेक्टर ने अपील करते हुए कहा कि शहर के ट्रांसपोर्ट नगर में बनाये गये कृत्रिम कुण्ड अत्यंत सुविधाजनक और सुरक्षित होने से प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए अत्यंत उपयुक्त है। अधिक से अधिक शहरवासी गणेश विसर्जन की प्रतिमाओं को विसर्जन करने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर कृत्रिम कुण्ड का उपयोग करे। इसके उपरांत कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों के साथ सतना नदी में जिगनहट देवरा माधवगढ टमस नदी और उचवा टोला सतना नदी के विसर्जन स्थलों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विसर्जन स्थल पर प्रकाश पानी सुरक्षा और साफ-सफाई के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिये गये। इस मौके पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना अपर कलेक्टर विकास सिंह एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# व्यक्ति को संस्कारवान बनाते हैं शिक्षक: गोविन्द



जागरण सम्मान

### शिक्षा समिति जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के द्वारा किया गया आयोजन

### 131 सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया गया सम्मान



**जागरण, सीधी**

देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर जिले भर में शिक्षकों का सम्मान किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत रामपुर नैकिन की शिक्षा समिति के द्वारा चंद्राज मैरिज गार्डन रामपुर नैकिन में पूर्व सांसद गोविंद प्रसाद मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, ऋषिराज मिश्रा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत की अध्यक्षता एवं अंकिता सीएस सिंह सभापति जैव विविधता, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष आनंद बिहारी मिश्रा, जनपद सदस्य महेन्द्र सिंह भदौरिया, अरुण शेखर त्रिपाठी, समाजसेवी संतोष शुक्ला, डॉ. महेन्द्र तिवारी, वरिष्ट शिक्षक केशव प्रसाद पाण्डेय, शंकर प्रसाद मिश्रा, रामसुमिरन द्विवेदी, बलराज सिंह की उपस्थिति में 131 सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पूर्व सांसद गोविंद प्रसाद मिश्रा ने कहा कि समाज में शिक्षक सबसे ज्यादा पूज्यनीय रहे हैं। शिक्षक व्यक्ति को संस्कारयुक्त बनाने का काम करते हैं।

शिक्षकों ने अपने ज्ञान से व्यक्ति को ज्ञानवान, बलवान व देश-दुनिया के बारे में सोचने-समझने, घर परिवार के प्रति आदर-सममान सिखाते रहे हैं। आज हमारा समाज इन्हीं शिक्षकों के द्वारा दिए गए संस्कारों से आगे बढ़ रहा है। हर शिक्षक बच्चों को शिक्षा देना काम नहीं मानते बल्कि अपना कर्तव्य मानते हैं और वह हर बच्चों को पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होने शिक्षा समिति जनपद पंचयत रामपुर नैकिन के पंचायत के उपाध्यक्ष एवं आयोजन समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से जहां एक ओर सेवा निवृत्त शिक्षकों का ऋण चुकाने का अवसर मिलता है वहीं दूसरी ओर शिक्षकों के सम्मान से समाज में नया संदेश जाता है। आज की युवा पीढ़ी शिक्षकों का सम्मान उतना नहीं करती जितना आवश्यक है। प्रत्येक अभिभावकों को अपने बच्चों को संस्कारयुक्त बनाने की नितांत आवश्यकता है। जिससे हमारा समाज अपने पौराणिक संस्कारों को लेकर अगे बढ़ सके। इस अवसर पर जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के उपाध्यक्ष ऋषिराज मिश्रा ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान करने का जो अवसर हमें मिला है उसके लिए मैं अपने सभी सहयोगी साथियों का आभार व्यक्त करता हूं। शिक्षकों का सम्मान करते हुए हम सब अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। आज हम जहां हैं वहां तक पहुंचाने में हमारे गुरुओं ने हम सबका मार्ग प्रशस्त किया है। इस अवसर पर समाजसेवी संतोष शुक्ला, आनंद बिहारी मिश्रा, सेवानिवृत्त शिक्षक शंकर प्रसाद मिश्रा, रोहिणी प्रसाद त्रिपाठी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी सुनील सिंह सीएस ने किया। इस दौरान धनंजय सिंह, संतोष पाण्डेय भरतपुर, विनोद चतुर्वेदी, संतोष पाण्डेय मऊ, उमानिवास मिश्रा, तेजबहादुर सिंह, शीवेन्द्र मिश्रा, रामामणि द्विवेदी, रामायण द्विवेदी, अनिल शुक्ला, गयाशंकर शुक्ला, नागेन्द्र सिंह पार्षद, संजय गुप्ता, सूर्यमणि त्रिपाठी, अंबुज सिंह, अनिल कुशवाहा, राजकुमार सिंह, रमाकांत मिश्रा, उपेन्द्र द्विवेदी, राजन पाण्डेय, ज्योतिरादित्य सिंह, सिंपल सिंह, अरविंद सिंह, रामजी गौतम, निर्भय द्विवेदी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### गीत-संगीत के साथ हुआ शिक्षकों का सम्मान

शिक्षक दिवस के अवसर पर रामपुर नैकिन में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह के अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक मुकुटमणि त्रिपाठी, शिक्षक शैलेन्द्र पाण्डेय एवं सूर्यमणि त्रिपाठी के द्वारा सरस्वती वंदना, गुरु वंदना एवं स्वागत गीत की मनमोहक प्रसतुति दी गई। इस अवसर पर सभी 131 शिक्षकों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उक्त शिक्षक सम्मान समारोह में प्रमुख भूमिका अंकिता सिंह सभापति जैव विविधता जनपद पंचायत रामपुर नैकिन एवं समाजसेवी सुनील सिंह सीएस की रही है। पहली बार जनपद पंचायत रामपुर नैकिन की शिक्षा समिति के द्वारा विकासखंड स्तर पर शिक्षकों का सम्मान किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह में आभार व्यक्त करते हुए समाजसेवी सुनील सिंह सीएस ने कहा कि शिक्षक हम सबको अपने दिए गए संस्कारों व ज्ञान से इस काबिल बनाया है कि आज हम उन शिक्षकों के लिए कुछ कर पाने के लिए सक्षम हुए हैं। उन्होने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि आने वाले वर्षों में यह शिक्षक सम्मान काफी वृहद स्तर पर किया जाए। शिक्षक हमारे समाज के वह व्यक्ति हैं जो व्यक्ति का जीवन संभालने का काम करते हैं और आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

# पति और सास-ससुर पर दहेज प्रताड़ना का मामला हुआ दर्ज

### 6 वर्ष से दहेज में फोर व्हीलर के लिए कर रहे थे प्रताड़ित

**जागरण, सीधी**

दहेज में फोर व्हीलर की मांग को लेकर नवविवाहिता को 6 वर्ष से प्रताड़ित करने वाले पति और सास-ससुर के विरुद्ध बहरी थाना पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। बहरी थाना अंतर्गत ग्राम केशवाही निवासी पूनम द्विवेदी उम्र 30 वर्ष ने रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी वर्ष 2019 में हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार विवेक द्विवेदी पिता राजपति द्विवेदी निवासी केशवाही के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति विवेक द्विवेदी, सास पार्वती द्विवेदी एवं ससुर राजपति द्विवेदी ताना देने लगे कि तुम्हारे माता-पिता ने दहेज कम दिया है। जब उन्हें पीड़िता द्वारा बताया जाता कि उसके माता-पिता की आर्थिक स्थिति कमजोर है। अपनी हैसियत के अनुसार उनके द्वारा दहेज दिया गया। जिस पर तीनों आरोपी फोर व्हीलर गाड़ी, फ्रिज एवं वासिंग मशीन दहेज में लाने की मांग करते हुए धमकी देते कि तुम्हें घर से निकाल देंगे। इनकी प्रताड़ना की शिकायत पीड़िता अपने माता-पिता एवं भाई-भाभी से करती थी। कई बार मायके पक्ष के लोग ससुराल आकर समझाने का प्रयास भी करते फिर भी कोई सुधार नहीं हुआ। माता-पिता भी पीड़िता को समझाते थे कि कुछ दिन में सब ठीक हो जाएगा। लेकिन दहेज प्रताड़ना का सिलसिला लगातार गंभीर होता गया। इनके द्वारा तलाक लेने की धमकी भी शुरू कर दी गई। आखिर परेशान होकर पीड़िता 4 नवंबर 2024 को अपने मायके ग्राम लौआ, थाना बहरी आ गई। पीड़िता का कहना है कि आरोपी पति विवेक द्विवेदी द्वारा कई बार कुल्हाड़ी से जान लेने का प्रयास किया गया। काफी शारीरिक प्रताड़ना भी दी जा रही थी। लेकिन लोक-लज्जा के चलते वह 6 वर्ष से सबकुछ सहन कर रही थी। ससुराल पक्ष के लोगों ने घर से निकालते समय पीड़िता के सभी जेवर भी रखवा लिए और धमकी दिया कि अब यहां दोबारा नहीं आना। जिसके बाद पीड़िता आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए करीब दो महीने से बहरी थाना, महिला थाना सीधी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी का चक्कर लगा रही थी। जिसके बाद तीनों आरोपियों के विरुद्ध बहरी थाना में अपराध क्रमांक 0553/2025, धारा 85 बीएनएस एवं 3, 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## न्यूज कार्नर

### विवेकानंद एकेडमी छुही में शिक्षक दिवस कार्यक्रम आयोजित



**जागरण, मझौली।** जिले के मझौली जनपद शिक्षा केन्द्र अन्तर्गत स्थित हायर सेकंडरी स्कूल स्वामी विवेकानंद एकेडमी छुही ताला में प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के रूप मनाये जाने वाले शिक्षक दिवस की अगुआयी में विद्यालय में श्एक दिन का शिक्षक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के वरिष्ठ विद्यार्थियों ने एक दिन शिक्षक के रूप में कार्य किया। एक दिन के शिक्षकों द्वारा अपने छोटे भाई-बहनों की कक्षाओं में विभिन्न विषय पढ़ाए गए व शिक्षक के रूप में कार्य करने का अनुभव प्राप्त किया गया जिनका मूल्यांकन विद्यालय के नियमित शिक्षकों द्वारा किया गया। एक दिन के शिक्षकों द्वारा शिक्षण प्रशिक्षण में काफी अच्छा प्रदर्शन किया गया। शिक्षकगणों द्वारा इनकी सराहना की गई व इनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। जिसमें विद्यालय संचालिका नेहा गुप्ता, प्राचार्य सुरेन्द्र द्विवेदी उपप्राचार्या कीर्ति द्विवेदी व शिक्षक-शिक्षिकाएं रमाशंकर सोनी, सुषमा सोनी, मानसी सुनानिया, नीलम तिवारी, निधी मिश्रा, अनिल सेन, अंकित गुप्ता, वर्षा द्विवेदी, नैनिका द्विवेदी, नेहा सोनी, स्वर्णिमा सिंह, संध्या सोनी, स्वाती मिश्रा, संध्या गुप्ता, राशी सिंह, दीक्षा सिंह, शिल्पा पनिका, लालजी गुप्ता, अंकिता गुप्ता, समीक्षा गिरी, शिक्षा गिरी, स्वाति त्रिपाठी सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### लापता नाबालिग किशोरी सकुशल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी जमोड़ी उपनिरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना जमोड़ी पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए एक लापता नाबालिक किशोरी को केवल एक सप्ताह में जिला सागर से सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया एवं किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। 28 अगस्त को किशोरी के परिजनों ने थाना जमोड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिक पुत्री घर से लापता है। परिजनों द्वारा आसपास एवं रिश्तेदारों में तलाश करने पर भी कोई पता नहीं चल सका। साथ ही रिपोर्ट में यह भी आशंका व्यक्त की गई थी कि कोई व्यक्ति किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया है। थाना प्रभारी द्वारा एक विशेष पुलिस टीम गठित कर खोजबीन प्रारंभ की गई। टीम ने तकनीकी व मानवीय स्रोतों का उपयोग कर अथक प्रयास किए और मात्र एक सप्ताह में ही किशोरी का पता लगाकर उसे जिला सागर से सकुशल दस्तयाब किया। आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लेकर थाना लाया तथा विधिक कार्रवाई उपरांत न्यायालय में पेश किया गया। इस सफलता में उपनिरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी थाना प्रभारी जमोड़ी, उपनिरीक्षक वर्षा यादव, प्रधान आरक्षक गुरुप्रसन्न सिंह, प्रधान आरक्षक आशीष का विशेष योगदान रहा।

### जामा मस्जिद मड़वास में शांतिपूर्ण मनाई गई ईद मिलादुन्नबी



**जागरण, सीधी।** नवी मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार मनाया गया। इसी कड़ी में मड़वास के मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा धूमधाम के साथ ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार मनाया गया। इस मौके पर लोगों की भारी संख्या मे उत्साह देखा गया मड़वास के नूरी इफ्तेखारी नौजवान अहले सुन्नत नवयुवक कमेटी के द्वारा जामा मस्जिद को बहुत खूबसूरती के साथ सजाया गया। कमेटी द्वारा सभी घरों पर इस्लामिक झंडा लगाया गया। जुलूस का कार्यक्रम जामा मस्जिद से चलकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मड़वास तक जुलूस निकाला गया। फिर इसके बाद वापस आकर जामा मस्जिद पर पहुंचकर दुआ फतिया मिलाद शरीफ व सलातो सलाम पढ़ी गई जुलूस में नाते पाक पढ़ी गई। सत्य अहिंसा के मार्ग पर अपनी जिंदगी को गुजरने और मुस्लिम समाज के लोगों को आपसी भाईचारे की नसीहत देने वाले आखिरी पैगंबर मोहम्मद साहब थें, उनके बताएं मार्ग पर मुस्लिम समाज को जीवन गुजारने की गुजारिश की गई है।

### शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**जागरण, सीधी।** सांसद राजेश मिश्रा के संरक्षण में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमर्जी में 5 सितम्बर को शिक्षक सम्मान समारोह एवं वरिष्ठ नागरिक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर मणिकूट समाज सेवी संस्थान, बिठौली एवं विद्यालय परिवार के संयुक्त तत्वावधान में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। सांसद दिल्ली प्रवास के कारण उपस्थित नहीं हो पाए, किन्तु उनके द्वारा भेजे गए शुभकामना संदेश का वाचन विद्यालय के शिक्षक देवनरायन गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार एवं समाजसेवी डॉ. श्रीनिवास शुक्ल सरस रहे। अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य केपी पटेल ने की तथा संचालन डॉ. कमलापति गौतम शिक्षक एवं साहित्यकार ने किया। सीधी जिले की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबीता खरे किसी सरकारी कार्य के सिलसिले में भोपाल प्रवास पर होने के कारण समारोह में उपस्थित नहीं हो सकीं, किंतु उन्होंने अपने शुभकामना संदेश प्रेषित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. श्रीनिवास शुक्ल सरस बालिकाओं की प्रस्तुति से अत्यंत प्रसन्न हुए और उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप मिठाई वितरण हेतु 2100 रुपये की राशि प्रदान की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का शाल-श्रीफल से सम्मान तथा कार्यरत शिक्षकों का प्रशस्ति पत्र से सम्मान किया गया। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया और निःशुल्क दवाइयों का लाभ लिया। मेडिकल बोर्ड में डॉ. कमलभान प्रजापति, डॉ. हिमेश पाठक, डॉ. रविशंकर पटेल, डॉ. राजेश कोल चिकित्सक, अमित सिंह एवं पुष्पेन्द्र शुक्ला कार्यक्रम प्रबंधक, संजय तिवारी फार्मासिस्ट तथा आदित्य कुमार वर्मा लेब तकनीशियन रामराज कुशवाहा सहायक ग्रेड 3 उपस्थित रहे।

# बैंक एवं एटीएम की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस की बैठक आयोजित



**जागरण, सीधी।** जिले में बैंक और एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव ने की। बैठक में उपस्थित सभी बैंक प्रबंधकों को सुरक्षा संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए और बताया गया कि बैंक सुरक्षा केवल वित्तीय संस्थानों की जिम्मेदारी ही नहीं है, बल्कि आमजन के विश्वास और उनकी जीवनभर की पूँजी की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। इसलिए प्रत्येक बैंक शाखा को सुरक्षा प्रबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देश के तहत प्रत्येक बैंक शाखा में उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, बैंक परिसर में सशस्त्र गार्ड की उपस्थिति अनिवार्य रहे, एटीएम बूथों पर 24 घंटे सुरक्षा गार्ड की तैनाती सुनिश्चित की जाए, बैंक के प्रवेश द्वारों पर मेटल डिटेक्टर और बैग स्कैनर जैसे आधुनिक सुरक्षा उपकरण लगाए जाएं, बैंक और एटीएम में सायरन एवं अलार्म सिस्टम अनिवार्य रूप से क्रियाशील स्थिति में रहें, बैंक स्टाफ को समय-समय पर सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया कर सकें, बैंक खाताधारकों को समय-समय पर साइबर सुरक्षा एवं धोखाधड़ी से बचाव संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाए, बैंक से नकदी ले जाने एवं जमा करने की प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। बैठक में शामिल अधिकारी एवं बैंक प्रबंधक में डीएसपी मुख्यालय अमन मिश्रा, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल, लीड बैंक प्रबंधक, शहर के समस्त बैंक शाखाओं के प्रबंधक। बैठक के अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने सभी बैंक प्रबंधकों को चेतावनी देते हुए कहा कि सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित शाखा प्रबंधक को उत्तरदायी माना जाएगा।

### सेमरिया में मिलादुन्नबी की झांकी निकाली गई



**जागरण, सेमरिया।** सेमरिया में मिलादुन्नबी के अवसर पर धूमधाम से झांकी निकाली गई। जानकारी के मुताबिक पूरे सेमरिया बाजार में रैली निकाली गई। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने कड़ी व्यवस्था की थी। पुलिस की मौजूदगी में झांकी निकाली गई। मिलादुन्नबी के अवसर पर निकाली गई झांकी में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस पवित्र अवसर को मनाया।

# भुईमाड़ में कन्या भोज के साथ भंडारे का हुआ आयोजन

### हवन एवं कन्या भोज के बाद हुआ भंडारे का आयोजन



**जागरण, सीधी**

जिले के कुशमी ब्लाक के शुक्रवार को भुईमाड़ मेन चौराहे मे स्थित गणेश पंडाल में गणेश उत्सव के तहत हवन और कन्या भोज के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। नवयुवा गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश भगवान की विधिपूर्वक पूजा और हवन से हुई। हवन में उपस्थित लोगों ने अपनी इच्छाओं और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए आहुतियां अर्पित की। इस धार्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य न केवल भगवान गणेश की कृपा प्राप्त करना थाए बल्कि समाज में धार्मिक और सामाजिक सामंजस्य को भी बढ़ावा देना था। हवन के बाद, कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की कन्याओं को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। उन्हें स्वादिष्ट पकवान परोसे गए और यह आयोजन कन्याओं के प्रति आदर और प्रेम प्रकट करने का एक तरीका था। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं को भोजन प्रदान किया गया। भंडारे में विभिन्न प्रकार के पकवानों का आयोजन किया गया, जिससे सभी उपस्थित लोग तृप्त हुए और आयोजन की भव्यता को सराहा। बता दें कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल धार्मिक विश्वास मजबूत होता है, बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग की भावना भी प्रबल होती है। नवयुवा गणेश उत्सव समिति ने इस आयोजन को सफल बनाकर समाज में एक सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया हैं। बता दें कि भुईमाड़ क्षेत्र में एक जगह पर गणेश प्रतिमा स्थापित किये गये हैं। आज सोनगढ़ खर्रा घाट में मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा। बता दें कि खर्रा घाट सोनगढ़ गोपद नदी मे सिंगरौली जिले के सरई क्षेत्र की मूर्तियां विसर्जित होने आती हैं। जहाँ दो जिलों की पुलिस व राजस्व टीम उपस्थित रहकर मूर्तियां विसर्जित करवातें हैं।

### गंधर्व संगीत उत्सव का आयोजन, सीधी में ऑडिशन 20 को

**जागरण, सीधी।** विंध्य में पहली बार संगीत की सभी विधाओं को एक साथ संगीत प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया जा रहा है। गंधर्व संगीत उत्सव 2025 के लिए सीधी में 20 सितंबर को आडिशन होगा। विंध्य के सुविख्यात गायक ओम प्रकाश गंधर्व निर्देशन द वायस म्यूजिक एकाडमी ऑर्केस्ट्रा एवं संगीत विद्यालय रीवा द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में सुगम गायन, शास्त्रीय गायन, लोकगायन, ताल वादन, स्वर वादन, पाश्चात्य नृत्य, शास्त्रीय नृत्य और लोक नृत्य विधा में प्रतियोगिता होगी। कुल 33 विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं अवार्ड के साथ आयोजन प्रारूप के अनुसार कुल 51 हजार की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता का पहला ऑडिशन 20 सितंबर को सीधी, 21 सितंबर को सतना और 5 अक्टूबर को रीवा में होगा। सेमी फाइनल 11 अक्टूबर को फाइनल एवं अवार्ड शो 12 अक्टूबर को मुख्य अतिथि राजेन्द्र शुक्ल उप मुख्यमंत्री मप्र की उपस्थिति में कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम रीवा में संपन्न होगा।

### विश्वविद्यालय स्थापना हेतु धरना प्रदर्शन 9 को

**जागरण, सीधी।** संजय गांधी कॉलेज सीधी, जीडीसी कॉलेज सीधी एवं अन्य स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा 9 सितंबर को सीधी जिले में विश्वविद्यालय स्थापना हेतु धरना प्रदर्शन कलेक्ट्रेट चौराहे के पास सुबह 10 बजे से किया जाएगा। सीधी मांगे विश्वविद्यालय टीम के सदस्य इंद्रलाल ने बताया कि यह कार्यक्रम पहले 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर होना था लेकिन जिला प्रशासन की अनुमति के वजह से अब 9 सितंबर को धरना प्रदर्शन होगा और छात्र-छात्राओं से सम्मिलित होने की अपील की है।

### जिले में औसत वर्षा 1155 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा बहरी में

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 5 सितम्बर को सीधी जिले में 7.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 16.5 मि.मी., चुरहट 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 3.2 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 11.0 मि.मी., मझौली में 9.0 मि.मी. और कुसमी में 11.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 1155 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 05 सितम्बर तक तहसील बहरी में सर्वाधिक वर्षा 1275.1 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 919, चुरहट में 1073.0, गोपद बनास में 1209.6, सिहावल में 1198.6 मि.मी., मझौली में 1252.0 मि.मी. और कुसमी में 1158.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 1080.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 65.5 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# हवन, कन्या भोज के साथ हुआ भंडारे का आयोजन

### जिले भर में गणपति बप्पा के भक्तों में दिखा उत्साह

### आज अनंत चतुर्दशी को नम आंखों से दी जाएगी विदाई



**जागरण, सीधी**

जिले भर में 10 दिवसीय गणेशोत्सव की धूम के बीच आज जगह-जगह हवन, कन्या भोज एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। गणेश प्रतिमा स्थलों में सुबह से ही वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजन के बाद हवन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया। दोपहर बाद से हर जगह विशाल भंडारा का आयोजन शुरू हो गया। श्रद्धालुओं की भीड़ प्रतिमा स्थल पर पूजा-अर्चना एवं प्रसाद लेने के लिए उमड़ पड़ी। दरअसल गणेशोत्सव का शुभारंभ होने के बाद से ही भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा था। पंडालों के साथ ही काफी संख्या में भक्तों द्वारा अपने घरों में भी गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई थी। श्रद्धालुओं द्वारा लगातार प्रतिमा स्थल में पूजा-अर्चना के साथ ही भजन कीर्तन के आयोजन किए जाते रहे। गणेशोत्सव में सबसे ज्यादा भागीदारी महिलाओं की बनी हुई थी। जहां भी गणेश प्रतिमाएं स्थापित थी वहां महिलाओं की भीड़ सबसे ज्यादा बनी हुई थी। सीधी शहर में तो गणेशोत्सव के दौरान शाम को महिलाओं की टोलियां प्रतिमा स्थल में पहुंचकर गणपति बप्पा मोरया की आराधना करती रहीं। काफी महिलाएं ऐसी भी थीं जो कि प्रतिमा स्थल में भजन-कीर्तन में भी अपनी सहभागिता प्रदर्शित कर रही थीं। शनिवार को अनंत चतुर्दशी को गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। गणेशोत्सव का अंतिम समय आ जाने के कारण गजानन की भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं में मायूशी भी देखी जा रही है। उनके द्वारा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन पवित्र जलाशयों एवं नदियों में अपने-अपने क्षेत्रों में किया जाएगा। सीधी शहर में नगर पालिका परिषद की ओर से उत्कृष्ट विद्यालय के खेल मैदान में अस्थाई रूप से जल कुंड की व्यवस्था की गई है। जिससे श्रद्धालु गणेश प्रतिमाओं को लाकर यहां आसानी के साथ विसर्जित कर सकें। साथ ही घर में स्थापित छोटी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर पालिका की ओर से चलित जल कुंड भी मोहल्लों में भेजने की व्यवस्था बनाई गई है। इसके अलावा भी सोन नदी की गऊघाट, कोलदहा, जोगदहा, भंवरसेन घाट, गोपद एवं बनास नदी में भी काफी संख्या में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। यहां भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही बड़ी नदियों में मोटर वोट एवं गोताखोरों की व्यवस्था भी बनाई गई है।

### गणेश प्रतिमाओं में भंडारे का हुआ आयोजन



जिले के साथ मझौली क्षेत्र में भी विगत 27 अगस्त से बड़े धूमधाम से गणेश उत्सव का पर्व मनाया जा रहा था जहां घरों एवं पंडालों में भक्तगण गणेश प्रतिमा स्थापित कर भक्ति भावना से पूजा अर्चना में जुटे हुए थे। पूरा क्षेत्र गणपति बप्पा मोरया के मंगल गीतों से गुंजायमान हो रहा था। वे गीतों की वह ध्वनि भण्डारे के साथ आज 5 सितंबर से रुक सी गई। समूचे मझौली क्षेत्र सहित नगर परिषद मझौली क्षेत्र में दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा प्रतिस्थापित नगर परिषद पार्षद वार्ड क्रमांक 6 पुरानी गल्ला मण्डी, मेंन मार्केट तिराहा राम मंदिर, शंकर मंदिर, भैसवाही मिश्रा मुहल्ला के प्रतिस्थापित गणेश प्रतिमाओं में कल 5 सितंबर को भण्डारा आयोजित किया गया। वहीं जो विगत दो वर्षों से जो नवाचार के रूप में देखने को मिल रहा है। कृषि विभाग कार्यालय में प्रतिस्थापित गणेश प्रतिमा में आज 6 सितम्बर को भंडारा आयोजित किया जाकर गणेश विसर्जन किया जाएगा। बताते चलें कि नित्य नए कार्यक्रम आयोजित किया जाकर उत्साह पूर्वक गणेश उत्सव विगत 27 अगस्त से मनाया जा रहा था। जहां बड़े-बुजुर्गों एवं भक्तगणों के साथ बाल व युवा मंडली के लोगों में काफी उत्साह, उमंग साथ नित्य-नाट्य एवं अन्य विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का प्रदर्शन कर बड़े हर्षोल्लास पूर्वक गणेश उत्सव मना खुशियों को जाहिर कर रहे थे जिनके चेहरों में मायूसी और उदासी देखी गई है। कल 6 सितंबर को नाम आंखों से गजानन को पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के साथ बनास नदी के कठबगला घाट, महान नदी मझौली, बेल्हा बांध, टिकरी नदी, गोपद नदी में बनाए गए विसर्जन स्थल, सेहडा नदी आदि में विसर्जित किया जाएगा।

# माधवनगर को पुनः मिली 35.65 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात



**जागाण, कटनी।** माधवनगर क्षेत्र के नागरिकों के लिए शुक्रवार का दिन खुशी लेकर आया जब गणेश विसर्जन पर्व पर नगर निगम द्वारा क्षेत्र में 35 लाख 65 हजार रुपए की लागत से कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने हेमू कालाणी वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सुमन राजू माखीजा एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, गोविंद चावला, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद उमेन्द्र अहिरवार, श्रीमती वंदना राजकिशोर यादव, शकुंतला सोनी पूर्व पार्षद राजू माखीजा, कमलेश चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।

## इन स्थलों पर होंगे विकास कार्य

हेमू कालाणी वार्ड में जिन विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया है उनमें एमईएस कालोनी में शोभा दीदी के घर से गंगाराम कटारिया के घर तक 12.20 लाख रुपए से सीसी रोड निर्माण, जेठानंद गली में 15.49 लाख रुपए से सीसी रोड निर्माण सहित विजय जगवानी के घर से विजय राजपूत के घर तक रोड के दोनों तरफ 7.96 लाख रुपए से पेवर ब्लाक फ्लोरिंग का कार्य शामिल है। उल्लेखनीय है कि गुरूवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा माधवनगर के संत कवरराम वार्ड में 37 लाख 47 हजार रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन नागरिकों को सौगात दी थी।

## नागरिकों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए हो रहे विकास कार्य-महापौर

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम लगातार नागरिकों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान कर रहा है। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने अपने संबोधन में कहा कि नगर के समुचित विकास के लिए निरंतर सहयोग केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की ओर से मिल रहा है। आगामी समय मैं नगर में जो भी विकास की कमी है उन्हें भी जल्द ही पूर्ण करने के प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान उन्होनें विकास कार्यों को तय गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए।

## मिलेगा स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण-क्षेत्रीय पार्षद

क्षेत्रीय पार्षद सुमन माखीजा ने बताया कि इन विकास कार्यों के पूरा होने से हेमू कालाणी वार्ड के साथ साथ संपूर्ण माधवनगर का स्वरूप और निखरेगा तथा क्षेत्र के निवासियों को स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण प्राप्त हो सकेगा।

## भगवान झूलेलाल का पूजन अर्चन कर महापौर ने लिया आशीर्वाद

भूमिपूजन कार्यक्रम के पूर्व महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा वार्ड स्थित भगवान झूलेलाल के मंदिर में जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय जनों के साथ श्रद्धा एवं भक्ति भाव से पूजन अर्चन कर नागरिकों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान वार्डवासियों द्वारा महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी का पुष्प गुच्छ श्रीफल एवं शाल भेंट कर स्वागत किया जाकर उनके उज्वल राजनैतिक भविष्य की कामना करते हुए विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए वार्ड विकास में इसी तरह सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया।

# अधिक भोग सामग्री का संचय करना दुख का कारण बनता है-मुनिश्री



**कटनी।** दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति के द्वारा आयोजित दशलक्षण पर्व कें नौवे दिन जैन बोर्डिंग हाउस में प.पू.मुनिश्री पदम सागर जी महाराज ने उत्तम अकिंचन धर्म पर चर्चा करते हुये बतलाया परिग्रह के प्रति आकर्षण या द्वेष उनकी चिंता करना यह दुख का कारण है उससे मुक्त होने के लिए अकिंचन धर्म का पालन करना चाहिए 24 प्रकार के परिग्रह होते है, मुनिश्री ने आगे कहा कि सभी प्रकार के विकारी भाव के परिग्रह की श्रेणी में आते है और परिग्रह का सम्पूर्ण त्याग मुनिराज ही करते हैं और गृहस्थ जीवन में जितनी भी तृष्णा घट सकती है उसें घटना चाहिये। उन्होने उदाहरण देते हुये कहां कि जैसे छोटी से फांस जैसे शरीर में चुभ जाती है तो वह भी दुखदायी होती है। इस भौतिकवादी युग में अधिक भोग सामग्री का संचय करना दुख का कारण बनता है। अतः परिग्रह को हटाकर अपरिग्रहिय बने तभी आपका जीवन सुखमय शांतिमय होगा। शांतिधारा करने का एवं अर्घ्य चढ़ाने का सौभाग्य मनीष जैन बड्डे जैन मिलन कटनी एवं रूंगटा कॉलोनी जैन मंदिर के श्रावक श्राविकाओं प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी डॉ.संदीप जैन द्वारा किया गया। पंचायत महासभा के अध्यक्ष संजय जैन, मंत्री विन्नी जैन एवं चर्तुमास महोत्सव समिति के संयोजक सि.पंचम जैन, अरविद्र जैन कोयला ने बतलाया कि उपवास करने वाले श्रद्धलुजनों का पाणना जुलूस प्रातः 8 बजे महावीर कीर्ति स्तंभ से प्रारंभ होकर, जवाहर चौक, कपड़ा बाजार, सुभाष चौक, मेन रोड़ स्थित जैन मंदिर के दर्शन के उपरांत समापन जैन बोडिंग हाउस में परिसर में होगा।

# आज मांसाहारी पदार्थों का क्रय-विक्रय रहेगा प्रतिबंधित

**कटनी।** आगामी पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा शनिवार 6 सितम्बर को निगम सीमा क्षेत्र में स्थित समस्त पशु वध ग्रह एवं चिकन, मांस मटन एवं मछली विक्रय की दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान होटल बंद रखने के निर्देश निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को दिए हैं। आयुक्त के निर्देशों के पालन में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर के समस्त चिकन मटन व्यापारियों को सूचना पत्र जारी करते हुए शनिवार 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी एवं पर्यूषण पर्व का अंतिम दिवस होनें के कारण नगर के चिकन मटन के प्रतिष्ठान और होटल बंद रखने के निर्देश प्रदान करते हुए आदेश का कड़ाई से पालन कराने को कहा गया है।


**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **(1) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-135-2025, दिनांक: 02/09/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सीनियर डिविजनल इंजीनियर (उत्तर), जबलपुर के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत विविध दो कार्य (i) सेस को चौड़ा करना / सेस की मरम्मत (ii) विभिन्न ट्रैक नवीनीकरण कार्यों के संबंध में जल निकासी की व्यवस्था/जल निकासी में सुधार। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹12,36,29,440/- **बयाना राशि:** ₹ 7,68,200/- **समापन अवधि:** 12 माह **(2) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-136-2025, दिनांक: 03/09/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (मुख्यालय)/जबलपुर के अन्तर्गत तीन विविध कार्यः भाग-1: सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर उपमंडल के अन्तर्गत जबलपुर में अपर लाइन पर विद्युत उपकेंद्र की व्यवस्था। (कार्य का हिस्सा:- जबलपुर में विद्यमान उपकेंद्रों का संशोधन एवं उन्नयन।) भाग-2: सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के अन्तर्गत बजरंग कॉलोनी में आर.बी.-II/397 के पास 11 के. वी./440 वोल्ट का उपकेंद्र का निर्माण। (कार्य का हिस्सा:- जबलपुर में विद्यमान उपकेंद्रों का संशोधन एवं उन्नयन।) भाग-3: सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर उपमंडल के अन्तर्गत मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर में परिचालन हाल (Operating Hall) की मरम्मत एवं सुधार। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹89,85,182/- **बयाना राशि:** ₹ 1,79,700/- **समापन अवधि:** 11 माह **(3) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-137-2025, दिनांक: 03/09/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/ पश्चिम/ जबलपुर के अधीन दो विविध कार्य। 1. बीना-कटनी:- एल.सी. क्रमांक 52 और 62 के बदले मे रोड कवर शेड एवं सम्प और पंप के साथ एल.एच.एस. का निर्माण। 2. बीना-कटनी:- एल.एच.एस. क्रमांक 52 और 62 पर जल निकासी व्यवस्था आदि में सुधार। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹9,17,60,846/- **बयाना राशि:** ₹ 6,08,800/- **समापन अवधि:** 12 माह **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि का समय 15.00 बजे तक:** टेंडर नं. 1, 2 व 3 के लिए तिथि- 26.09.2025 **निविदा खुलने की अंतिम तिथि का समय 15:15 बजे:** टेंडर नं. 1, 2 व 3 के लिए तिथि- 26.09.2025. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


# जीएसटी टीम ने चार वाहन पकड़े बिना बिल के माल जब्त



**कटनी।** जीएसटी सर्किल 2 की टीम ने टैक्स चोरी की रोकथाम के लिए की गई कार्रवाई में चार वाहनों को पकड़ा है। टीम को लगातार शिकायत मिल रही थी कि कटनी से जबलपुर बिना बिल के बड़ी मात्रा में गुड्स भेजे जा रहे हैं। इसी पर कार्रवाई करते हुए पन्ना मोड़ के पास चार वाहनों को रोका गया। इन वाहनों में पान मसाला, परचून सामग्री सहित अन्य माल लोड पाया गया। टीम ने प्रारंभिक जांच में पाया कि सामान बिना वैध बिल व दस्तावेजों के परिवहन किया जा रहा था। मामले में आगे की जांच जीएसटी सर्किल 2 की टीम कर रही है। इस कार्रवाई से टैक्स चोरी में लिप्त कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# पुलिस लिखी गाड़ी से 25 पेटी शराब जब्त



**कटनी।** कटनी में शराब तस्करी का काला खेल एक बार फिर उजागर हुआ है। संत नगर में शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक लक्जरी कार से करीब 25 पेटी शराब जब्त की है। इन पेटियों में बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब भी शामिल है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह कार कोई आम वाहन नहीं थी, बल्कि उस पर बड़े अक्षरों में पुलिस लिखा हुआ था। विशेषज्ञों का मानना है कि अंग्रेजी शराब की प्रत्येक पेटी पर बैच नंबर दर्ज होता है। यदि पुलिस गंभीरता से जांच करे तो यह आसानी से स्पष्ट हो सकता है कि शराब की सप्लाई किस दुकान या गोदाम से हुई थी। वहीं कोतवाली पुलिस ने पूरे मामले में कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है और आगे की जांच जारी है। कटनी पुलिस की इस कार्रवाई ने शराब माफिया के हौसलों पर लगाम जरूर लगाई है लेकिन साथ ही यह भी उजागर किया है कि तस्करी का यह कारोबार कितनी गहराई तक फैला हुआ है और इसमें कहीं न कहीं सिस्टम की मिलीभगत भी सामने आ सकती है।

## करंट हादसे में किसान की मौत, बिजली विभाग की लापरवाही उजागर

**कटनी।** कैलवारा कला गाँव में शुक्रवार को करंट लगने से किसान बिहारी लाल पटेल की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि खेत में बिजली विभाग का तार टूटा हुआ पड़ा था जिसकी सूचना ग्रामीणों ने विभाग को दी लेकिन कई बार बताने के बाद भी कोई अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुँचा। ग्रामीणों के अनुसार मृतक किसान का शव करीब दो घंटे तक खेत में पड़ा रहा लेकिन सरकारी अमला मौके पर नहीं पहुँचा। इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कैलवारा, झुरही रोड की यही स्थिति है, न तो बिजली विभाग नए खंभे लगाने की जहमत उठा रहा है, न ही सरपंच इस समस्या की सुध ले रहे हैं और न ही जनप्रतिनिधियों को चिंता है। ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली विभाग से तत्काल कार्रवाई कर मृतक किसान के परिजनों को उचित मुआवजा देने और क्षेत्र की जर्जर बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।

# गणेश विसर्जन पर्व के दौरान कटाएघाट एवं अमीरगंज तालाब में प्रतिमाओं का विसर्जन प्रतिबंधित

**कटनी।** मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण भोपाल की गाइडलाइन व शांति समिति में लिए गया निर्णय के परिपालन में गणेश विसर्जन पर्व के दौरान कटाएघाट एवं अमीरगंज तालाब में प्रतिमाओं का विसर्जन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा एक आदेश जारी करते हुए कटाएघाट एवं अमीरगंज तालाब में प्रतिमाओं के विसर्जन पर सख्ती से रोक लगाने हेतु अलग अलग प्रभारी नियुक्त किया जाकर तीन शिफ्ट में 6-6 कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। निगमायुक्त श्री दुबे ने गणेश समिति के पदाधिकारियों एवं नागरिकों से प्रतिबंधित स्थलों में प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं करने तथा चिन्हित कृत्रिम कुंडों में ही प्रतिमाओं का विसर्जन कर पर्यावरण संरक्षण में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं.: No. JHS/Commercial/e-Auction/25/133 दिनांकः 03.09.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) - झाँसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

| श्रेणी : प्रचार | केटलोग संख्या : JHS-ADVERTIS-15 |
|---|---|

**एसेट्स डिटेल्सः** (1) RDN नॉन-डिजिटल LED FLANGE मीडिया द्वारा विज्ञापन का ठेका VGLJ, MRA, LAR, KURJ, TKMG_stations. (2) RDN नॉन-डिजिटल मीडिया द्वारा विज्ञापन का ठेका MRPR, NEW, stations. (2) RDN डिजिटल मीडिया द्वारा विज्ञापन का ठेका CKTD, KURJ, BNDA & MBA stations. (4) स्टेशनों के (Circulating Area) में 'आउट ऑफ होम' के अंतर्गत विज्ञापन का ठेका of KURJ, DBA, MRA, MCSC Stations.

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय** : दिनांक 18.09.2025 को समय- 11:00 से

**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय** : दिनांक 18.09.2025 को समय- 13:50 तक

**नोट-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट- **www.ireps.gov.in** के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **1600/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# भगवान श्री गणेश की महाआरती में कलेक्टर हुए शामिल



**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने गुरुवार की देर शाम कटनी शहर के गणेश चौक पहुंच कर यहां श्री विघ्न विनाशक गणेश मंदिर में विराजे विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश का सपरिवार दर्शन. पूजन किया और महाआरती में शामिल हुए। कलेक्टर श्री यादव ने सुख और समृद्धि के दाता भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर जिले की खुशहाली और समृद्धि के लिए मंगल कामना की। इसके पूर्व श्री विघ्न विनाशक गणेश उत्सव समिति गणेश चौक द्वारा कलेक्टर श्री यादव के यहां पहुंचने पर समिति की ओर से ओढ़नी पट्टा भेंट कर स्वागत किया गया। कलेक्टर ने प्रार्थना की भगवान श्री गणेश की कृपा से सभी जिलेवासियों के जीवन में सुख समृद्धि आए। गणेश चतुर्थी से स्थापित देवताओं में प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश की पूजा आराधना में पूरा जिला ही धर्म, आध्यात्म, आस्था, श्रद्धा और भक्ति में लीन हैं।


**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**

**लोक निर्माण विभाग, ( भ./स. ) संभाग क्रमांक-1 रीवा**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 15/ब.ले.लि./निविदा/2025-2026 रीवा, दिनांक 29/08/2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र-अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (रु.लाख में) | 1-अमानत राशि 2-निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1-निविदा आमंत्रण क्र. 2-कार्यवधि सहित/छोड़कर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PWDRB 448104 | सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रीवा में विभिन्न मरम्मत कार्य | 47.18 | 1-50000.00 2-5000.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-छ:माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | PWDRB 448106 | विशेष मरम्मत के अन्तर्गत डिहिया टीकर शिवपुरवा मार्ग के कि.मी.7/8 में ह्यूम पाईप कल्वर्ट का मरम्मत कार्य | 4.11 | 1-8220.00 2-2000.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-दो माह वर्षाकाल सहित |
| | | कुल योग | 51.29 | | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 15/09/2025 सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
लोक निर्माण विभाग (भ./स.)
संभाग क्रमांक-1 रीवा

G-18225/25



यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उद्यम)
पी.ओ.-जादूगोड़ा माइंस, जिला पूर्वी सिंहभूम
झारखंड - 832 102

**URANIUM CORPORATION OF INDIA LTD**
( A Government of India Enterprise)
PO-Jaduguda Mines, Dist. East Singhbhum,
Jharkhand-832 102

(CIN : U 12000 JH 1967 GOI 000806)
website : www.uraniumcorp.in

**विभिन्न प्रशिक्षुओं के लिए भर्ती सूचना RECRUITMENT OF TRAINEES**

**विज्ञापन संख्या: UCIL-06-2025 Advertisement No. UCIL-06-2025**

NEW INDIA - 75
आज़ादी का अमृत महोत्सव

यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता हैं।

Uranium Corporation of India Limited has invited online applications from Indian citizens for various posts, as follows:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Management Trainee (EDP) | 9. | Diploma Trainee (Mechanical) |
| 2. | Management Trainee (Personnel) | 10. | Diploma Trainee (Mining) |
| 3. | Management Trainee (Electrical) | 11. | Graduate Operational Trainee (Survey) |
| 4. | Management Trainee (Mining) | 12. | Diploma Trainee (Electrical) |
| 5. | Management Trainee (Mechanical) | 13. | Diploma Trainee (Instrumentation) |
| 6. | Management Trainee (Chemical) | 14. | Graduate Operational Trainee (CR&D/HPU) |
| 7. | Graduate Operational Trainee (Chemical) | 15. | Graduate Operational Trainee (Physics) |
| 8. | Diploma Trainee (Civil) | | |

रिक्तियों का पूरा विवरण अर्थात योग्यता, अनुभव, वेतनमान आदि यूसीआईएल की वेबसाइट www.uraniumcorp.in पर उपलब्ध है। इस विज्ञापन से संबंधित कोई भी प्रश्न/सूचना/विस्तार/शुद्धिपत्र आदि केवल यूसीआईएल वेबसाइट www.uraniumcorp.in पर उपलब्ध कराया जाएगा।

Full details of vacancies viz. Qualifications, Experience, Scale of pay etc. are available at UCIL website www.uraniumcorp.in. Any queries/information/extension/corrigendum etc. with respect to this advertisement shall be made available on the UCIL website **www.uraniumcorp.in** only.

**ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 24/09/2025 है।**

Last date of submission of online application is 24/09/2025.
****

cbc48134/12/0020/2526



**प्लाट बेचना है**

पता-लौवा-लक्ष्मणपुर, रीवा में, चिन्मय आश्रम के पीछे, रीवा (म.प्र.)
संपर्क नं.-6232053134
आर-84263 (6/9)



**आवश्यकता है**

ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है। वेतन 5,000 से 10,000+कमीशन बोनस उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष
पता-न्यू बस स्टैंड रीवा मध्यप्रदेश
संपर्क नं.-9752075387
आर-84258 (3/10)



**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क -
**8962086944**



Z-28015/45/2025-PMSSY-IV(8323809)

**Government of India**
**Ministry of Health & Family Welfare**
**(PMSSY Division)**

Room No.409-D,
Nirman Bhawan, New Delhi-110011

Ministry of Health & Family Welfare (PMSSY Division) invites applications from eligible candidates for filling up the post of Deputy Director (Administration) in Level-13 (Rs.123100-215900) (as per 7th CPC) on transfer on deputation basis in AIIMS Rishikesh (Uttarakhand).

2. For further details, please visit Website of the Ministry & this Division i.e. https://mohfw.gov.in and https://pmssy.mohfw.gov.in.

3. Detailed advertisement will be published in Employment News. The last date of receipt of applications will be the 45th day from the date of publication of advertisement in Employment News.

(Arvind Thakur)
Deputy Secretary
Tel. 011-23062980

cbc17101/11/0022/2526



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)**

**लोक निर्माण विभाग, कला मंदिर रोड स्वागत भवन, रीवा (म.प्र.)**

PHONE No. 07662-406740 E-mail:-dpepiurewa@gmail.com

एन.आई.टी. नं.-25/2025/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/पी.डब्ल्यू.डी./भवन/2236 रीवा, दिनांक 26.08.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| स. क्र. | पोर्टल टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU _448797_1 | तहसील हनुमना, जिला-मऊगंज में 2 नग एफ टाईप सिंगलेक्सल, 2 नग जी टाईप सिंगलेक्सर, 6 नग जी टाईप आवास बहुमंजिला, 9 नग एच टाईप आवास एवं 12 नग आई टाईप आवास बहुमंजिला का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | रीवा | 651.11 | 651110.00 | 20000 | 12 माह | हां |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 01-09-2025 समय 10:00 से दिनांक 15-09-2025 समय 18:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री ( भवन )**
लोक निर्माण विभाग, रीवा

G-18250/25

# जश्न-ए- ईद मिलादुन्नबी, मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में नगर में निकाला गया जुलूस

## आपसी भाईचारा बना रहे अमन शांति का पैगाम देते हुए नगर में बड़े ही सादगी के साथ निकाला गया जुलूस



**जागरण, लवकुशनगर ।** जैसा कि आज समूचे हिंदुस्तान में 1500,वा सरकार की आमद आमद पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी मुस्लिम समाज के आखरी पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का जन्मदिन रबी उल अव्वल के 12 वे दिन मनाया जाता है जो कि समूचे हिंदुस्तान में बड़े ही आन, बान, शान के साथ अमन ,शांति आपसी भाईचारा का पैगाम देते हुए, मनाया गया द्य उसी तारतम में आज दिनांक 5 सितंबर दिन शुक्रवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष में जलसा कमेटी के सदर, पार्षद दानिश खान की अगवाई में लवकुशनगर में भी मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा जुलूस निकाला गया द्य मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा गली–गली एवं समस्त नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया जिसका शुभारंभ छतरपुर रोड स्थित मुहाल से शुरू होकर नगर के मुख्य रास्तों से होकर पुराना बस स्टैंड से होते हुए चंदला रोड सिंचाई कॉलोनी तक फिर वहां से वापस उसी रास्ते से होते हुए महोबा रोड से तलैया मोहल्ला मदीना मस्जिद होकर वहां से वापस छतरपुर रोड जामा मस्जिद में जाकर बड़े ही अकीदत , एहतराम के साथ सलातो सलाम के बाद जलसा का समापन हुआ जिसमें ऊंट में लवकुशनगर मदीना मस्जिद के पेशइमाम हाफिज कमाल साहब हाथों में परचम लिए नजर आए । हम आपको बता दे जलसा बड़े ही अमन ,शांति ,भाईचारे का पैगाम देते हुए नगर में निकाला गया द्य जिसका जगह–जगह पर स्वागत हुआ हमारे हिंदू भाइयों ने भी जलसे का जगह–जगह पर स्वागत किया और जलसे में शामिल भी हुए, जलसे में डीजे, बाजे, घोड़े , ऊंट और युवाओं के हाथों में इस्लामी झंडा एवं सर्वप्रथम जलसे के आगे युवाओं के हाथों में हमारे भारत की आन, बान ,शान तिरंगा झंडा भी मुस्लिम युवाओं के हाथों में दिखा,तमाम युवाओं के होठों पर लब्बैक या रसूलअल्लाह की सदा पूरे नगर में गूंज उठी द्य तमाम जलसा को सफल बनाने में सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को देखते हुए लवकुशनगर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एसडीओपी नवीन दुबे के निर्देशन में लवकुशनगर थाना टीआई अजय अंबे के नेतृत्व में समस्त पुलिस स्टाफ का अच्छा सहयोग रहा द्य एवं समूचे जलसे की अगुवाई में लवकुशनगर टीआई आगे आगे मौके में उपस्थित रहे द्य जिसकी वजह से लवकुशनगर पुलिस की नगर में सराहना हो रही है ।

# गाजे-बाजे के साथ निकली भगवान की पालकी, जगह-जगह हुई आरती

**जागरण, चंदला ।** नगर में भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। भगवान की जलबिहार शोभायात्रा के लिए विमान में सवार होकर निकले भगवान के दर्शन को श्रद्धालु उत्साहित थे। नगर की गलियों में गूंजते जयकारों के बीच शोभायात्रा निकली, जिसमें राज्यमंत्री और स्थानीय विधायक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। जगह-जगह आरती और पूजा-अर्चना के साथ मेले की परंपरा को निभाया गया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा, जो मेले का मुख्य आकर्षण रहेगा। गुरुवार को चंदला नगर में वार्षिक जलबिहार मेले का आयोजन धूमधाम से हुआ। नगर के प्रमुख मंदिर से भगवान की जलबिहार शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री और चंदला विधायक दिलीप अहिरवार अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए। शोभायात्रा जैसे ही नगर की गलियों से गुजरी, श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भगवान की आरती उतारी और पूजा-अर्चना की। नगर परिषद के कर्मचारियों ने कई दिनों से मेले की तैयारियों में जुटकर नगर को सजाया था। वार्ड क्रमांक 10 और 11 के बीच स्थित मैदान में नगर के सभी पुजारी एकत्र हुए, जहां नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी महादेव अवस्थी, नगर परिषद अध्यक्ष शोभा खटीक और विधायक दिलीप अहिरवार ने विमान में विराजमान भगवान की पूजा-अर्चना की। इसके बाद विधायक दिलीप अहिरवार स्वयं भगवान की पालकी लेकर नगर की गलियों में निकले। शोभायात्रा नगर परिषद प्रांगण पहुंची, जहां कर्मचारियों ने पुनः भगवान की पूजा की। अंत में शोभायात्रा वार्ड 15 में स्थित जगमन तालाब पहुंची, जहां भगवान का जलबिहार कराया गया। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है ।

## नपाध्यक्ष ने महोबा रोड पर निर्माणाधीन डिवाइडर का किया निरीक्षण

**छतरपुर ।** शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने में नगर पालिका छतरपुर निरंतर विकास कार्य कर रही है। इसी क्रम में गुरूवार को नगरपालिका अध्यक्ष ने महोबा रोड पर बन रहे डिवाइडर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि डिवाइडर का कार्य निर्धारित समय सीमा में ही पूर्ण किया जाए और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर किसी प्रकार की लापरवाही न हो। श्रीमती चौरसिया ने बताया कि महोबा रोड पर डिवाइडर बनने से इस मार्ग पर यातायात अधिक सुचारू और सुरक्षित होगा, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा।

# उन्नत चिकित्सा सुविधा से क्षेत्र के लोगों को मिलेगा स्वास्थ्य लाभ : श्रीमती उइके



**जागरण, मंडला ।** नैनपुर सिविल अस्पताल में गुरूवार से 3 नई स्वास्थ्य सेवाओं की शुरूआत की गई। सिविल अस्पताल में हाई डिपेंडेंसी यूनिट, बाल गहन चिकित्सा इकाई तथा डायलिसिस यूनिट का लोकार्पण किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने इन सेवाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की यह बहुप्रतीक्षित मांगे थी। नैनपुर सिविल अस्पताल में इस तरह की सेवाएं उपलब्ध होने से न केवल नैनपुर बल्कि पड़ोसी जिले बालाघाट एवं सिवनी के नैनपुर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी लाभ मिलेगा। जिससे लोगों को मंडला तथा अन्य जिला स्तरीय नगरों में चिकित्सा के लिए जाने की जरूरत कम होगी। उन्होंने कहा कि नैनपुर के 13 ऐसे मरीज हैं जिन्हें डायलिसिस की जरूरत पड़ती है, उन्हें इस कार्य के लिए बार–बार मंडला जिला चिकित्सालय जाना पड़ता था। नैनपुर सिविल अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा मिलने से ऐसे मरीजों की समस्याओं का अंत होगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। हमारे लोग कैसे स्वस्थ रहें ? उन्हें कैसे अच्छी चिकित्सा सुविधा मिले ? इस विषय में प्रधानमंत्री हमेशा चिंतित रहते हैं इसीलिए उन्होंने आयुष्मान कार्ड की शुरूआत की थी जिससे लोगों को 5 लाख रूपए तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलती है। उन्होंने कहा कि बाल गहन चिकित्सा इकाई तथा हाई डिपेंडेंसी यूनिट की आज से ही सेवाएं प्रारंभ की गई हैं। जबकि डायलिसिस की सुविधा अगले 4–5 दिनों में प्रारंभ कर दी जायेगी। इससे पूर्व सिविल अस्पताल पहुंचकर मंत्री श्रीमती उइके ने कन्यापूजन किया। इसके पश्चात नगर के युवा समाजसेवियों द्वारा किए जा रहे रक्तदान का अवलोकन किया। सिविल अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच से युवा रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही मिशन नेत्र ज्योति अभियान अंतर्गत 5 हितग्राहियों को सांकेतिक रूप से चश्मों का वितरण भी किया गया। मंत्री श्रीमती उइके ने चिकित्सालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधा भी लगाया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, पूर्व विधायक श्री देवसिंह सैयाम, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष मंडला श्री विनोद कछवाहा, नगरपालिका परिषद नैनपुर अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, जनपद पंचायत नैनपुर के अध्यक्ष श्रीमती ओमवती उइके, नगरपालिका परिषद नैनपुर की उपाध्यक्ष श्रीमती संजूलता वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जाग्रति उइके, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, एसडीएम नैनपुर श्री आशुतोष ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मोहंती, बीएमओ डॉ. राजीव चावला सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया भगवान श्री गणेश की प्रतिमा विसर्जन कुण्ड का निरीक्षण



**मंडला ।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने महाराजपुर संगम क्षेत्र तथा मण्डला में नर्मदा जी के तट पर भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा विसर्जन के लिए बनाए गए कुण्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने कुण्ड की गहराई, पानी का स्तर, बैरिकेटिंग, सुरक्षा व्यवस्था तथा पेयजल की सुविधा के लिए की गयी तैयारियों की जानकारी ली, साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी को विसर्जन स्थल पर व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक निर्देश भी दिये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीओपी श्री पीयूष मिश्रा, सीएमओ नगर पालिका परिषद मण्डला श्री गजानन नाफड़े सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# नारायणगंज में ईद मिलाद उन नबी का जुलूस सौहार्द्र और भाईचारे का अनोखा संदेश



**जागरण, मंडला।** जिले के नारायणगंज शुक्रवार को नगर में ईद मिलाद उन नबी का जुलूस बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और शांतिपूर्ण माहौल में निकाला गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का परिचय देते हुए जुलूस में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। गुरुवार रात मदीना मस्जिद में विशेष मिलाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके बाद शुक्रवार सुबह 9 बजे मदीना मस्जिद से जुलूसे मोहम्मदिया की शुरुआत हुई।जुलूस नगर के मुख्य मार्गों बस स्टैंड, मैली चौक, टिकरिया, कूड़ामैली होते हुए ईदगाह पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में नौ निहाल बच्चे, युवा और समाज के बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे मार्ग में धार्मिक नारों की गूंज रही, जगह–जगह मुस्लिम भाइयों के घरों पर जुलूस का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और प्रसाद वितरित किया गया।सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने चाक–चौबंद इंतजाम किए। थाना टिकरिया क्षेत्र के अंतर्गत पूरे मार्ग पर पुलिस की निगरानी रही। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी समुदायों के आपसी सहयोग के कारण जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।गणमान्य नागरिकों ने मुस्लिम समुदाय को ईद मिलाद उन नबी की बधाई दी और इसे समाज में भाईचारे, एकता और प्रेम का संदेश देने वाला पर्व बताया।

## पिपरिया माल में पुलिया के नीचे मिली युवक की संदिग्ध मौत का पुलिस ने किया खुलासा 4 आरोपी गिरफ्तार

**डिंडोरी ।** दिनांक 28/08/2025 को थाना शहपुरा में प्रार्थी दुर्वेन्द्र झारिया निवासी ग्राम गनपुरा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके जीजा कपिलदेव झारिया दिनांक 26/08/2025 की रात लगभग 10ः00 बजे घर से निकले थे और तब से वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बाद दिनांक 28/08/2025 को ग्राम पिपरिया माल और गनपुरा के बीच कच्ची सड़क के पुलिया के नीचे उनका शव बरामद हुआ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक महोदय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं एस.डी.ओ.पी. शहपुरा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई। शव का निरीक्षण करने पर मृतक के शरीर में गंभीर चोटों के निशान पाए गए ङ्क बाईं जांघ में गहरा कट, बाएं हाथ की कलाई एवं पसली में चोट, सिर के पीछे चोट तथा हाथ में टॉर्च पकड़े होना ङ्क जिससे मृत्यु संदेहास्पद प्रतीत हुई।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण बिजली के करंट से हुई चोटें बताया गया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यह एक दुर्घटना नहीं बल्कि आपराधिक कृत्य था।जांच के दौरान ग्रामवासियों एवं परिजनों से लगातार पूछताछ की गई।

# हरपालपुर में सरकारी अस्पताल के लिए बनेगा नया भवन



**जागरण, हरपालपुर ।** नगर के पुराने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को अब नया और आधुनिक रूप मिलने जा रहा है। गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक ने करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाले नए अस्पताल भवन का भूमिपूजन किया। इस भवन के निर्माण से क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार होगा और जल्द ही एक महिला और एक पुरुष चिकित्सक की नियुक्ति भी की जाएगी।गुरुवार दोपहर करीब दो बजे हरपालपुर में महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने 1 करोड़ 59 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सरकारी अस्पताल के नवीन भवन का भूमिपूजन किया। इस पारंपरिक अनुष्ठान के साथ अस्पताल के विस्तार और विकास की नींव रखी गई। विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने बताया कि महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्रों का पुनर्निर्माण कराया जा रहा है। हरपालपुर में नए भवन के साथ–साथ एक महिला चिकित्सक और एक पुरुष चिकित्सक की जल्द नियुक्ति की जाएगी, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उपयंत्री अंशुल खरे ने बताया कि इस भवन में पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, छोटा ऑपरेशन कक्ष, टीकाकरण कक्ष, प्रयोगशाला, भंडार कक्ष, ओपीडी कक्ष, प्रसव कक्ष, दवा वितरण कक्ष, पंजीकरण कक्ष, प्रतीक्षालय और शौचालय सहित अन्य सुविधाएं होंगी।

# डिंडौरी में पर्यटन विकास को नई उड़ान, माँ नर्मदा डैम घाट पर 481.36 लाख के कार्यों का भूमिपूजन



**जागरण, डिंडौरी।** मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के तत्वावधान में गुरुवार को नर्मदागंज स्थित माँ नर्मदा डेम घाट पर विभिन्न पर्यटन एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी मुख्य अतिथि रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने की।कार्यक्रम की शुरुआत माँ नर्मदा की पूजा–अर्चना और माल्यार्पण से हुई। इसके बाद 389.74 लाख रुपए की लागत से घाट निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य तथा 91.62 लाख रुपए की लागत से माता शारदा मंदिर परिसर में जनसुविधा एवं विकास कार्य प्रारंभ किए गए।अपने संबोधन में राज्यमंत्री लोधी ने कहा कि डिंडौरी की प्राकृतिक सुंदरता को और निखारने के उद्देश्य से नर्मदा नदी के दोनों घाटों पर 150–150 मीटर लंबे घाट का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसमें चेंजिंग रूम, विद्युतीकरण, बेंच और अन्य सुविधाएं शामिल होंगी। वहीं माता शारदा मंदिर परिसर में सीढ़ी निर्माण, डे–शेल्टर, विद्युतीकरण, लैंडस्केपिंग और स्टोन बेंच जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।सांसद कुलस्ते ने कहा कि डिंडौरी के पर्यटन विकास के लिए उनका लंबे समय से प्रयास रहा है और इन परियोजनाओं से श्रद्धालुओं को सुविधा के साथ जिले की खूबसूरती और भी बढ़ेगी। स्थानीय नागरिकों ने इस अवसर पर मंत्री से डेम घाट में चैनल निर्माण, पर्यटन क्रूज़ सुविधा और शहर के नालों को रोकने की मांग रखी। इस पर मंत्री ने भरोसा दिलाया कि सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से नालों को नियंत्रित किया जाएगा और डिंडौरी को सुंदर एवं आधुनिक नगर के रूप में विकसित किया जाएगा।

## नौगांव पुलिस ने 10 साल पुराने इनामी अपराधी को किया गिरफ्तार

**छतरपुर ।** नौगांव पुलिस ने 10 साल पुराने मामले में फरार चल रहे 4 हजार रुपए के इनामी स्थाई वारंटी जंगी यादव को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है। यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में चलाए जा रहे न्याय पथ अभियान के तहत की गई, जिसका उद्देश्य वर्षों से लंबित आपराधिक मामलों के फरार अपराधियों को पकडऩा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नौगांव पुलिस ने वर्ष 2015 के लूट और अवैध हथियार मामले में फरार चल रहे जंगी यादव उर्फ जंग बहादुर यादव को उसके पैतृक गांव लुगासी से गिरफ्तार किया। आदतन अपराधी जंगी यादव पर लूट और अवैध हथियार सहित 15 मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह, लुगासी चौकी प्रभारी ओशो गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उल्लेखनीय है कि न्याय पथ अभियान के तहत नौगांव, बमीठा, मातगुवां, जुझार नगर, बिजावर, गौरिहार, गढ़ीमलहरा और ओरछा रोड थानों की पुलिस ने मिलकर 25 साल तक के पुराने हत्या के प्रयास, डकैती, अपहरण, दुष्कर्म, चोरी, छेड़छाड़, धोखाधड़ी, अवैध हथियार और विस्फोटक अधिनियम जैसे 431 से अधिक मामलों में 5 लाख रुपये से अधिक के इनामी अपराधियों को पकड़ा है।

## आदिवासी सरपंच के विरुद्ध झूठे धार्मिक एजेंडे लगाकर फँसाने एवं शांति-व्यवस्था भंग करने के प्रयास कर रहा अघोषित ठेकेदार



**जागरण, मंडला ।** जिले के विकास खण्ड नैनपुर की ग्राम पंचायत अतरिया के आदिवासी सरपंच को बदनाम करने तथा उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल करने के उद्देश्य से विनय ठाकुर और उनके साथियों द्वारा धार्मिक एजेंडा फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। यह कृत्य केवल एक व्यक्ति विशेष पर आक्षेप नहीं है, बल्कि पूरे ग्राम क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द एवं शांति-व्यवस्था को भंग करने का षड्यंत्र है। मामला में तूल जब पकड़ा तब बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने देर रात सरपंच को फोन कर उसे बुलाया जा रहा था उसे मारने पीटने की धमकी दिया गया साथ ही व्हाट्सप ग्रुप में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अपशब्दो से भरपूर आदिवासी सरपंच के खिलाफ बात कही गई जिसके चैट सोशल मीडिया में वायरल है ।

**यह है मामला :** सूत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अतरिया में दो जनजातीय पक्षों के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद को निपटाने हेतु आदिवासी पारम्परिक व्यवस्था अनुसार सामाजिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सरपंच ब्रजन धुर्वे ने की और समाज के वरिष्ठ जन भी उपस्थित थे। पंचायत का उद्देश्य दोनों पक्षों को शांति और आपसी सहमति से जोड़ना था। लेकिन इसी दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सरपंच की छवि धूमिल करने के लिए झूठे धार्मिक एजेंडा का आरोप लगाकर षड्यंत्र रचा गया। यह घटना न केवल पंचायत की गरिमा पर प्रश्नचिह्न लगाती है, बल्कि समाज की एकता को तोड़ने का प्रयास भी है। समाज के लोगों का मानना है कि सरपंच ने हमेशा जनहित में कार्य किया है और यह षड्यंत्र जानबूझकर उसकी छवि खराब करने के लिए रचा गया है। मौके की तलाश में विनय ठाकुर ने सरपंच के खिलाफ झूठे आरोप लगाकर धार्मिक एजेंडा का षड्यंत्र रच दिया। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत द्वारा विकास कार्यों या ठेके न दिए जाने से विनय ठाकुर नाराज़ था। इसी कारण उसने धार्मिक एजेंडा को हवा देकर समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास किया। पूर्व में ही विनय ठाकुर ने सरपंच और सचिव को गाली गलोच किया था जिसकी एफ आई आर पोलिस थाने नैनपुर में दर्ज है 7 ग्रामीण समाज का मानना है कि यह पूरी तरह सोची–समझी चाल है, जिसका उद्देश्य पंचायत की छवि खराब करना और गाँव में वैमनस्य फैलाना है। लोगों ने प्रशासन से माँग की है कि विनय ठाकुर के षड्यंत्र की जाँच कर कठोर कार्रवाई की जाए।


सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाएँ
ARMED FORCES MEDICAL SERVICES



चिकित्सा अधिकारी (अल्प सेवा कमीशन) के पद हेतु
FOR THE POST OF MEDICAL OFFICER (SHORT SERVICE COMMISSION)

सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा में चिकित्सा अधिकारी (अल्प सेवा कमीशन) के रूप में योगदान हेतु इच्छुक शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं योग्य भारतीय नागरिकों (स्त्री एवं पुरुष) से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
साक्षात्कार: नवम्बर 2025 में दिल्ली में आयोजित किया जायेगा।
रिक्तियाँ - 225 (169 पुरुष + 56 महिला)
न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता - एमबीबीएस
आयु सीमा - एमबीबीएस डिग्री धारक अभ्यर्थी की आयु 31 दिसम्बर 2025 को 30 वर्ष से कम होनी चाहिए (अर्थात जिनका जन्म 02 जनवरी 1996 को या उसके पश्चात हुआ हो, वही पात्र होंगे) एवं स्नातकोत्तर डिग्री धारक अभ्यर्थी की आयु 31 दिसम्बर 2025 को 35 वर्ष से कम होनी चाहिए (अर्थात जिनका जन्म 02 जनवरी 1991 को या उसके पश्चात हुआ हो, वही पात्र होंगे)
पात्रता शर्तों के लिए 13 सितम्बर 2025 के रोजगार समाचार पत्र / Employment News तथा www.join.afms.gov.in वेब्साइट देखें।
ऑनलाइन आवेदन हेतु पंजीकरण www.join.afms.gov.in वेब्साइट पर 13 सितम्बर 2025 से 03 अक्टूबर 2025 तक किया जा सकता हैं।
Applications are invited from physically fit and mentally robust Indian citizens, both male and female, desirous of joining the AFMS as Medical officers (Short Service Commission).
Interview will be conducted at **Delhi** tentatively in the month of **November 2025**.
**Vacancy - 225 (169 for male + 56 for female)**
**Minimum Educational Qualification - MBBS**
**Age Limit - Candidate must not have attained the age of 30 years as on 31 Dec 2025 if holding an MBBS degree (only those born on or after 02 Jan 1996 are eligible) and must not have attained the age of 35 years as on 31 Dec 2025 if holding a PG degree (only those born on or after 02 Jan 1991 are eligible).**
For Eligibility Conditions, Application Format etc see Employment News / Rozgar Samachar issue of **13 Sep 2025** and the website www.join.afms.gov.in.
**Registration for online application will open from 13 Sep 2025 to 03 Oct 2025 on** www.join.afms.gov.in

cbc 10601/11/0047/2526

दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

# जागरण विचार



संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## 'प्रशासनिक लापरवाही' का नतीजा है नवजातों की मौत

*इंदौर स्थित मध्यप्रदेश के सबसे बड़े और आधुनिक सरकारी अस्पताल, महाराजा यशवंतराव (एमवाय) अस्पताल में घटी घटना ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की भयावह सच्चाई को उजागर कर दिया है। देवास और धार से बेहतर इलाज के लिए लाई गई दो नवजात बच्चियों को अस्पताल के नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में चूहों ने कुतर लिया और वे दो दिन बाद असमय काल के गाल में समा गयीं।*

*दरअसल, यह एक मामूली हादसा नहीं, बल्कि मानवीय असंवेदनशीलता और प्रशासनिक लापरवाही का ऐसा उदाहरण है, जिसे किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता। एनआईसीयू वह स्थान होता है, जहां नवजात शिशुओं को हर तरह के संक्रमण और खतरे से बचाने के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम किये जाते हैं। । यहां तक कि परिजनों को भी प्रवेश से पहले सैनिटाइज करना, मास्क और गाउन पहनना अनिवार्य होता है। खाने-पीने का सामान तक भीतर ले जाने की मनाही है। यानी यह यूनिट सामान्य वार्ड नहीं, बल्कि सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्र है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि इतनी सख्ती और सुरक्षा दावों के बीच चूहों का प्रवेश कैसे संभव हुआ? क्या अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से किए जाने वाले सारे इंतजाम महज कागजों तक ही सीमित हैं?*

*अस्पताल प्रशासन नियमित पेस्ट कंट्रोल, साफ-सफाई और निगरानी के दावे करता है। लेकिन चूहों का एनआईसीयू में पहुंच जाना यह साबित करता है कि व्यवस्था केवल फाइलों पर चल रही है। अस्पतालों में अक्सर देखा जाता है कि सफाईकर्मी से लेकर निचले स्तर के कर्मचारी तक, अपने कर्तव्यों को नजरअंदाज कर देते हैं। ठेके पर चलने वाली सफाई व्यवस्था में जवाबदेही नदारद रहती है। नतीजतन अस्पतालों के वार्डों और गलियारों में चूहों, तिलचट्टों और मच्छरों का बोलबाला आम हो जाता है। यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब यह गंदगी अस्पताल के सबसे नाजुक हिस्से तक पहुंच जाए।*

*दरअसल, इस पूरे मामले की जड़ में वह सोच छिपी है, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं को केवल एक सरकारी बोझ मान लिया गया है। बजट, स्टाफ और संसाधनों की कमी तो बार-बार सामने आती है, मगर सबसे बड़ी समस्या है प्रबंधन की उदासीनता। जब तक अधिकारी और डॉक्टर इस व्यवस्था को अपना दायित्व न मानें और हर स्तर पर जवाबदेही तय न हो, तब तक ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना असंभव लगता है। यह भी विचारणीय है कि जब परिजनों को मास्क और गाउन पहनना अनिवार्य है, तब प्रशासन और स्वास्थ्यकर्मी स्वयं पर उतनी ही सख्ती क्यों नहीं बरतते? अस्पतालों में सुरक्षा और स्वच्छता के लिए जो मानक तय हैं, उनकी निगरानी कौन कर रहा है? और अगर निगरानी हो भी रही है, तो उसमें इतनी चूक कैसे हुई?*

*यह घटना केवल दो मासूम बच्चों की मौत तक सीमित नहीं है। यह हमारे स्वास्थ्य तंत्र की संवेदनशीलता पर गहरा प्रश्नचिह्न है। अगर प्रदेश का सबसे बड़ा और आधुनिक अस्पताल इस तरह की लापरवाही का शिकार हो सकता है, तो छोटे जिलों और कस्बों के अस्पतालों की हालत का अंदाजा सहज लगाया जा सकता है।*

*आवश्यक है कि इस घटना की जिम्मेदारी तय की जाए। केवल जांच कमेटी बना देना या कुछ कर्मचारियों को निलंबित कर देना पर्याप्त नहीं होगा। अस्पताल प्रबंधन से लेकर स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों तक, जवाबदेही स्पष्ट होनी चाहिए। नियमित पेस्ट कंट्रोल और सफाई के दावों की सच्चाई सामने लाई जाए। साथ ही, अस्पतालों में संक्रमण-नियंत्रण और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की स्वतंत्र एजेंसियों से समय-समय पर समीक्षा कराई जाए। सरकारी अस्पताल गरीब और कमजोर तबके के लिए जीवनरेखा होते हैं। जब यही अस्पताल लापरवाही और गंदगी का अड्डा बन जाएं, तो उन लोगों के पास कोई विकल्प शेष नहीं बचता। दो मासूमों की मौत केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की नाकामी है। अब समय आ गया है कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए कड़े कदम उठाए जाएं और इस तरह की शर्मनाक घटनाओं को भविष्य में रोकने की ठोस व्यवस्था की जाए।*

# समान स्कूल प्रणाली को मजबूत करना हो पहली प्राथमिकता


शिक्षा का अधिकार

डॉ. निवेदिता शर्मा

भारत का लोकतांत्रिक संविधान नागरिकों को केवल राजनीतिक अधिकार ही नहीं देता, बल्कि उन्हें गरिमामय जीवन जीने की बुनियादी गारंटी भी प्रदान करता है। शिक्षा इस गारंटी की केंद्रीय धुरी है। अनुच्छेद 21ए के तहत छह से चौदह वर्ष तक के सभी बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान इसीलिए किया गया था ताकि कोई भी बच्चा वर्ग, धर्म या आर्थिक स्थिति के कारण ज्ञान के अवसर से वंचित न रह जाए। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि शिक्षा के इस सार्वभौमिक अधिकार की सबसे मजबूत दीवार को ही वर्षों पहले एक न्यायिक निर्णय ने दरका दिया। 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने प्रमति एजुकेशनल एंड कल्चरल ट्रस्ट बनाम भारत संघ प्रकरण में यह कह दिया गया कि अल्पसंख्यक संस्थान आरटीई अधिनियम से मुक्त रहेंगे। यानी निजी स्कूलों की तरह उन्हें 25 प्रतिशत सीटें वंचित बच्चों के लिए आरक्षित करने की बाध्यता नहीं होगी। देखा जाए तो यह फैसला अपने आप में शिक्षा के अधिकार की सार्वभौमिकता पर प्रश्नचिह्न था।

अब, ग्यारह वर्ष बाद, शीर्ष अदालत ने स्वयं यह महसूस किया है कि उस निर्णय से व्यापक अन्याय हुआ है। 1 सितंबर 2025 को न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने बेहद गंभीर टिप्पणी करते हुए इस मुद्दे को संविधान पीठ के पास भेजने की सिफारिश की है। पीठ ने साफ कहा, यह फैसला अनजाने में अनुच्छेद 21ए के मकसद को कमजोर करता है और समान स्कूल प्रणाली की अवधारणा को चोट पहुँचाता है। आज न्यायालय ने यह भी इंगित किया कि आरटीई केवल सीट आरक्षण भर नहीं है, बल्कि इसके साथ कई आवश्यक प्रावधान जुड़े हैं; बच्चों को मुफ्त यूनिफॉर्म, किताबें, मिड-डे मील, प्रशिक्षित शिक्षक और बुनियादी ढाँचा उपलब्ध कराना। इन सबसे अल्पसंख्यक संस्थानों को छूट देकर अब तक न जानें कितने लाख बच्चों को इन बुनियादी सुविधाओं से वंचित किया गया है।

अभी 2025 तक का इस संबंध में कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, हालांकि सरकारी आँकड़ों (यूडीआईएसई+ 2021-22) के अनुसार, देश में 51,627 अल्पसंख्यक प्रबंधित स्कूल हैं। इनमें मुस्लिम संस्थान; 27,259, ईसाई संस्थान; 15,808, जैन संस्थान; 1,140, बौद्ध संस्थान; 720, पारसी संस्थान;126 और शेष में अन्य शामिल हैं। पिछले तीन साल में इस संख्या में और अधिक इजाफा हुआ है। अनुमान है कि उक्त संख्या 55 हजार तक पहुंच गई होगी। ऐसे में यह स्वभाविक है कि यह संख्या अपने आप में बहुत बड़ी है। जब इतने बड़े हिस्से को आरटीई की बाध्यता से छूट मिल जाए, तो स्पष्ट है कि लाखों वंचित बच्चों को समान शिक्षा का अवसर नहीं मिल पाया।




**जब वंचित वर्ग के लाखों बच्चे आरटीई सीटों से वंचित रहते हैं, तो इसका असर केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहता। इसका असर उनके भविष्य, रोजगार, सामाजिक गतिशीलता और लोकतांत्रिक भागीदारी पर पड़ता है। एक ओर समृद्ध वर्ग के बच्चे महंगे निजी या अल्पसंख्यक स्कूलों में पढ़ते हैं, दूसरी ओर गरीब बच्चे सरकारी स्कूलों की कमजोर व्यवस्था में सिमट जाते हैं। यह विभाजन समाज में असमानता की खाई को और चौड़ा करता है।**

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने 23,487 अल्पसंख्यक स्कूलों का विश्लेषण किया था। यह रिपोर्ट बताती है कि इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों में केवल 38फीसदी विद्यार्थी संबंधित अल्पसंख्यक समुदाय से हैं, शेष 62 फीसदी गैर-अल्पसंख्यक। महज 8.76फीसदी विद्यार्थी सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि से आते हैं। स्पष्ट है कि अधिकांश अल्पसंख्यक संस्थान अपने ही समुदाय के उत्थान के बजाय शिक्षा को व्यवसाय बना चुके हैं। यदि वे सचमुच अपने वर्ग के बच्चों को प्राथमिकता देते, तो न केवल अपने समुदाय का बड़ा भला करते, बल्कि संविधान की भावना के अनुरूप भी चलते।

यहां उदाहरण स्वरूप सबसे छोटा एक आंकड़ा मान लें कि एक औसत स्कूल में 200-300 विद्यार्थी पढ़ते हैं। यदि 25 प्रतिशत सीटें वंचित वर्ग के लिए आरक्षित होतीं, तो प्रति स्कूल लगभग 50 सीटें आरटीई के अंतर्गत आतीं। 51,627 स्कूल में 50 सीटें = लगभग 25.8 लाख सीटें प्रति वर्ष। 2010 से 2025 तक यानी 15 वर्षों में यह संख्या करीब 3.8 करोड़ अवसरों के बराबर है। इस मोटे अनुमान से ही स्पष्ट है कि कितने विशाल पैमाने पर वंचित बच्चों को शिक्षा से अब तक इन स्कूलों द्वारा अल्पसंख्यक के नाम पर वंचित रखा गया! राजस्थान के जयपुर में ही इस साल 2025 में 30,000 बच्चों को आरटीई के तहत दाखिला नहीं मिला, जबकि 80,000 सीटों पर 3.8 लाख आवेदन आए। देश की राजधानी दिल्ली में 2023-24 में 2.09 लाख परिवारों ने 35,000 सीटों के लिए आवेदन किया, लेकिन 6,500 सीटें खाली रह गईं। अहमदाबाद में तीसरे राउंड में भी 6,946 सीटें खाली रहीं, खासकर अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में। दक्षिण कर्नाटक; 2025-26 में 326 सीटों में से केवल 31 भरी गईं। यानी अल्पसंख्यक स्कूलों को यदि ये छूट नहीं दी जाती तो जो बच्चे आरटीई के तहत प्रवेश लेने से वंचित रह गए, उनमें किसी एक को भी वंचित नहीं रहना पड़ता। वस्तुतः यह तो कुछ राज्यों की स्थिति है, इस तरह से प्रत्येक राज्य के आंकड़े को जोड़ा जाएगा तो लाखों बच्चों की संख्या सामने आती है जो हर साल आरटीई के तहत स्कूल प्रवेश से वंचित रह जाते हैं। यह सब दिखाता है कि समस्या व्यावहारिक है, बच्चे अवसर से वंचित हो रहे हैं। यह दिलचस्प तथ्य है कि 2009 में आरटीई लागू होने के बाद अल्पसंख्यक संस्थानों की संख्या में अचानक उछाल आया। 2012 तक हर साल लगभग 2000 नए संस्थान अल्पसंख्यक दर्जा लेने लगे। यहाँ तक कि दिल्ली पब्लिक स्कूल, बेंगलुरु जैसी संस्थाओं ने भी इस दर्जे का लाभ उठाने की कोशिश की। यह प्रवृत्ति बताती है कि आरटीई से बचने के लिए अल्पसंख्यक टैग को एक ढाल की तरह इस्तेमाल किया गया।

**सवाल उठता है, आखिर ये आरटीई से बचने की होड़ क्यों मची है?**

मूल प्रश्न यह है कि क्या शिक्षा का उद्देश्य वंचित बच्चों को अवसर देना है या केवल मोटा पैसा कमाना? जब अल्पसंख्यक संस्थान आरटीई से मुक्त होकर भारी फीस लेते हैं, तो वे न तो अपने वर्ग का उत्थान कर रहे होते हैं और न ही समाज के वंचित वर्ग का। वे केवल शिक्षा को व्यापार बना रहे होते हैं। यदि ये संस्थान केवल अपने समुदाय के गरीब बच्चों को प्रवेश देते, तो लाखों अल्पसंख्यक बच्चे पढ़-लिखकर आगे बढ़ सकते थे। लेकिन जब ऐसा नहीं किया गया, तो साफ है कि मकसद शिक्षा नहीं, बल्कि आर्थिक लाभ है।

जब वंचित वर्ग के लाखों बच्चे आरटीई सीटों से वंचित रहते हैं, तो इसका असर केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहता। इसका असर उनके भविष्य, रोजगार, सामाजिक गतिशीलता और लोकतांत्रिक भागीदारी पर पड़ता है। एक ओर समृद्ध वर्ग के बच्चे महंगे निजी या अल्पसंख्यक स्कूलों में पढ़ते हैं, दूसरी ओर गरीब बच्चे सरकारी स्कूलों की कमजोर व्यवस्था में सिमट जाते हैं। यह विभाजन समाज में असमानता की खाई को और चौड़ा करता है।

संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 30 के जरिए अल्पसंख्यकों को संस्थान चलाने की स्वतंत्रता दी थी ताकि वे अपनी संस्कृति और पहचान बचा सकें। लेकिन क्या इस स्वतंत्रता का मतलब यह है कि वे बच्चों के बुनियादी अधिकारों से मुकर जाएँ? वास्तव में अनुच्छेद 21ए की आत्मा सार्वभौमिकता है। यानी हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार देना है। स्वाभाविक है ऐसी स्थिति में हमें अनुच्छेद 30 स्थान पर अनुच्छेद 21ए को ही अधिक महत्व देना होगा। क्योंकि यहां प्रश्न एवं जवाबदेही अपनी पीढ़ियों के निर्माण की है।

भारत ने यूनेस्को एजुकेशन फॉर ऑल और सतत विकास लक्ष्य 4 (एसडीजी-4) जैसे वैश्विक समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इनका लक्ष्य है, 2030 तक हर बच्चे को समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करा देना है। ऐसे में फिर स्वभाविक तौर पर अल्पसंख्यक संस्थानों को आरटीई से छूट देना इन अंतरराष्ट्रीय वचनों के भी विपरीत है। अब जबकि सुप्रीम कोर्ट स्वयं इस निर्णय पर पुनर्विचार के लिए तैयार है, तो समय आ गया है कि शिक्षा को फिर से अधिकार की तरह देखा जाए, न कि व्यवसाय की तरह।

कुछ ठोस कदम आवश्यक हैं। यहां हम सभी समझें, यदि शिक्षा अधिकार है, तो कोई भी संस्था, चाहे वह अल्पसंख्यक क्यों न हो, वह बच्चे से उसका ये मौलिक अधिकार नहीं छीन सकती है, क्योंकि वह इस अधिकार से कभी ऊपर नहीं हो सकती।

**( लेखिका मप्र बाल अधिकार संरक्षण**

# डा. राधाकृष्णन- शिक्षा, दर्शन और राष्ट्र निर्माण के प्रतीक

राष्ट्रीय शिक्षक दिवस

डॉ सतपाल

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद और महान दार्शनिक थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन शिक्षा व राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। शिक्षा के प्रति उनके दृष्टिकोण व समर्पण के चलते ही उनका जन्म दिवस राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाना, शिक्षा जगत में उनके कद और काबिलियत को बयां करता है। उनका जन्म 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु के तिरूतनी नामक ग्राम में हुआ, जो चेन्नई से लगभग 64 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, तथा जिसे धार्मिक दृष्टि से पवित्र माना जाता है। उनके पूर्वज मूलतः सर्वपल्ली नामक ग्राम के निवासी थे, इसी कारण परिवार ने 'सर्वपल्ली' उपनाम धारण किया था। राधाकृष्णन एक साधारण, लेकिन विद्वान ब्राह्मण परिवार में पैदा हुए। उनके पिता सर्वपल्ली वीरास्वामी राजस्व विभाग में कार्यरत थे और माता सीताम्मा थी। बचपन आर्थिक कठिनाइयों में बीता, फिर भी उनकी मेधा और जिज्ञासा ने उन्हें अलग पहचान दिलाई। आधुनिक शिक्षा के महत्व को समझते हुए पिता ने 1896 में तिरुपति के लुथर्न मिशन स्कूल में पढ़ाया। दर्शनशास्त्र विषय में एमए की डिग्री पूर्ण की। उन्होंने बाइबिल सहित स्वामी विवेकानंद और वीर सावरकर के विचारों का गहन अध्ययन किया। राधाकृष्णन ने तुलनात्मक दृष्टि से भारतीय और पाश्चात्य दर्शन का अध्ययन करने का बीड़ा उठाया। मिशनरियों द्वारा हिंदू धर्म की आलोचना ने उन्हें चुनौती दी और उन्होंने भारतीय संस्कृति का गहरा अध्ययन प्रारंभ किया। अंततः उन्होंने पाया कि भारतीय अध्यात्म अत्यंत समृद्ध है और मानव जीवन को सत्य, धर्म और ज्ञान से जोड़ता है। डा. राधाकृष्णन ने वर्ष 1909 में मात्र 21 वर्ष की आयु में मद्रास प्रेसिडेंसी कॉलेज में कनिष्ठ व्याख्याता के रूप में अध्यापन शुरू किया था। वर्ष 1912 में उनके व्याख्यानों का संग्रह 'मनोविज्ञान के आवश्यक तत्व' नाम से प्रकाशित हुआ। यह उनकी गहन विद्वत्ता और स्मरणशक्ति का प्रमाण था।



**डॉ राधाकृष्णन की इच्छा थी कि उनका जन्मदिन 'शिक्षक दिवस' के रूप में ही मनाया जाए। सन् 1962 में जब वे भारत के राष्ट्रपति बने, तब से उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में बनाने की परम्परा चली आ रही है। डॉ. राधाकृष्णन को भारतीय गणराज्य के राष्ट्रपति बनाए जाने पर पाश्चात्य दार्शनिक बर्टेंड रसेल ने कहा था- भारतीय गणराज्य ने एक दार्शनिक को राष्ट्रपति बनाकर महान दार्शनिक प्लेटो को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है।**

डॉ. राधाकृष्णन को भारतीय गणराज्य के राष्ट्रपति बनाए जाने पर पाश्चात्य दार्शनिक बर्टेंड रसेल ने कहा था- भारतीय गणराज्य ने एक दार्शनिक को राष्ट्रपति बनाकर महान दार्शनिक प्लेटो को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है।

प्लेटो कहा करते थे कि एक दार्शनिक को शासक होना चाहिए। एक दार्शनिक होने के नाते मैं खुश हूं कि यह विश्व के दर्शनशास्त्र का सम्मान है। संविधान सभा के सदस्य ,एक राजनयिक और भारत के उपराष्ट्रपति -राष्ट्रपति होने के बावजूद आजीवन एक शिक्षक रूप में बने रहने को ही डॉ राधाकृष्णन अपने जीवन की धन्यता समझते थे। एक ऐसा शिक्षक जो अपने विद्यार्थियों को बताए कि- एक आदर्श शिक्षक केवल सूचना का संवाहक नहीं होता, बल्कि चरित्र का निर्माण करता है। वे सदैव राष्ट्र निर्माण और मानवता की सेवा का सर्वोपरि मानते थे। शिक्षा और नैतिकता के आधार पर ही एक सशक्त, न्यायपूर्ण और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण सम्भव है।

इसके दो तरीके हैं, पहला -व्यक्ति के चरित्र निर्माण से समाज में बदलाव किया जा सकता है। दूसरा तरीका है, व्यवस्था में बदलाव होने पर समाज में परिवर्तन हो सकता है। एक तीसरा तरीका भी है, प्रयोग करके उसे आचरण में उतारना। ऐसा ही प्रयोग महात्मा गांधी ने अपने जीवन के साथ ही नहीं मृत्यु के साथ भी किया है। इसलिए गांधी जी जिस प्रयोग को पहले अपने ऊपर आजमा नहीं लेते थे, उसे दूसरों को करने के लिए कभी नहीं कहते थे। यह प्रयोग और कुछ नहीं जीवन को खुली आंखों से देखना और अपने अनुभव और शास्त्र ज्ञान को जीवन में उतरना है।

तुलसीदास का भी यहीं सुझाव है -

पर उपदेश कुशल बहुतेरे।
जे आचरहिं ते नर न घनरे ।।

इस अर्थ में शिक्षा प्रणाली में हो रहे तमाम प्रयासों को भी एक रचना और प्रयोग के तहत ही देखना-समझना चाहिए। पर आज के परिवेश में शिक्षा के नाम पर जो प्रयोग हो रहे हैं वे कितने भयावह है उस पर भी नजर रखना जरूरी है। जब से शिक्षा व्यवस्था को जीविकोपार्जन और व्यवसाय से जोड़ा गया और माता-पिता की अपनी मनोकामनाओं को पूरा करने के लिए सिर्फ इंजीनियर और डॉक्टर बनाना ही शिक्षा का एक मात्र का उद्देश्य समझा जाने लगा, तो उसका अंतिम हश्र क्या हुआ? अनुभव से यह तथ्य सामने आया है कि कोचिंग संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के तमाम कोशिशों के बावजूद अगर थोड़ी भी चूक हुई, तो उनका हश्र आत्महत्या, हताशा और डिप्रेशन के रूप में सामने आने लगा।

इतिहास का सबक यह है कि यूरोप में औद्योगिक क्रांति के बाद जब से ब्रिटिश राज भारत में कायम हुआ और मैकाले की शिक्षा व्यवस्था में हमारी अपनी प्रचलित ज्ञान परम्परा को ढालने की कोशिश शुरू हुई, हम अपनी जड़ों से कटते गये। हम ब्रिटिश हुकुमत की संचालित शिक्षा प्रणाली का सक्रिय हिस्सेदार होते गए, जिसका घोषित लक्ष्य अपनी शासन व्यवस्था के संचालन के लिए सिर्फ क्लर्क बनाना था। ऐसा क्लर्क जो शरीर, रंग-रूप से भले भारतीय हों, दिल - दिमाग से पूरी तरह अंग्रेज होना चाहिए। उस शिक्षा प्रणाली और उस औपनिवेशिक मानसिकता से आज तक हमारा छुटकारा नहीं हो पा रहा है। उससे मुक्ति की छटपटाहट और अकुलाहट तो दिख रही है। भारतीय ज्ञान परम्परा को नये सिरे से देखने -समझने और अनुसंधान के रूप में अपनाने का उत्साह और ललक भी दिखाई दे रही है। पर यह समझना भी जरूरी है कि चूंकि सत्य का अनुसंधान ही भारतीय ज्ञान परंपरा में ज्ञान का उद्देश्य है। इसलिए ज्ञान यात्रा ठीक रास्ते पर चलें, उसका निरन्तर परिष्कार भी होता चलें, इसकी गुंजाइश भी बरकरार रहनी चाहिए। यह भी उतना ही जरूरी है।

प्रसंगवश

## मेड इन इंडिया चिप से रखी बदलाव की नींव

भारत ने टेक क्रांति की तरफ बढ़ते हुए पहला पूर्णतः स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विकसित कर लिया है। इसरो की सेमीकंडक्टर लैब इस कामयाबी की साक्षी बनी है। पहली मेड इन इंडिया चिप का उत्पादन गुजरात के साणंद स्थित पायलट प्लांट से शुरू होगा। केंद्र की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 18 अरब डॉलर से ज्यादा के कुल निवेश वाली दस सेमीकंडक्टर परियोजनाएं देश में चल रही हैं। जिनमें से एक पंजाब के मोहाली में स्थित है। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले चिप क्षेत्र में भारत की यह दस्तक उत्साह जगाने वाली है। भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। हालांकि, इस राह में अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि छह सौ अरब डॉलर वाले वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर की हो सकती है। फिलहाल आधुनिक समय की इस जादुई चिप के उत्पादन में ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों का वर्चस्व है। यहां तक कि छोटा-सा देश ताइवान दुनिया के लगभग साठ फीसदी से ज्यादा सेमीकंडक्टर का उत्पादन कर रहा है। जिसमें करीब नब्बे फीसदी उन्नत सेमीकंडक्टर शामिल हैं। दरअसल, कोविड संकट के बाद आधुनिक तकनीक व उन्नत उपकरणों में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के चलते इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर होड़ पैदा हो गई है। निस्संदेह, भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में एक दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिये मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिये दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है। इससे हम वैश्विक दबाव से मुक्त होकर अपनी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बना सकते हैं। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सफलता हासिल करने की दिशा में भारत का एक सशक्त पक्ष यह भी है कि दुनिया के लगभग बीस फीसदी चिप डिजाइन इंजीनियर भारत में हैं। दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी क्षेत्र में कामयाबी के लिये भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर परियोजना के रूप में एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। सरकार बड़ी घरेलू कंपनियों को संबल देने के लिये डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव यानी डीएलआई के तहत दिए जा रहे लाभ के विस्तार के साथ ही, इसके तहत दिये जाने वाले अनुदान को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। जिसके तहत महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उत्पादन परियोजनाओं के लिये केंद्र व राज्यों से प्रोत्साहन के रूप में परियोजना की कुल लागत का सत्तर फीसदी मिलना जारी रह सकता है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार पचास फीसदी पूंजीगत सहायता दे रही है। वहीं राज्य सरकारें कुल परियोजना लागत का बीस फीसदी प्रोत्साहन दे रही हैं। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को भारत में गेम चेंजर टेक क्रांति माना जा रहा है। सेमीकॉन इंडिया 2025 के उद्घाटन मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा भी कि सरकार इस मिशन और उसको तैयार करने से जुड़ी डीएलआई योजना के अगले फेज पर काम कर रही है। निश्चित रूप से केंद्र के प्रयासों से भारत चिप उत्पादन के वैश्विक महत्वाकांक्षी अभियान की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ सकता है। दरअसल, डिजिटल डिवाइसों का मस्तिष्क कहा जाने वाला सेमीकंडक्टर कंप्यूटर, मोबाइल, राउटर, कार, सैटलाइट जैसे उन्नत डिजिटल डिवाइस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन उपकरणों की कार्यकुशलता उन्नत चिप की ताकत पर निर्भर करती है। साधारण शब्दों में कहें चिप पतली सिलिकॉन वेफर पर बने लाखों-करोड़ों ट्रांजिस्टरों का संजाल है। जो कंप्यूट करने, मेमोरी प्रबंधन व सिग्नल प्रोसेस करके डिवाइस को उन्नत बनाती है। उम्मीद है कि भारत का स्वेदशी चिप इस साल के आखिर तक बाजार में आ सकेगी। जिसका असर जियोपॉलिटिक्स पर तो होगा ही, नये रोजगार सृजन का वातावरण भी बनेगा।

**पहली मेड इन इंडिया चिप का उत्पादन गुजरात के साणंद स्थित पायलट प्लांट से शुरू होगा। वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी।**

## ॥गीता॥



**श्लोक**

**लभन्ते ब्रह्मनिर्वाणमृषयः**
**क्षीणकल्मषाः।**
**छिन्नद्वैधा यतात्मानः**
**सर्वभूतहिते रताः॥**

**भावार्थ**

जिनके सब पाप नष्ट हो गए हैं, जिनके सब संशय ज्ञान द्वारा निवृत्त हो गए हैं, जो सम्पूर्ण प्राणियों के हित में रत हैं और जिनका जीता हुआ मन निश्चलभाव से परमात्मा में स्थित है, वे ब्रह्मवेत्ता पुरुष शांत ब्रह्म को प्राप्त होते हैं।

जीवन दर्शन

# एक दिन लक्ष्य पूरे न कर पाने से छवि नहीं बदल जाती

क्या हुआ अगर एक दिन आप लक्ष्य पूरे न कर पाए, इससे आपकी छवि नहीं बदल जाती। खुद को एक विजेता मानें, जो आज के अधूरे काम कल जरूर पूरे करेगा। बड़ी संख्या में एथलीट और टीमें खेल मनोवैज्ञानिकों पर भरोसा कर रही हैं, क्योंकि शोध बताते हैं कि मानसिक कौशल प्रदर्शन को बेहतर बना सकते हैं। इन रणनीतियों को किसी भी काम में लागू किया जा सकता है, चाहे ऑफिस में कोई प्रेजेंटेशन देना हो या ड्राइविंग टेस्ट देना हो। ब्रिटेन के वॉल्वरहैम्प्टन विश्वविद्यालय में खेल व व्यायाम मनोविज्ञान के प्रोफेसर एंड्रयू एम. लेन ने कहा, शारीरिक प्रशिक्षण की तरह, दोहराव और चिंतन करने से लाभ प्राप्त होते हैं। कुछ खेल मनोवैज्ञानिकों ने प्रदर्शन में सुधार के लिए कुछ सर्वोत्तम सुझाव साझा किए।



**एक ही लक्ष्य पर टिके न रहें** - एक ही लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना आम बात है, लेकिन इससे बहुत दबाव पैदा होता है, और बीमारी या खराब मौसम जैसी अनियंत्रित बाधाएं आड़े आ सकती हैं। एक स्वप्निल लक्ष्य, एक रजत लक्ष्य और एक न्यूनतम लक्ष्य निर्धारित करने का प्रयास करें। इससे आपको नियंत्रण में मदद मिलेगी।

**सहयोगी विचारों पर ध्यान दें**- ओहायो सेंटर फॉर स्पोर्ट साइकोलॉजी के निदेशक, जैक जे. लेसिक ने कहा कि खेल और जीवन में सकारात्मकता पर लगातार ध्यान केंद्रित करना ध्यान भटकाने वाला हो सकता है। उन सहयोगी विचारों पर भी ध्यान दें, जो लक्ष्य प्राप्ति में सहायक हों।

**सबसे महत्वपूर्ण क्षणों की कल्पना करें**- एथलीटों को अक्सर सफलता के लिए मानसिक रूप से अभ्यास करना सिखाया जाता है। समय से पहले अपनी गतिविधियों की कल्पना करने से मस्तिष्क के उन्हीं क्षेत्रों में रोशनी पड़ती है, जिनका उपयोग वे प्रदर्शन करते समय करते हैं, जिससे उनके कौशल को मजबूती ?और उनकी नसों को शांत करने में मदद मिलती है।

**योग्य चीजों पर नियंत्रण रखें**- मनोवैज्ञानिक जस्टिन रॉस ने कहा कि ध्यान भटकने से बचने की कोशिश करने के बजाय खुद से पूछें- इस पल में मैं किस बात पर ध्यान देना चाहता हूं? उन्होंने कहा कि जितना ज्यादा आप इसका अभ्यास करेंगे, दबाव में होने पर भी ध्यान केंद्रित करना उतना ही आसान होगा।

**प्रदर्शन को अपनी पहचान से अलग करें**- डॉ. लेन ने कहा कि जब आपकी पहचान और व्यावसायिक सफलता एक-दूसरे से गुंथी हुई हों, तो एक बुरा दिन भी असफलता जैसा लग सकता है। लेकिन यदि आप अपनी पहचान को अपने प्रदर्शन से अलग कर पाते हैं, तो आप समझ जाते हैं कि आपका मूल्य किसी एक परिणाम से परिभाषित नहीं होता। आप एक विजेता की तरह आगे बढ़ें- सबक नोट करें, थोड़ी देर टहलने के लिए रुकें और फिर आगे बढ़ें।

**क्रिस्टीना कैरन**

# उमंग के बयान 'मैं आदिवासी हूं, हिंदू नहीं' पर सियासत शुरू, भाजपा सांसदों ने घेरा

## सिंघार ने छिंदवाड़ा में आदिवासी विकास परिषद की बैठक में दिया था बयान

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के मुझे गर्व है मैं आदिवासी हूं,हिन्दू नहीं वाले बयान को लेकर मध्यप्रदेश में सियासत शुरु हो गई है। सिंघार पर हमले की कमान आदिवासी सांसदों ने संभाली है। उन्होंने कहा कि प्रकृति पूजक आदिवासी हिन्दू समाज का अभिन्न अंग है। गौरतलब है कि उमंग सिंघार ने छिंदवाड़ा में आदिवासी विकास परिषद की बैठक में बयान दिया था कि किसी भी समाज को सम्मान देना बुरी बात नहीं है। बहुत सालों पहले जो वर्ण व्यवस्था बनाई गई,उसमें क्या स्थिति रही,क्या मनुवाद रहा ये आप सब जानते हैं। हम प्रकृति पूजक हैं और मैं तो कहता हूं गर्व से कहो हम आदिवासी हैं, हम हिन्दू नही है। वो सबरी थी जिसने राम को जूठे बेर खिलाये थे वो भी आदिवासी ही थी।

### सांसद ने कहा गुमराह कर रहे सिंघार

सिंघार का बयान सामने आते ही गुरुवार को भाजपा के आदिवासी व दूसरे नेता सक्रिय हो गए। सांसद गजेन्द्र पटेल ने कहा कि संविधान में



भी आदिवासियों को हिन्दू समाज का अभिन्न अंग बनाया गया है। वर्ष 1991 की जनगणना में भी इसी परिधि में हमारे आदिवासी समाज को गिना गया है। हम प्रकृति पूजक है,पेड,नदी,जल,पहाड़ों को पूजते है,तो हम हिन्दू समाज के दशहरा,दीपावली,होली जैसे सभी त्यौहारों को मनाते है। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के अनुसार इस बात को उजागर भी किया गया है। सिंघार वोट बैंक की खातिर आदिवासी समाज को बरगलाने का काम कर रहे है। जिसका आदिवासी समाज आने वाले समाज में जवाब देगा।

### महादेव का उपासक है समाज : उइके

केन्द्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने उमंग सिंघार के बयान को किसी बिना प्रमाण और



अज्ञानताजनक करार दिया। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज आदि देव महादेव के अंशज बंशज है। कैलाश सहित जितने भी ज्योतिलिंग है,वह सभी वनाचंल में है। जनजाति वर्ग भी भगवान महादेश की तरह जीवनचर्चा जीते है।समाज महादेव के उपासक है। हमारे जितने भी गौड राजा हुए,उनके किलों में आदि शक्ति कंकाली और भगवान महादेव प्रतिमाएं देखने को मिली है,जहां राजा उनकी उपासना करते थे। महाभारत काल में भी कुंती पुत्र भीम ने हमारी जनजाति बहन हिडम्मा से शादी की थी,जिनके पुत्र घटोत्कच और उनके पुत्र बर्बरीक है,जिन्हें खाटू श्याम के रुप में पूजा जाता है। राज्यमंत्री ने कहा कि हम सभी हिंदू त्यौहारों को मनाते है। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष सिंघार का बयान भ्रामक और तथ्यों से परे है।

### सिंघार अपनी बात पर कायम

सिंघार ने कहा कि आदिवासी परंपराएं, रीति-नीति और अधिकारों पर सुप्रीम कोर्ट ने कई महत्वपूर्ण टिप्पणियां की हैं। संविधान में अनुसूचित जनजातियों के लिए अनुच्छेद 244, 275 और पाँचवीं अनुसूची के



अंतर्गत विशेष अधिकार प्रदान किए गए हैं। ये अधिकार इसी आधार पर दिए गए हैं कि आदिवासी समुदाय सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से अलग और विशिष्ट हैं। सिंघार ने कहा कि उनका कहना बिल्कुल स्पष्ट है कि मैं आदिवासी समाज की अस्मिता, गौरव और उनकी स्वतंत्र धार्मिक पहचान का सम्मान करता हूं। आदिवासी समाज अपनी प्रकृति-आधारित आस्था, जीवन-शैली और संघर्षशील परंपराओं के साथ इस देश की असली ताकत है। हिंदू धर्म का सम्मान हमारे लिए उतना ही है, लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि आदिवासी अपनी परंपराओं और मान्यताओं के साथ अलग और विशिष्ट हैं। हमारी राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता या वोट नहीं है, बल्कि इन्हीं परंपराओं को संरक्षित, सशक्त और सम्मानित करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने गौरवशाली इतिहास और संस्कृति पर गर्व कर सकें।

एक्शन में लोकायुक्त पुलिस.... प्रदेशभर में एक दिन में तीन ट्रैप

# रिश्वत लेते एसबीआई का असिस्टेंट मैनेजर और हाउस कीपर गिरफ्तार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त की इंदौर यूनिट ने गुरूवार को झाबुआ जिले के खवासा में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के असिस्टेंट मैनेजर और हाउसकीपर को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। लोकायुक्त से मली जानकारी के अनुसार थांदला तहसील के ग्राम नरसिंगपाड़ा निवासी आवेदक 29 साल के पंकज सिंगाड़ किराना दुकान चलाते हैं। उन्होंने 4 लाख रुपए के लोन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। आवेदन के बाद, उन्होंने बैंक के असिस्टेंट मैनेजर एवं फील्ड ऑफिसर ऋषभ शुक्ला से संपर्क किया। ऋषभ शुक्ला ने लोन पास करने के एवज में 40 हजार की घूस मांगी। ऋषभ ने आवेदक को बैंक के हाउस कीपर हीरालाल लोहार के जरिए किश्तों में रिश्वत की डिमांड की। पंकज ने इसकी शिकायत लोकायुक्त एसपी इंदौर राजेश सहाय से की। योजना के मुताबिक लोकायुक्त पुलिस ने गुरूवार को ऋषभ शुक्ला के सहयोगी हीरालाल लोहार को 10,000 की रिश्वत लेते हुए मौके पर ही रंगे हाथों पकड़ लिया। दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 की धारा 7 एवं बीएनएस की धारा 61 (2) के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

### 4 हजार की रिश्वत लेते समिति प्रबंधक और कर्मचारी को दबोचा

लोकायुक्त की जबलपुर इकाई ने मंडला जिले में जिला सहकारी समिति मर्यादित मोहगांव के समिति प्रबंधक और एक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गुरूवार को पकड़ा है। लोकायुक्त से मिली जानकारी के अनुसार नरेंद्र कुमार मसराम के पिता का खाता जिला सहकारी समिति मोहगांव में है। उनके केसीसी खाते में एक लाख रुपए का लोन मंजूर हुआ था और राशि खाते में आ गई थी। इसके बाद भी समिति प्रबंधक सोहेल खान और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी पवन सोनी लोन पास कराने के एवज में 4,000 रुपए मांग रहे थे। योजना के तहत लोकायुक्त पुलिस ने जाल बिछाया और दोनों आरोपियों को बिछिया चौराहा मंडला में रिश्वत की रकम लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-7, 12, 13(1), 13(2) और धारा 61(2) के तहत प्रकरण कायम कर इसकी जानकारी विभागीय अफसरों और जिला कलेक्टर को दे दी गई है।

### राजीनामा के लिए आरक्षक ने मांगे 30 हजार, छीनी बाइक

लोकायुक्त पुलिस की इंदौर यूनिट ने ही गुरूवार को धार जिले में एक पुलिस आरक्षक को पकड़ा। धार जिले के बिमरोड निवासी कमल भूरिया ने लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत में बताया था कि उसका भाई कालू लड़की को भगा ले गया था। पंचायत के फैसले के अनुसार कालू पर 1 लाख 60 हजार रुपए का दंड लगाया था जिसमें से 50 हजार रुपए का भुगतान कर दिया गया। इसके बावजूद आरक्षक अशोक मौर्य ने मामले को खत्म करने 50 हजार मांगे जिसमें से 20 हजार उसने तत्काल ले लिए और बाकी 30 हजार के लिए बाइक और मोबाइल छीन ली। शिकायत के सत्यापन में पाया गया कि आरक्षक अशोक मौर्य लगातार 30 हजार रुपए की मांग कर रहा था। लोकायुक्त पुलिस ने कॉल रिकॉर्डिंग और सबूतों के आधार पर आरक्षक अशोक मौर्य के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-7 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में जीएसटी भुगतान की सुविधा शुरू

**भोपाल।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने अपने ग्राहकों और गैर-ग्राहकों दोनों के लिए जीएसटी (त्रस्ञ्) भुगतान की सुविधा शुरू की है। यह सुविधा ग्राहकों और गैर-ग्राहकों दोनों के लिए उपलब्ध है। ग्राहक जीएसटी का भुगतान यूपीआई, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से कर सकते हैं। ग्राहक डीडी/चेक/कैश के माध्यम से देशभर की शाखाओं के जरिए भी भुगतान कर सकते हैं। डाउनलोड करने योग्य चालानों की आसान सुविधा। इससे पूरे देश में करदाताओं के लिए डिजिटल चैनल्स के माध्यम से भुगतान करना और भी आसान और सुविधाजनक हो गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के हेड- रिटेल लाइबिलिटीज़, श्री आशीष सिंह ने कहा, एक यूनिवर्सल बैंक के रूप में हमारा उद्देश्य अपने ग्राहकों को समग्र सेवाएँ प्रदान करना है। अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के ग्राहक और गैर-ग्राहक दोनों यूपीआई, क्रेडिट और डेबिट कार्ड के जरिए जीएसटी का भुगतान कर सकते हैं। इससे टैक्स भुगतान अब सहज, आसान और समावेशी हो गया है। इस कदम से हमारा डिजिटल बैंकिंग सिस्टम और आसान बनेगा और सभी करदाताओं को सरल, परेशानी-मुक्त भुगतान अनुभव मिल सकेगा। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक निजी क्षेत्र के उन बैंकों में शामिल है, जिन्हें जीएसटी कलेक्शन की अनुमति मिली है। यह एक बार फिर इस बात की पुष्टि करता है कि बैंक अपने ग्राहकों को समग्र बैंकिंग सेवाएँ और वित्तीय समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**यूपीआई, कार्ड, नेट बैंकिंग और शाखाओं के जरिए हो सकेगा भुगतान**

# संघ की राजस्थान बैठक के बाद मध्यप्रदेश में होंगे संगठनात्मक बदलाव

## हितानंद को दूसरे राज्य की मिल सकती है कमान, मप्र को मिलेगा नया संगठन महामंत्री

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय समिति कीबैठक के उपरांत भाजपा में बड़े परिवर्तन हो सकते है। इसमें मध्यप्रदेश भी प्रभावित हो सकता है। सूत्रों की माने तो संगठन स्तर पर अहम बदलाव होंगे,जिसमें प्रदेश को नया संगठन महामंत्री और संभाग स्तर पर संगठन महामंत्रियों की पदस्थापना का रास्ता साफ हो जाएगा। भाजपा की राजनीति की नब्ज समझने वालों का दावा है कि प्रदेश भाजपा की नई टीम में बड़े बदलाव होंगे। इस टीम के गठन से पहले प्रदेश को नया संगठन महामंत्री मिल सकता है। सूत्रों का कहना है कि मौजूदा संगठन महामंत्री हितानंद को किसी दूसरे अहम राज्य की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी,तो प्रदेश में उत्तर प्रदेश से किसी बड़े नेता को संगठन महामंत्री के तौर पर भोपाल भेजा जा सकता है। कहा यह भी जा रहा है कि पिछले दिनों राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के भोपाल प्रवास के दौरान




ऐसे संकेत मिले थे। इस अहम बैठक के दौरान मध्यप्रदेश के संदर्भ में संभागीय संगठन मंत्री बैठाने पर भी निर्णय लिया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि कुछ वर्षो पहले मध्यप्रदेश में यह व्यवस्था थी, लेकिन कलांतर में इस व्यवस्था को बदल दिया गया था। कहा जा रहा है कि इस व्यवस्था के बदले जाने के बाद जिस तरह से जमीनी स्तर संगठन में अनुशासनहीनता जैसी स्थिति निर्मित हुई और मामले भोपाल प्रदेश मुख्यालय तक पहुंचने लगे,तो पुरानी व्यवस्था को बहाल कर ऐसे मामले संभागीय स्तर पर ही सुलझाने को लेकर चर्चा शरु हुई थी और इस तरह का प्रस्ताव भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व तक भेजा गया था। दरअसल भाजपा संगठन के इस अहम पद पर राष्ट्रीय स्वयं संघ की विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ताओं को पदस्थ करता है,जो पूर्णरुप से अपना समय और समर्पण संगठन को मजबूत बनाने के लिए दे सके। बताया गया है कि इसके लिए भाजपा ने संघ से ऐसे कार्यकर्ताओं को भेजने का आग्रह किया है। कहा जा रहा है कि इस संघ की राजस्थान की बैठक में इस मामले पर भी चर्चा हो सकती है और इसके लिए संघ अपने कुछ कार्यकर्ताओं को भाजपा में सेवा देने के लिए उनके दायित्व से मुक्त कर सकते है।

### वसुंधरा की मुलाकात पर नजर

इधर प्रदेश भाजपा के रणनीतिकारों की नजर राजस्थान की इस अहम बैठक पर है। जहां राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे की सरसंघचालक मोहन भागवत से मुलाकात हुई है। बताया गया है कि राजे ने भागवत से करीब 25 मिनट तक लंबी मंत्रणा की है। इस मुलाकात ने सियासी गलियारों में हलचल मच गई। जानकार इसे भाजपा के अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति से जोड़ रहे है। जानकारों का दावा है कि राजे ने राजस्थान में बीजेपी संगठन और सरकार में बदलावों और खुद की भूमिका पर चर्चा की। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले महीने ही राजे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह से भी मुलाकात की थी।

### कुछ नेताओं की संघ में हो सकती है वापसी

सूत्रों का यह भी कहना है कि मौजूदा समय में भाजपा के लिए अलग-अलग दायित्व निभा रहे कुछ कार्यकर्ताओं की संघ में वापसी हो सकती है। इनके अलावा ऐसे कार्यकर्ताओं के बारे में भी जानकारी जुटाई जाएगी,जो पहले भाजपा के संभागीय संगठन महामंत्री या दूसरे अहम पदों पर काम कर चुके हैं।

## बिसेन के इशारे पर डीएफओ ने लगाए हैं आरोपः अनुभा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** बालाघाट उत्तर की वनमंडाधिकारी नेहा श्रीवास्तव द्वारा विधायक अनुभा मुंजारे पर रिश्वत मांगने का शिकायती पत्र सामने आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। विधायक मुंजारे ने गुरुवार को आरोप लगाया कि पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन और उनकी पुत्री मौसम के शह पर डीएफओ ने आरोप लगाया है,



जिनके खिलाफ वो हाईकोर्ट में मानहानि का दावा करेंगी। मुंजारे ने बताया कि उनके डीएफओ नेहा श्रीवास्तव ने उन्हें वन विभाग के सर्किट हाउस में मिलने की इच्छा जताई थी। तब उनसे मुलाकात हुई, तो उन्होंने अपने डीएफओ पति अधर गुप्ता के संबंध में चर्चा की। जहां बातचीत के दौरान डीएफओ श्रीवास्तव भड़क गईं। इसके बाद डीएफओ अनय गुप्ता ने भी उनसे मिलने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने अकेले में मिलने से इंकार कर दिया। मुंजारे ने कहा कि यह सब पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन और उनकी पुत्री मौसम के इशारे पर हो रहा है। उनके द्वारा नैतिकता की बात कही जा रही है। जबकि हकीकत यह है कि नगर पालिका बालाघाट भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। उनके पिता बिसेन ने लालबर्रा थाने में आरटीओ गढ़पाले को गालियां दी गईं, जिसका वीडियो वायरल हुआ था। बिसेन की अभद्रता के कारण उनके एक कार्यपालन यंत्री को अपनी नौकरी से त्यागपत्र देना पड़ा। ऐसे लोग नैतिकता की बात कर उनसे इस्तीफा मांग रहे है। मुंजारे ने कहा कि उन्होंने हमेशा सिद्धांतों और पारदर्शिता के साथ राजनीति की है और आगे भी करेंगी।

## हाईकोर्ट की बेंच स्थापित कराने मिले सहयोग

**विसं, भोपाल।** भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की बैंच को भोपाल स्थापित करने के लिए अभिभाषक संघ का सहयोग आवश्यक होगा। शर्मा ने कार्यक्रम बार एसोसिएशन और उपस्थित वकीलों से कहा कि मैं हाईकोर्ट खंडपीठ के लिए प्रयास कर रहा हूँ, लेकिन इसमें आप लोगों का सहयोग भी जरूरी है। हाईकोर्ट बेंच की स्थापना के लिए राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री, राज्यपाल और हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की ओर से प्रस्ताव केंद्र में जाना आवश्यक है। आप भी सीएम से मिलकर सामूहिक तौर पर सहयोग मांगा जाएगा। बार एशोसिएशन द्वारा हाईकोर्ट की बेंच भोपाल लाने और अभिभाषक संघा की नवीन बिल्डिंग में द्वितीय तल बनाने के लिए सांसद निधि से सहयोग राशि की मांग की गई। कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा का अभिभाषक संघ की ओर से शॉल-श्रीफल और पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया।

# भाजपा सांसद ने लिखा पत्र, कहा- किसानों की खाद की परेशानी मुझसे देखी नहीं जाती

## कांग्रेस ने कसा तंसः सांसद के पत्र ने खाद वितरण में सरकार की पोल खोली

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सांसद गणेश सिंह ने अधिकारियों से किसानों को खाद वितरण मामले को गंभीरता से लेने पत्र लिखा है। जिस पर कांग्रेस ने तंस कसा है। कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि सांसद के पत्र ने खाद वितरण के मामले में सरकार की पोल खोल दी है। दरअसल सांसद गणेश सिंह ने खाद वितरण की समस्या वाले जिलों और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इस पूरे मामले पर गंभीरता से लेने को कहा है। इसके लिए उनके द्वारा एक पत्र लिखा गया है, जिसमें उन्होंने कहा कि किसानों के खाद की परेशानी मुझसे (सिंह) से देखी नहीं जाती।



किसानों की लंबी लाइन देखकर बहुत कष्ट हो रहा है। खाद वितरण में पारदर्शिता की कमी और निजी क्षेत्रों में ऊंचे दाम पर किसान खाद खरीदने को मजबूर हैं। छोटे किसान खाद के लिए भटक रहे है। सांसद ने कहा कि किसानों की इस परेशानी को दूर करने के लिए जिला प्रशासन को उनका और उनकी पार्टी का पूरा सहयोग मिलेगा।

### खाद के लिए भटक रहा अन्नदाता : पटवारी

सांसद के इस पत्र पर तंज कसते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश का अन्नदाता खाद के लिए दर-दर भटक रहा है। सरकार मंचों से दावा करती है कि खाद की कोई कमी नहीं



है, जबकि हकीकत यह है कि खुद भाजपा सांसद गणेश सिंह ने अपनी चिट्ठी में किसानों की परेशानी स्वीकार की है। यह भाजपा सरकार की पोल खोलने के लिए पर्याप्त है। पटवारी ने कहा कि प्रदेश भर में किसानों को खाद लेने के लिए घंटों-घंटों कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। छोटे किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा, जबकि बड़े किसानों और माफियाओं को भाजपा सरकार संरक्षण दे रही है। वितरण व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है और अधिकारी किसानों की पीड़ा पर ध्यान नहीं दे रहे। पटवारी ने चेतावनी दी कि यदि भाजपा सरकार ने अन्नदाता की अनदेखी जारी रखी तो कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक बड़ा आंदोलन करेगी।

## आईसर के विद्यार्थी ने की रैगिंग की शिकायत

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईसर) में द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी आपस में भिड़ गए हैं। इस संबंध में एक विद्यार्थी ने यूजीसी की एंटी रैगिंग हेल्पाइन पर शिकायत दर्ज करा दी है। शिकायत में बताया गया है कि सहपाठी ने उसके साथ मारपीट की है। हेल्पलाइन ने आईसर प्रबंधन को ईमेल कर प्रकरण को निराकृत करने का आदेश किया है। इसके चलते शुक्रवार को एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक हुई जिसमें प्रकरण पर चर्चा की गई। इस संबंध में दोनों विद्यार्थियों को सोमवार को बुलाकर बयान लिए जाएंगे। इसके बाद आगामी कार्रवाई निर्धारित की जाएगी। राजधानी के एम्स के विद्यार्थी ने भी रैगिंग की शिकायत दर्ज कराई है। इसमें जूनियर विद्यार्थी ने बताया कि सीनियर ने उसे अकेले में बुलाकर नाम पूछा। नाम बताने के बाद कहा कि अपने सीनियर से ऐसे बात करते हो और उसके गालों पर चार तमाचे लगा दिए। जूनियर ने सीनियर के खिलाफ एंटी रैगिंग हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करा दी। हेल्पलाइन से आये ई-मेल के बाद एम्स प्रबंधन हरकत में आया। एम्स प्रबंधन ने शिकायत को लेकर जूनियर की तलाश शुरू कर दी है। इससे लेकर कई विद्यार्थियों से पूछा गया, लेकिन एंटी रैगिंग कमेटी और प्रौटोरियल बोर्ड जूनियर की तलाश नहीं कर पाए हैं।

### दूसरी शिकायत भी झूठी

पं. खुशीलाल आयुर्वेद कालेज में 26 अगस्त को रैगिंग की शिकायत यूजीसी की एंटी रैगिंग हेल्पलाइन पर दर्ज की गई थी। हेल्पलाइन ने कालेज प्रबंधन ने पीड़ित की तलाश कर कार्रवाई करने के लिए निर्दिशत किया था। कालेज का प्रोक्टोरियल बोर्ड जूनियर की तलाश नहीं कर पाया और उन्होंने प्रकरण को झूठा बताकर रिपोर्ट को यूजीसी की एंटी रैगिंग हेल्पलाइन पर भेज दिया है। रिपोर्ट हेल्पाइन पहुंची थी कि विद्यार्थी ने एक सितंबर को दूसरी बार फिर शिकायत दर्ज करा दी। इसमें जूनियर ने शिकायत में फिर स्पष्ट किया कि उसके साथ सीनियर ने दुर्व्यवहार कर मारपीट की है।

## डिप्टी सीएम पहुंचे एम्स, लिया स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने एम्स भोपाल का दौरा कर वहां की चिकित्सा व्यवस्थाओं एवं अधोसंरचना का अवलोकन किया। उन्होंने एम्स भोपाल द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सहज एवं सुलभ बनाने के लिए किए जा रहे विभिन्न नवाचारों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए एम्स जैसे अग्रणी संस्थानों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) माधवानंद ने एम्स की वर्तमान स्वास्थ्य सेवाओं तथा भविष्य की योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने विश्वास व्यक्त किया कि एम्स भोपाल के अनुभव एवं नवाचार प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी व गुणवत्तापूर्ण बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। इस दौरान प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को नई तकनीक एवं आधुनिक संसाधनों से सशक्त करने, अनुसंधान आधारित चिकित्सा सेवाओं को बढ़ावा देने तथा जनसामान्य को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने संबंधी विभिन्न आयामों पर वृहद चर्चा हुई। इस दौरान उप संचालक प्रशासन संदेश जैन सहित एम्स के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

**लगता है हमने भारत...**

इससे भारत और चीन, सीमा विवाद के बाद तनाव के बावजूद फिर से करीब आने लगे। हाल ही में चीन के तियानजिन में एससीओ बैठक में पीएम मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तिकड़ी की खूब चर्चा हुई। तीनों नेता एक-दूसरे से बात करते दिखाई दिए। इसे पश्चिमी देशों, खासकर अमेरिका के लिए संदेश माना गया। सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुईं तीनों राष्ट्राध्यक्षों की तस्वीरों के बाद अब ट्रंप ने भी टिप्पणी की है। ट्रंप ने पोस्ट में पीएम मोदी, पुतिन और जिनपिंग की तस्वीर भी शेयर की है। इससे पहले ट्रंप ने चीनी सैन्य परेड में हथियारों को सार्वजनिक तौर पर दिखाए जाने को लेकर भी चीन पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि यह परेड चीन ने उन्हें दिखाने के लिए की है।

**पुतिन से दूसरी मीटिंग को तैयारः** ट्रंप और पुतिन के बीच एक और मुलाकात तय होने वाली है। क्रेमलिन ने इस पर मुहर लगा दी है। हालांकि, दोनों के बीच मीटिंग कब और कहां होगी, यह तय नहीं है। क्रेमलिन के प्रवक्ता के दिमित्री पेश्कोव के मुताबिक अमेरिकी और रूसी राष्ट्रपति बहुत जल्द मिल सकते हैं। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति आवास में रात्रिभोज के बाद ट्रंप ने भी एक सवाल के जवाब में कहा था कि वह पुतिन से फिर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी बातचीत अच्छी चल रही है।

**शिवपुरी में 6.21 करोड़ ...**

एसपी अमन सिंह राठौड़ ने कंट्रोल रूम में पत्रकारों से चर्चा में बताया कि 4 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी देहात निरीक्षक जितेन्द्र मावई के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कोटा-झांसी फोरलाइन पर मझेरा गांव के पास दबिश दी। यहां संदिग्ध हालत में खड़े आरोपी को पकड़कर कीया कार से 60 पैकेट 30.295 किलोग्राम चरस बरामद किए। एसपी ने कहा, नशे के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाना हमारी पहली प्राथमिकता है।

**महिला अफसर को 'धमकी'...**

इस दौरान उन्हें अधिकारी से नंबर मांगकर वीडियो कॉल पर बात करने को कहते सुना जा सकता है। घटना तब हुई जब अधिकारी वहां अवैध मिट्टी खनन पर कार्रवाई रोकने गई थीं। पवार ने इस दौरान अधिकारी को कार्रवाई रोकने के सख्त निर्देश दिए। विवाद बढ़ने पर पवार ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, उनका कानूनी कार्रवाई में हस्तक्षेप करने का इरादा नहीं था। सोलापुर में पुलिस अधिकारियों के साथ मेरी बातचीत से संबंधित कुछ वीडियोज की ओर मेरा ध्यान आकर्षित हुआ है। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि मेरा इरादा कानून प्रवर्तन में हस्तक्षेप करने का नहीं था, बल्कि यह सुनिश्चित करना था कि जमीनी स्तर पर स्थिति शांत रहे और आगे न बिगड़े। पवार ने लिखा कि वे महिला अधिकारियों का बेहद सम्मान करते हैं। उन्होंने लिखा, मैं पुलिस फोर्स और उसके अधिकारियों, जिनमें महिला अधिकारी भी शामिल हैं का बहुत सम्मान करता हूं। मैं कानून के शासन को सबसे ऊपर रखता हूं।

××××××××××

**जीएसटी में बदलाव** — स्लैब में बदलाव को लेकर मध्यप्रदेश के नेताओं ने दी प्रतिक्रियाएं

# भाजपा ने बताया फायदेमंद, कांग्रेस ने कहा गरीब विरोधी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** जीएसटी स्लैब में बदलाव को लेकर मध्यप्रदेश के नेताओं ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। सत्ताधारी दल ने इसे जनता के हित में बताया है, तो कांग्रेस का कहना है कि इस मामले पर उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने का काम किया गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि केंद्र सरकार के इस निर्णय का लाभ देश की 90 प्रतिशत आबादी करीब सवा सौ करोड़ के साथ गरीब, युवा, किसान और महिलाओं समेत हर वर्ग को ताकत मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अगस्त को कर ढांचे को नागरिक केंद्रित बनाते हुए आमजन के जीवन को बेहतर बनाने की






बात कही थी और जीएसटी स्लैब में किया गया बदलाव इसी दिशा में एक बड़ाकदम है। विधानसभाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश की 140 करोड़ आबादी के हित में, गांव, गरीब , किसान और आमजन को राहत पहचाने के लिए जीएसटी दरों को 4 की जगह सिर्फ 2 स्लैब में करने का अत्यंत सराहनीय और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जहां 12 फीसदी और 28 प्रतिशत वाले टेक्स स्लैब को खत्म कर दिया गया है, वहीं 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत स्लैब्स में इन वस्तुओं को रखने से निश्चित रूप से आवश्यक वस्तुओं के दामों में कमी आएगी। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में अगली पीढ़ी के सुधारों को लागू करने का निर्णय भारत की अर्थव्यवस्था की गति को और तेजी से बढ़ाएगा। इस निर्णय से उद्योग और व्यापार जगत को बड़ी राहत मिलेगी। छोटे और मध्यम उदयोगों की लागत घटेगी और वे ज्यादा से ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनेंगे। उन्होंने कहा कि उत्पादन और वितरण तंत्र सरल और किफायती होगा। उपभोक्ताओं को आवश्यक वस्तुएं और सेवाएं पहले की तुलना में अधिक उचित दाम पर मिलेगी। सरकार के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि जीएसटी दरों में भारी कमी से देश की जनता को बड़ा लाभ होगा। इस लाभ त्यौहारों में देखे को मिलेगा। इससे माध्यम वर्गीय और आम जनता को होगा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि जनता तक योजनाएं पहुंचाने, अर्थव्यवस्था सुचारू करने, विकास के नए आयाम स्थापित हो इसके लिये हर समय जनहितैषी निर्णय लिए गए हैं।

### गरीबों पर डाला जा रहा बोझः दिग्विजय

दिग्विजय सिंह ने जीएसटी संशोधन पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि भारत



एकमात्र देश है, जहां गरीबों पर जीएसटी का बोझ डाला जा रहा है और उद्योगपतियों को इससे राहत दी जा रही है। 5 लाख से कम आय वालं पर 30 प्रतिशत तक जीएसटी है, जबकि उद्योगपतियों से मात्र 22 प्रतिशत से भी टैक्स लिया जा रहा है।

# उफान पर यमुना, सैकड़ों घर डूबे





चंडीगढ़/दिल्ली/शिमला, जेएनएन। दिल्ली में यमुना का पानी शहर के अंदर घुस गया है। गुरुवार को शहर के कई इलाकों में 3-4 फीट तक पानी भरा है। मयूर विहार फेज-1 में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बने राहत शिविरों में यमुना का पानी भर गया। अलीपुर में नेशनल हाईवे-44 पर फ्लाईओवर का एक हिस्सा धंस गया। राजस्थान में दौसा जिले के कई इलाकों में गुरुवार को बारिश हुई। सिकराय सहित कई इलाकों के बाजारों में पानी भर गया। अजमेर में जेएलएन हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज पानी में आधा डूब गया है। पंजाब के सभी 23 जिलों में बाढ़ आ गई है। 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 1 अगस्त से 3 सितंबर तक बाढ़ में 37 लोगों की मौत हुई है। रोपड़ के गांव नारंगपुर (बारी) में गुरुद्वारा तपस्तान बीबी मुमताजगढ़ साहिब की दीवार ढह गई। उप्र के पीलीभीत में 25 गांव और मथुरा में 6 गांव बाढ़ में डूब गए हैं। आगरा में यमुना का पानी ताजमहल तक पहुंच गया है। हरियाणा के भी कई इलाके बाढ़ में डूबे हैं। राज्य में 11 लोगों की मौत हुई है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में गुरुवार सुबह लैंडस्लाइड में दो घर ढह गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। 6 लोग अंदर फंस गए हैं।

देश के उत्तरी राज्यों में बारिश और बाढ़ का कहर थम नहीं रहा है। यमुना का जलस्तर बढ़ने से आसपास के इलाके जलगग्न हैं। उत्तर प्रदेश के मथुरा में कई इलाके डूबे हुए हैं।( इनसेट ) नई दिल्ली में यमुना का जलस्तर 207.48 मीटर पहुंचने और उफनती नदी स्त्र पानी लोहा पुल ( पुराना लोहे का पुल ) को टच कर गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में नवंबर में चुनाव अक्टूबर में होगा ऐलान!

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखें जल्द घोषित हो सकती हैं। निर्वाचन आयोग अक्टूबर के पहले या दूसरे हफ्ते में कार्यक्रम का ऐलान करेगा और 5 से 15 नवंबर के बीच मतदान होने की संभावना है। नतीजे 20 नवंबर तक आ जाएंगे। 22 नवंबर से पहले नई विधानसभा का गठन कर लिया जाएगा। निर्वाचन आयोग के सूत्रों के मुताबिक बिहार में नई



विधानसभा चुनने के लिए नवंबर के पहले और दूसरे हफ्ते में मतदान संभव है। दुर्गापूजा के बाद अक्टूबर के पहले हफ्ते या दूसरे हफ्ते के शुरुआती दिनों में निर्वाचन आयोग बिहार विधानसभा के चुनावी कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। आयोग दिवाली और छठ पूजा के बाद बिहार में मतदान की तारीख जारी करेगा। मतदान के लिए कार्तिक पूर्णिमा पर्व का भी ध्यान रखा जाएगा। सूत्रों के अनुसार दो या फिर तीन चरणों में मतदान कराए जाने की संभावना है। 22 नवंबर से पहले नई विस के गठन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। लिहाजा 5 से 15 नवंबर के बीच मतदान संभव है। मतगणना और नतीजे 20 नवंबर से पहले ही आ जाएंगे। वैसे भी परिपाटी के अनुसार एसआईआर के बाद बिहार में वोटरलिस्ट के फाइनल प्रकाशन के बाद ही आयोग बिहार में चुनाव की घोषणा करेगा।

### मणिपुर: केंद्र व संगठनों में समझौता, एनएच-2 खुला

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संभावित मणिपुर यात्रा से पहले केंद्र सरकार और कुकी-जो उग्रवादी संगठनों के बीच एक अहम समझौता हुआ है। गृह मंत्रालय ने कुकी-जो परिषद के साथ निलंबित ऑपरेशन



समझौते को नवीनीकृत करने और राष्ट्रीय राजमार्ग-2 को खोलने पर सहमति बनाई है। गृह मंत्रालय के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में राष्ट्रीय राजधानी में मंत्रालय और कुकी-जो प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई बैठकों के बाद यह सहमति बनी। कुकी नेशनल ऑर्गेनाइजेशन के प्रवक्ता सेइलन हाओकिप ने भी समझौते की पुष्टि की। समझौते के तहत मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखी जाएगी और सात निर्दिष्ट उग्रवादी कैंपों को संघर्ष-प्रवण इलाकों से हटाकर दूसरी जगह ले जाया जाएगा। साथ ही, स्थायी शांति और स्थिरता के लिए वार्ता आधारित समाधान खोजने पर भी सहमति बनी।

रूसी राष्ट्रपति ने ट्रंप को दिया जवाब, भारत-चीन झुके तो उनकी राजनीति खत्म, टैरिफ से न डराएं उन्हें

# भारत-चीन को धमकाना बंद करें

**बीजिंग, जेएनएन।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भारत और चीन को टैरिफ के नाम पर धमकाना बंद करने को कहा है। उन्होंने कहा कि दोनों (भारत-चीन) देश उनकी धमकी से डरने वाले नहीं हैं। चीन की विक्ट्री डे परेड में शामिल होने के बाद बुधवार (3 सितंबर) को मीडिया से बात करते हुए पुतिन ने कहा कि ट्रंप, भारत या चीन से इस तरह से बात नहीं कर सकते। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, भारत और चीन का इतिहास हमलों से भरा है। अगर इन देशों का कोई नेता कमजोरी दिखाएगा तो उसका राजनीतिक करियर खत्म हो सकता है। दरअसल, ट्रंप भारत पर कई बार आरोप लगा चुके हैं कि भारत रूसी तेल खरीदता है और यूक्रेन जंग में रूस का साथ दे रहा है। ट्रंप अपने टैरिफ को जंग सुलझाने वाला हथियार बताते हैं। ट्रंप ने बुधवार को एक रेडियो शो में कहा था कि इस (टैरिफ) नीति की वजह से अमेरिका को ताकत मिलती है। ट्रंप ने टैरिफ को जादुई हथियार कहा और दावा किया इसके जरिए उन्होंने 7 जंग रोकी हैं।



### पुतिन बोले- ट्रंप रूढ़िवादी मानसिकता वाले इंसान

पुतिन ने अमेरिका के रवैये को पुराना और रूढ़िवादी मानसिकता वाला बताया। उन्होंने कहा, औपनिवेशिक युग अब खत्म हो चुका है। अमेरिका को समझना होगा कि वह अपने पार्टनरों से ऐसी भाषा में बात नहीं कर सकता। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में तनाव कम होगा और सामान्य राजनीतिक बातचीत फिर शुरू होगी। पुतिन की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब भारत रूसी तेल खरीदने के कारण अमेरिकी टैरिफ का सामना कर रहा है और चीन अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध में उलझा है।

### गाजा पर कब्जा कर इमारतें बेचेंगे ट्रंप

पिछले 23 महीनों से इजराइली हमलों के चलते गाजा पट्टी पूरी तरह से तबाह हो गई है। इसी बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा को दुबई जैसा टूरिस्ट और फाइनेंशियल स्पॉट बनाने की योजना सामने आई है। वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक एक 38 पेज की सरकारी दस्तावेज में गाजा को हाई-टेक मेगासिटी में बदलने की योजना का जिक्र है। इस योजना को गाजा रीकंस्ट्रक्शन, इकोनॉमिक एक्सेलरेशन एंड ट्रांसफॉर्मेशनल ट्रस्ट (जीआरईएटी) नाम दिया गया है। इसे करीब 9 लाख करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। ट्रंप इन इमारतों को ऊंचे दामों पर बेचेंगे। वहीं, इसके लिए 20 लाख लोगों को निकाला जाएगा, जिन्हें शहर छोड़ने के बदले 4 लाख रुपए और बसने के लिए 4 साल तक का किराया दिया जाएगा। साथ ही एक साल तक फ्री भोजन भी देने की बात कही गई है।

ट्रंप ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में रखा पक्ष

## टैरिफ से इनकार पर तबाही के कगार पर पहुंच जाएगा यूएस

ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि उसने 'यूक्रेन में रूस के युद्ध से जुड़ी पहले से मौजूद राष्ट्रीय आपात स्थिति से निपटने के लिए' और देश में शांति के लिए राष्ट्रपति के प्रयासों के एक 'महत्वपूर्ण पहलू' के रूप में रूसी ऊर्जा उत्पाद खरीदने पर भारत पर टैरिफ लगाए हैं। ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क और रूसी तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया है, जिससे भारत पर लगाए गए कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गए हैं, जो 27 अगस्त से प्रभावी हैं। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में दायर 251 पृष्ठों की अपील में ट्रंप प्रशासन ने कहा, 'राष्ट्रपति ने हाल ही में यूक्रेन में रूस के युद्ध से संबंधित पहले से मौजूद राष्ट्रीय आपातकाल से निपटने रूसी ऊर्जा उत्पादों की खरीद के लिए भारत पर आईईईपीए (अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम) शुल्क लगाने को अधिकृत किया है, जो उस युद्धग्रस्त देश में शांति के लिए उनके प्रयासों का एक महत्वपूर्ण पहलू है।' अपील में आगे कहा गया है, 'इस मामले में दांव इससे ज्यादा नहीं हो सकता। राष्ट्रपति और उनके कैबिनेट अधिकारियों ने यह निर्धारित किया है कि ये शुल्क शांति और अभूतपूर्व आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा दे रहे हैं, और शुल्क प्राधिकरण से इनकार करने से हमारा देश प्रभावी सुरक्षा के बिना व्यापार प्रतिशोध का शिकार हो जाएगा और



अमेरिका आर्थिक तबाही के कगार पर वापस चला जाएगा।' इसमें कहा गया है कि आईईईपीए टैरिफ के कारण, ६ प्रमुख व्यापारिक साझेदार और 27 देशों वाला यूरोपीय संघ पहले ही यूएसए के साथ रूपरेखा समझौते कर चुके हैं, जिनमें अमेरिका के पक्ष में भारी रूप से पुनर्संयोजित टैरिफ व्यवस्थाओं को स्वीकार किया गया है और अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की खरीदारी और निवेश करने पर सहमति व्यक्त की गई है। पिछले हफ्ते, वॉशिंगटन स्थित संघीय सर्किट के लिए अमेरिकी अपील कोर्ट ने 7-4 के बहुमत से दिए फैसले में कहा था कि ट्रंप द्वारा दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ अवैध हैं। हालांकि, प्रशासन को सुप्रीम कोर्ट में उत्प्रेषण रिट के लिए याचिका दायर करने 14 अक्टूबर तक का समय भी दिया था।

जीएसटी में बदलाव पर पीएम बोले

## कांग्रेस बच्चों की टॉफी पर भी टैक्स लेती थी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि हमने आजादी के बाद का अब तक का सबसे बड़ा फैसला लिया है। कांग्रेस बच्चों की टॉफी पर भी टैक्स लेती थी। लोगों के घर का बजट बिगड़ा हुआ था। समय पर बदलाव के बिना, हम अपने देश को आज की वैश्विक स्थिति में उसका उचित स्थान नहीं दिला सकते। मैंने इस बार 15 अगस्त को लाल किले से कहा था कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अगली पीढ़ी के सुधार करना बेहद जरूरी है। मैंने देशवासियों से यह वादा भी किया था कि इस दिवाली और छठ पूजा से पहले खुशियों की दोहरी बौछार होगी। पीएम मोदी ने टीचर्स डे से पहले दिल्ली में राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाले 45 शिक्षकों से मुलाकात की और उन्हें संबोधित किया। देश में निरंतर रिफॉर्म होते रहने चाहिए। जहां तक सरकार का कमिटमेंट है हम पूरी तरह कमिटेड है। हमारा मानना है कि समय के हिसाब से आगे नहीं चले तो देश को उसका हक नहीं दिला सकते। मैंने लाल किले से कहा था भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म करना बहुत जरूरी है। मैंने देशवासियों से वादा किया था कि इस दिवाली और छठ पूजा से पहले खुशियों का डबल धमाका होगा। कल भारत सरकार ने राज्यों के साथ मिलकर निर्णय लिया। जीएसटी पहले से ज्यादा सरल हो गया है। अब दो ही रेट बचे हैं। यह नवरात्र के पहले दिन से 22 सितंबर से लागू होगा। नवरात्रि से ही देश के करोड़ों परिवारों की जरूरतें और सस्ती हो जाएंगी। धनतेरस की रौनक बढ़ जाएगी।



कहा-बदलाव होते रहना चाहिए

## ऑस्ट्रेलिया में आव्रजन विरोधी प्रदर्शन में भारतीय को घेरा

### बोला- मैं यहां सही कारणों से आया हूं

**मेलबर्न, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया में एक आव्रजन विरोधी प्रदर्शन में भाषण के बीच में एक भारतीय व्यक्ति को घेरा गया, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इंस्टाग्राम पर शेयर वीडियो की शुरुआत एक ऑस्ट्रेलियाई व्यक्ति द्वारा प्रदर्शनकारियों की भीड़ से वक्ता का परिचय कराने से होती है। 'हमारा अगला मेहमान एक विदेशी है। वह विदेशी जैसा दिखता है। और उसने कहा, वह बोलना चाहता है,' दर्शकों में हूटिंग की आवाज गूंजती है। वह आगे कहता है, 'वह बिल्कुल मेरे जैसा है, वह एक नागरिक बन गया।' इसके बाद भारतीय व्यक्ति आगे बढ़ता है और भीड़ में मौजूद विरोध को स्वीकार करते हुए अपना संबोधन शुरू करता है। 'हां, मैं एक भूरा आदमी हूं। हां, मैं भारत से आया एक अप्रवासी हूं। मैं यहां सही कारणों से आया हूं'। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हूटिंग जारी रखा। हालांकि, भारतीय व्यक्ति भीड़ को संबोधित करना जारी रखता है और तर्क देता है कि आप्रवासन का उद्देश्य समाज में योगदान देना होना चाहिए, न कि रियायतों की मांग करना। वह कहता है, आव्रजन का अर्थ लेना नहीं, बल्कि देना है। मांगना नहीं, बल्कि सम्मान करना है, लेकिन आज जो मैं देख रहा हू, वह आप्रवासन नहीं है। यह एक खुले द्वार की नीति है। वह व्यक्ति भीड़ से कहता है, कोई भी आ सकता है, अपनी जगह का दावा कर सकता है और ऑस्ट्रेलिया से अपने लिए बदलाव की मांग कर सकता है।



## सच्चाई को भी सुरक्षा की जरूरत: पल्लवी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द बंगाल फाइल्स रिलीज से पहले ही विवादों में घिरी है। कुछ राज्यों में मल्टीप्लेक्स मालिकों ने इसे दिखाने से इनकार कर दिया है। इसी बीच निर्माता और एक्ट्रेस पल्लवी जोशी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने की मांग की है। जोशी ने कहा, मैं भारी दिल से आपसे मदद नहीं, बल्कि सुरक्षा के लिए यह पत्र लिख रही हूं। द बंगाल फाइल्स का आखिरी पार्ट 5 सितंबर को रिलीज हो रहा है। यह फिल्म डायरेक्ट एक्शन डे के हिंदू नरसंहार, नोआखली की भयानक घटनाओं, भारत विभाजन की कहानी को बयां करती है, जो लंबे समय से दबी है, लेकिन पश्चिम बंगाल में सत्य को घेर लिया गया है।



एक्ट्रेस जोशी ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

## भारत के हमले में तबाह नूरखान एयरबेस का पुनर्निर्माण शुरू

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय हमले में व्यापक क्षति के लगभग चार महीने बाद पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस का पुनर्निर्माण शुरू हो गया है। बुधवार को अमेरिका स्थित मैक्सार टेक्नोलॉजीज द्वारा ली गई उपग्रह तस्वीरों में नई दीवारों के खंड और स्थल पर आधारभूत कार्य दिखाई दे रहे हैं। इस एयरबेस में कथित तौर पर पाकिस्तानी वायु सेना का नंबर 12 वीआईपी स्क्वाड्रन, जिसे बुर्राक्स उपनाम दिया गया है तैनात है, देश के शीर्ष नेतृत्व के आवागमन के लिए अहम है। इस हफ्ते की शुरुआत में पाकिस्तान के दो वीवीआईपी जेट (एक में पीएम शहबाज, दूसरे में फील्ड मार्शल असीम मुनीर) तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए नूर खान और लाहौर से रवाना हुए। जिससे चल रहे पुनर्निर्माण के बावजूद एयरबेस की निरंतर रणनीतिक भूमिका पर जोर दिया गया। मुनीर के विमान द्वारा इस्तेमाल किए गए रनवे से कुछ ही मीटर की दूरी पर मई 2025 में भारतीय हमले के दौरान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए एक स्थल पर पुनर्निर्माण कार्य दिखाई दे रहा था, जो ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा था। इंटेल लैब के एक भू-खुफिया शोधकर्ता का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले से पहले की उपग्रह तस्वीरों में लक्षित स्थल पर विशेष सैन्य ट्रक दिखाई दिए थे, जिन्हें हमलों के दौरान नष्ट कर दिया गया था। विश्लेषकों का मानना है कि ये वाहन कमांड और कंट्रोल केंद्रों के रूप में काम कर सकते थे, जो हवाई और ज़मीनी संपत्तियों को संचार प्रणालियों से जोड़ते थे।

भारतीय वायुसेना के हमलों के बाद हुआ था व्यापक नुकसान

## बिहारियों को हल्के में ना लें गुजराती: लालू

**पटना, जेएनएन।** राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी को दी गई मां की गाली के खिलाफ एनडीए दलों के बिहार बंद का विरोध किया है और कहा कि बिहारियों को गुजराती लोग हल्के में ना लें। मोदी को गाली प्रकरण में भारतीय जनता पार्टी समेत एनडीए के सारे दलों ने बिहार बंद किया है।



राज्य के सभी जिलों में एनडीए दलों के नेता और कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे हैं। बंद के दौरान राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के खिलाफ नारबाजी भी हुई है। लालू ने एक ट्वीट में मोदी के साथ भाजपा पर हमला किया है। एक्स पर लालू यादव ने लिखा है, क्या प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपाइयों को आदेश दिया है कि आज पूरे बिहार और बिहारियों की माताओं-बहनों और बेटियों को गाली दो? गुजराती लोग बिहारियों को इतने हल्के में ना लें? यह बिहार है। बीजेपी के गुंडे-मव्वाली सम्मानित शिक्षिकाओं, राह चलती महिलाओं, छात्राओं, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और पत्रकारों को गालियां दे रहे है, उनके साथ हाथापाई कर दुर्व्यवहार कर रहे है? क्या यह उचित है? राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी को गाली को उनकी मां का अपमान बताकर सियासत जोरों पर है। गुरुवार को सुबह सात बजे से दोपहर 12 बजे तक बंद का ऐलान किया गया था। सभी जिलों से बंदी की खबरें आईं हैं। कई जिलों में उग्र प्रदर्शन भी हुए। हालांकि ट्रेन और आवश्क सेवाओं को बंद से मुक्त रखा गया था। बिहार शरीफ में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू भी जाम में फंस गए। वो राजगीर जा रहे थे कि नालंदा के पतासंग गांव के पास एनएच-20 पर उनका काफिला जाम में फंसा दिखा।

### विधानसभा में याद किया गया स्व. शुक्ल को

**विसं, भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व.रामकिशोर शुक्ल को उनकी जयंती पर गुरुवार को याद किया गया। इस मौके पर स्पीकर नरेन्द्र सिंह तोमर सहित दूसरे नेताओं ने स्व. शुक्ल को श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधानसभा के सेंट्रल हाल में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी, स्व. श्री रामकिशोर शुक्ल के सुपुत्र विनोद शुक्ला एवं अन्य पारिवारिक सदस्यगण, विधानसभा के सचिव अरविंद शर्मा सहित बड़ी संख्या में विधानसभा के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### ग्रंथपाल और क्रीड़ा अधिकारियों में रोष

**जागरण, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग के प्रोफेसरों के आनंद संस्थान द्वारा आयोजित किए जाने वाले छह दिवसीय फेकल्टी डेवलपमेंट कार्यशाल के आदेश को लेकर ग्रंथपाल और क्रीड़ा अधिकारियों में रोष है। उक्त आदेश में ग्रंथपाल और क्रीड़ा अधिकारियों के नाम कार्यशाला के लिए ना भेजने के लिए आदेशित किया गया है। ज्ञात हो कि यूजीसी एवं मप्र शासन ने ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारियों को शिक्षकों के समतुल्य माना है साथ प्रदेश में स्नातक स्तर पर शारीरिक शिक्षा एवं पुस्तकालय विज्ञान को सम्मिलित किया गया है।

## 'बागी-4' सेंसर बोर्ड की कैंची से छलनी, 23 कट्स

**मुंबई, जेएनएन।** टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की खूंखार एक्शन थ्रिलर 'बागी 4' पर सेंसर बोर्ड की गाज गिरी है। सुपरहिट फ्रेंचाइज की यह चौथी किस्त जहां शुक्रवार, 5 सितंबर को रिलीज हो रही है, वहीं खबर है कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने फिल्म में एक-दो नहीं, बल्कि पूरे 23 कट्स लगाए हैं। यह तब है, जब इसी खूनी और खौफनाक फिल्म को पहले ही 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया है। साजिद नाडियाडवाला के बैनर तले बनी बागी 4 के ट्रेलर में दिखाए गए खूनी खेल की तुलना 2023 की ब्लॉकबस्टर 'एनिमल' से हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, सेंसर बोर्ड ने बागी 4 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए कुछ हफ्ते पहले 26 अगस्त को ही 'ए' सर्टिफिकेट यानी 'एडल्ट ओनली' के साथ रिलीज की अनुमति दे दी थी। अब खबर है कि मेकर्स को फिल्म में 23 कट लगाने के लिए कहा गया। इनमें धार्मिक भावनाओं का खयाल रखते हुए भगवान और ईसा मसीह से जुड़े सीन्स, गाली-गलौज, खूनी दृश्यों और अश्लील इशारों से संबंधित विजुअल और डायलॉग कट्स शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने बागी 4 को सभी 23 कट लगाने के बाद ही ए सर्टिफिकेट दिया था। प्रमाणन के कुछ दिनों बाद 29 अगस्त को निर्माताओं ने भी बिना किसी आपत्ति के बल्कि और भी अधिक स्वैच्छिक कट लगाने के लिए सीबीएफसी से संपर्क किया। बहरहाल, इन तमाम कट्स के बाद अब बागी 4 की रनटाइम 2 घंटे 43 मिनट से घटकर 2 घंटे 37 मिनट रह गई है। वैसे, बागी 4 सर्टिफिकेशन के बाद भी अपनी मर्जी से कट लगाने वाली पहली फिल्म नहीं है। हाल ही में रिलीज हुई अयान मुखर्जी की स्पाई एक्शन फिल्म 'वॉर 2' में भी मेकर्स ने स्वेच्छा से कट्स लगाए थे।



स्वास्थ्य — भ्रूण के अंदर भ्रूण का दुर्लभ मामला

## शिशु के पेट से निकाले दो भ्रूण

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय डॉक्टरों ने एक 20 दिन के शिशु के पेट में पल रहे दो भ्रूण को सफलतापूर्वक निकाला है। भ्रूण में भ्रूण नामक यह स्थिति अत्यंत दुर्लभ है, दुनिया भर में अब तक इसके 200 से भी कम मामले सामने आए हैं, जिनमें से कुछ ही भारत में थे। यह स्थिति गर्भावस्था के शुरुआती दिनों में विकसित होती है, जब एक विकृत भ्रूण मेजबान जुड़वां द्वारा अवशोषित कर लिया जाता है। हालांकि, भ्रूण जीवित नहीं होता, फिर भी वह मेजबान जुड़वां से पोषक तत्वों को अवशोषित करके विकसित होता रहता है।

इस मामले में महिला तीन बच्चों के साथ गर्भवती थी और दो भ्रूण शिशु के पेट में बढ़ने लगे। 2024 में कोलकाता शहर में एक तीन दिन के बच्चे की उसके पेट से दो विकृत भ्रूण निकालने की सर्जरी के एक दिन बाद ही मृत्यु हो गई। हाल ही के मामले में माता-पिता ने जुलाई में अपने 20 दिन के बच्चे को गुरुग्राम के फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट में भर्ती कराया था। ऑपरेशन को लीड करने वाले बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद सिन्हा के मुताबिक, उसका पेट फूला हुआ था, वह चिड़चिड़ी थी और कुछ भी खा नहीं पा रही थी, क्योंकि भ्रूण उसके पेट को दबा रहे थे।



> सर्जरी चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन बच्चा स्वस्थ है और अच्छा कर रहा है। उन्होंने बताया कि शिशु को एक महीने पहले अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी और अब तक कोई जटिलता नहीं आई है। डॉक्टर ने कहा कि सर्जरी के बाद का समय बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि संक्रमण या अन्य जटिलताएं बच्चे के लिए घातक साबित हो सकती हैं।
>
> **डॉ. आनंद सिन्हा,** बाल रोग विशेषज्ञ

स्कैन में उसके पेट के अंदर दो ट्यूमर जैसी आकृतियां दिखाई दीं, जो वास्तव में विकृत भ्रूण थे। सर्जरी तुरंत नहीं की जा सकी, क्योंकि बच्चा निर्जलित व कुपोषित था और पहले उसे स्थिर करना आवश्यक था। दो दिनों के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ और फिर लगभग 15 डॉक्टरों की एक टीम ने सर्जरी की।

डॉ. आनंद ने कहा, ऑपरेशन में लगभग दो घंटे लगे। उन्होंने कहा कि बच्ची के नाजुक और छोटे कद के कारण विशेष उपकरणों का इस्तेमाल करना पड़ा। साथ ही, चूंकि भ्रूण लिवर, किडनी और आंतों जैसे अंगों से जुड़े हुए थे, इसलिए उन्हें बहुत सावधानी से निकालना पड़ा, ताकि किसी भी अंग या रक्त वाहिका को नुकसान न पहुंचे। डॉ. आनंद ने कहा, पूरी सर्जरी के दौरान, बच्ची के तापमान पर नजर रखी गई। हमें यह भी सुनिश्चित करना था कि ज्यादा खून की कमी न हो। गर्भ में भ्रूण का अक्सर गर्भावस्था के दौरान निदान किया जाता है, लेकिन डॉ. आनंद कहते हैं कि कभी-कभी अगर बचपन में इस स्थिति का पता नहीं चलता है, तो वयस्कों में परजीवी जुड़वां बच्चे पाए जाते हैं।

उनका कहना है कि अगर शुरुआत में ही भ्रूण को नहीं निकाला जाता, तो उम्र बढ़ने के साथ विकृत भ्रूण का आकार बढ़ता रहता है। हालांकि ये कैंसरग्रस्त नहीं होते, लेकिन अन्य समस्याएं होने की संभावना रहती है, जिसके कारण अंततः उनका पता लगाया जाता है। फरवरी में डॉक्टरों ने महाराष्ट्र में एक तीन दिन के बच्चे के पेट से दो भ्रूण निकाले थे।

## लक्जरी कारों के साथ पकड़ाया फर्जी आईएएस

**लखनऊ, जेएनएन।** उप्र की राजधानी लखनऊ में पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो खुद को आईएएस अधिकारी बताकर लोगों को गुमराह कर रहा था। वजीरगंज पुलिस ने उसे कारगिल शहीद पार्क के पास चेकिंग के दौरान पकड़ा. गाड़ी रोकने पर आरोपी ने खुद को आईएएस बताते हुए रौब झाड़ने की कोशिश की, लेकिन जब पुलिस ने उससे पूछताछ की तो पूरा खेल सामने आ गया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपी का नाम सौरभ त्रिपाठी है, जो गौतमबुद्ध नगर का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि सौरभ लंबे समय से फर्जी आईएएस बनकर धोखाधड़ी कर रहा था, उसके पास से कई लक्जरी गाड़ियां, नकली सरकारी दस्तावेज, गाड़ियों के पास और नीली बत्तियां बरामद हुई हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी ने फर्जी आईएएस की पहचान का इस्तेमाल करके कई बड़े कार्यक्रमों में शिरकत की थी। वह सौरभ आईएएस नाम से सोशल मीडिया पर अकाउंट भी चला रहा था। पुलिस ने फिलहाल उस अकाउंट को डिलीट करवा दिया है।

# मध्यप्रदेश को विकास में नंबर वन राज्य बनाएंगे

### लाड़ली बहनों को भाईदूज से 1500 रुपए की राशि दी जाएगी केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखण्ड के किसानों और युवाओं की चमकेगी तकदीर पराक्रम की पराकाष्ठा का क्षेत्र है बुन्देलखण्ड

### मुख्यमंत्री ने 106 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन




**जागरण, पन्ना।** अमानगंज प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हम सब मिलकर मध्यप्रदेश को विकास के क्षेत्र में नंबर वन प्रदेश बनाएंगे। उन्होने कहा कि मध्यप्रदेश का पन्ना जिला प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। पन्ना जिले की धरती से हीरा उपजता है। यह महावीरों की धरती है। इस जिले को विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार किसानों, युवाओं, गरीबों और महिलाओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में माताओं और बहनों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारी धरती रानी झांसी और दुर्गावती का क्षेत्र है। हमारी धरती में महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दीपावली की भाई दूज से लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पात्र लाड़ली बहनों को प्रतिमाह 1500 रुपए की राशि दी जाएगी तथा 2028 तक लाड़ली बहनों को तीन हजार रुपए की राशि प्रतिमाह प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां जहां लाड़ली बहना योजना लागू है, वहां घरों में सुख समृद्धि आई है। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन के लिए राशि की कभी कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को पन्ना जिले के गुनौर विधानसभा क्षेत्र के नगर परिषद अमानगंज में आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना का कार्य पूर्ण हो जाने से बुन्देलखण्ड क्षेत्र के किसानों और युवाओं की तकदीर चमक जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र के लोग अपनी जमीनें नहीं बेचें। उन्होंने कहा कि लगभग एक लाख करोड़ लागत से बनने वाली केन-बेतवा लिंक परियोजना के पूर्ण होने से बुन्देलखंड क्षेत्र पंजाब और हरियाणा राज्य से भी विकास की दृष्टि से आगे निकल जाएगा। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र के युवा स्वरोजगार स्थापित कर रोजगार देने वाले बनेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सबको आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ना होगा। इसके लिए हमें स्वदेशी को अपनाना होगा और स्वदेशी को बढ़ावा देना होगा, तभी हमारा मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नल जल योजनाओं के माध्यम से सरकार हर घर तक पानी पहुंचाने का प्रयास कर रही है। गरीब और कमजोर तबके के लोगों को पक्का मकान देने के प्रयास किए जा रहे हैं। पक्के मकानों में पक्के शौचालय भी मुहैया कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में शासन द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, नारी शक्ति वंदन योजना जैसी अनेक अभिनव योजना चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों में छात्र-छात्राओं को गणवेश, किताब, साईकिल प्रदान की जा रही है तथा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को लैपटॉप तथा स्कूटी भी प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में शासकीय सेवाओं में लगभग एक लाख पदों पर भर्ती की जा रही है। इसी के साथ उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में लगभग 22 हजार पदों पर भी भर्ती होगी।

उन्होंने कहा कि पन्ना क्षेत्र के औद्योगिकीकरण के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। पन्ना में मेडिकल कॉलेज के भूमिपूजन के लिए मैं शीघ्र पन्ना पुनः आऊँगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पन्ना में मेडीकल कॉलेज बन जाने से इस क्षेत्र के युवा मेडिकल की पढ़ाई यहीं रह कर करेंगे और लोगों की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि पन्ना में मेडीकल कॉलेज बन जाने से लोगों को उपचार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार द्वारा मरीजों के उपचार के लिए बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार ने जीवन रक्षक दवाओं, और आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी की दरें कम कर दी हैं, इससे आम लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुन्देलखण्ड पराक्रम की पराकाष्ठा का क्षेत्र है। यह वीरों की भूमि है। समारोह में मुख्यमंत्री ने लगभग 106 करोड़ के निर्माण कार्यों और विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

समारोह को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पन्ना जिले को 106 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के लिए लगभग 12 हजार करोड़ रुपए मध्यप्रदेश को दिए गए हैं जिसमें पन्ना जिला भी शामिल है। उन्होंने कहा इससे लोगों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार संवेदनशीलता के साथ लोगों की सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पन्ना जिले के औद्योगिकीकरण के लिए भी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहे हैं।

समारोह को विधायक पन्ना एवं पूर्व मंत्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक गुनौर डॉ. राजेश वर्मा ने भी संबोधित किया। समारोह में मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग रामकृष्ण कुसमरिया, विधायक पवई प्रहलाद लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे परमार, नगर पालिका अध्यक्ष पन्ना श्रीमती मीना पाण्डेय, कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी, पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती हिमानी खन्ना, पुलिस उपमहानिरीक्षक ललित शाक्यवार, कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा समेत अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित था।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमानगंज प्रवास के दौरान अस्पताल के उन्नयन सहित सात उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलने, सलेहा में नवीन महाविद्यालय की स्थापना सहित देवेन्द्रनगर के शासकीय महाविद्यालय में नवीन संकाय प्रारंभ करने एवं स्कूल उन्नयन की घोषणा और अगस्त्य मुनि आश्रम के सौंदर्यीकरण एवं अन्य विकास कार्यों के लिए जरूरी प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने खेल स्टेडियम के निर्माण, स्थायी हेलीपैड बनाने, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के तहत बरगी नहर सिंचाई प्रणाली की उद्वहन सिंचाई परियोजना की घोषणा भी की। इस परियोजना के क्रियान्वयन से क्षेत्र के 114 गांव लाभांवित होंगे और 25 हजार हेक्टेयर जमीन सिंचित होगी। गढ़ीपडरिया के वृन्दावन बांध और क्षमता में बढोत्तरी कर नहरों के जीर्णोद्धार कार्य तथा गुनूसागर सिंचाई परियोजना के लिए भी महत्वपूर्ण घोषणा की। कार्यक्रम स्थल पर मत्स्य विभाग, जल संसाधन, स्वास्थ्य, वन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम, उद्यानिकी विभाग, कृषि तथा महिला एवं बाल विकास विभाग सहित राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन द्वारा हितग्राहीमूलक विभिन्न योजनाओं पर केन्द्रित प्रदर्शनी भी लगाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंच से प्रतीक स्वरूप हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए।

### 106 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमानगंज में आयोजित महिला सम्मेलन के कार्यक्रम में 106 करोड़ से अधिक राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। महिला सम्मेलन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 23 करोड़ 73 लाख के 9 कार्यों का लोकार्पण किया, लोकार्पित कार्यों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की 1.04 करोड़ की जल जीवन मिशन की गड़ोखर नल जल योजना, 2.11 करोड़ की बिल्हा सुरदहा नल जल योजना तथा 1.31 करोड़ की टिकरिया नल जल योजना, लोक निर्माण विभाग की 9 करोड़ 99 लाख की 15 किलोमीटर लंबाई की मकरंदगंज हरद्वाही गुनौर सड़क मार्ग का उन्नयन कार्य शामिल है, जबकि नगर परिषद अमानगंज अंतर्गत 90 लाख की लागत राशि से निर्मित क्रमशः ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए ग्राम कुदरा झरकुवा में आवंटित भूमि की बाउंड्रीवाल, वार्ड क्रमांक 5 में झिरिया पुलिया तक नाला निर्माण और मिढ़ासन नदी के किनारे पुल घाट निर्माण कार्य शामिल है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 9 में 47 लाख के खेल स्टेडियम बाउंड्रीवाल और 53 लाख की लागत से थाना तिराहा से वार्ड क्रमांक 14 गुनौर रोड में पानी टंकी तक नाला निर्माण का कार्य भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग के तहत 2 करोड़ 55 लाख से निर्मित मूलपारा बैराज शाहनगर और 4 करोड़ 83 लाख रुपए की लागत से निर्मित देवरी बैराज पवई का भी लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमानगंज में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, गृह निर्माण एवं अधोसरंचना विकास, लोक निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग (भवन), म.प्र. भवन विकास निगम तथा दक्षिण वनमंडल के 82.42 करोड़ के कुल 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें समस्त विकासखंड में 5 करोड़ 26 लाख रुपए की लागत से जनपद पंचायत भवन निर्माण, 1 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से कलेक्ट्रेट परिसर में सीसी रोड, बाउंड्रीवाल, पेपर वर्क, नाली निर्माण तथा प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य शामिल है। इसी तरह मड़ला में 48 लाख रुपए की लागत से बनने वाले आयुष औषधालय, गुनौर में 9 करोड़ 41 लाख से 8 किलोमीटर लंबाई की बड़वारा गुनौर मुख्यमार्ग से मकरी मार्ग, 5 करोड़ 72 लाख की लागत से 4 किलोमीटर लंबाई की हीरापुर से बिहरासर मार्ग, 4 करोड़ 89 लाख की लागत से निर्मित होने वाले 4 किलोमीटर लंबाई के मड़ैयन से बिहरासर मार्ग का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने एक करोड़ 36 लाख रुपए की लागत से बनने वाले गुनौर, पवई तथा अजयगढ़ एसडीएम कार्यालय भवन का भूमिपूजन भी किया। इसके अतिरिक्त 15-15 करोड़ से बनने वाले शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्रनगर और खोरा शासकीय महाविद्यालय भवन सहित 25 लाख रुपए राशि से निर्मित होने वाले काष्ठागार अधिकारी आवास का भी भूमिपूजन किया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अमानगंज हेलीपैड आगमन पर हुआ आत्मीय स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को पन्ना जिले की गुनौर विधानसभा के अमानगंज में महिला सम्मेलन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अमानगंज हेलीपैड पहुंचे। इस अवसर पर सांसद खजुराहो श्री विष्णु दत्त शर्मा भी साथ थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के हेलीपैड आगमन पर वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, विधायक पन्ना एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक गुनौर डॉ. राजेश वर्मा, जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, सतानंद गौतम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय स्वागत किया। प्रशासन की ओर से कमिश्नर अनिल सुचारी, पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती हिमानी खन्ना, पुलिस उप महानिरीक्षक ललित शाक्यवार, कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आम जनता का हाथ उठाकर अभिवादन किया और महिला सम्मेलन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हुए।

# पैगाम्बर मुहम्मद साहब का शान और शौकत से मनाया गया पैदाइश दिवस



### शहर में जुलूस निकालकर पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए जुटाई मदद

**टीकमगढ़।** शुक्रवार को पैंगबर मुहम्मद साहब का पैदाइश दिवस ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार बड़े ही शान और शौकत के साथ मनाया गया, जिसमे एक सप्ताह पूर्व से शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया और आज सुबह 4 बजे से ही पैदाइश के दिन लोगो ने एक दूसरे को तबरुख तकसीम किया और जुमा की नमाज के बाद जामा मस्जिद से मुस्लिम समाज द्वारा जुलूस का आगाज किया गया जो जुलूस दोपहर 2 बजे से शुरू हुआ जो नजाई, कटरा बाजार, जेठा चौराहा, लक्ष्मी टाकीज, के पास सरदार सिंह प्रेस पर विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला एवं नगरपालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार उर्फ पप्पू मालिक के द्वारा जुलूस पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। वही इसके बाद जुलूस स्टेट बैंक चौराहा, गांधी चौराहे, कोतवाली, पुराना बस स्टैंड, मामोंन दरवाजा, सेल सागर चौराहा से जामा मस्जिद में जुलूस का समापन किया गया । जिसमें अंजुमन सदर अब्दुल रज्जाक खान हबीब राईन , पत्रकार सत्तार बाबा ,, समीर खान , नसीम अली ,जाहिर खान ,रफीक , नीलू पठान हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

**पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिये जुताई राहत राशि :** जुलूस के दौरान पार्षद हबीब राईन ने एक अनोखी पहल की ओर जुलूस के दौरान पंजाब में आई बाढ़ की प्राकृतिक आपदा के लिए कुछ चंदा के रूप में राशि एकत्रित की, जिसे पंजाब के हुई प्राकृतिक आपदा में सहयोग के तौर पर दिया जाएगा।

**सुबह से निकाली बाइक रैली, हुआ विवाद, पुलिस ने दिखाई तत्परता :** आज सुबह से युवाओं ने जुलूस के आमंत्रण (दावत) करने के लिए शहर में बाइक रैली निकाली गई, जिसमे सैकड़ो युवाओं ने बाइकों से शहर में बाइकों से घूमकर सभी को जानकारी दी, इसी दौरान जब बाइक रैली कुचबंदियाना मुहल्ला नया बस स्टैंड के पास पहुंची तभी एक असमाजिक तत्व देवा कुचबंदिया ने बाइक रैली में पहुंचकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की हरकत की, जिस पर तत्काल ही मौके पर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी राहुल कटरे ने तत्काल ही आरोपी की गिरफ्तार करके उसपर मामला दर्ज कर कार्यवाही की, जिसके बाद मुस्लिम समाज ने पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित भी किया।

**पुलिस की रही चाक-चौबंद व्यवस्था :** पूरे शहर में आज ईदमिलादुन्नबी के मौके पर सुबह से ही चौराहों पर ट्रैफिक व्यबस्था और जगह-जगह पुलिस पुलिस बल की चाक-चौबंद व्यबस्था रही, जिससे किसी को भी किसी प्रकार की परेशानी का सामना नही करना पड़ा, और वही जुलूस के दौरान इस बार डीजे के साउंड सिस्टमो की आबाज भी ठीक रही, जिससे लोगो ने जुलूस का अच्छे से आनद लेकर त्यौहार को मनाया है।

### गणेश विसर्जन आज, जैन मंदिर से श्रीजी आएंगे बाहर



**पवई।** दस दिनों तक नगर में भक्ति और उल्लास का केंद्र बने गणेश उत्सव का समापन आज शाम से शुरू होगा। पूरे पवई नगर सहित अंचल क्षेत्र में घर-घर और चौक-चौराहों पर श्रद्धालुओं ने गणेश जी की प्रतिमाएं विराजमान कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। अब 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों के बीच बप्पा को विदाई देने की तैयारी पूरी हो गई है। नगर में ढोल-ढमाकों और बैंड-बाजों के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। विभिन्न गणेश मंडलों की ओर से जुलूस निकाले जाएंगे। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। रंग-बिरंगे जुलूसों से नगर का माहौल भक्तिमय बनेगा। इसी के साथ आज अनंत चतुर्दशी पर जैन समाज का प्रमुख पर्व भी धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर से श्रीजी बाहर पधारेंगे। श्रावक-श्राविकाएं 24 घंटे का अखंड जागरण करेंगे। इसमें भजन-कीर्तन, प्रवचन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। विशेष बात यह रहेगी कि जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा नगर की प्रमुख सड़कों से गुजरते हुए धार्मिक आस्था और एकता का संदेश देगी गणेश विसर्जन और जैन समाज के पर्युषण पर्व का यह संगम पवई नगर में भक्ति, श्रद्धा और सद्भाव का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत रेगा। श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है और पूरा नगर धार्मिक रंग में रंगा हुआ है।

# ईद ए मिलाद उन-नबी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया, नगर में निकला विशाल जुलूस



**पवई ।** शुक्रवार को नगर में मुस्लिम समाज ने अपने प्रमुख पर्व ईद ए मिलाद उन-नबी को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। पूरे दिन नगर में रौनक और उत्साह का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही मस्जिदों और घरों में विशेष दुआओं का आयोजन हुआ। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने पर्व को पूरे जोश और श्रद्धा के साथ मनाया। यह पर्व पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। पैगंबर साहब ने अपने जीवनकाल में इंसानियत, करूणा, दया, शांति, समानता और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने जरूरतमंदों की मदद करना, अन्याय और अत्याचार का प्रतिकार करना और समाज में समानता स्थापित करने की प्रेरणा दी। आज भी उनकी शिक्षाएं समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर में जुलूस निकाला गया। भव्य जुलूस नन्ही पवई मस्जिद से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः नन्ही पवई मस्जिद पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। नगर के विभिन्न मार्गों पर जुलूस का स्वागत किया गया। जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर और शरबत पिलाकर स्वागत किया। पूरा नगर धार्मिक और सामाजिक सौहार्द की मिसाल बन गया। जुलूस के दौरान माहौल पूरी तरह श्रद्धा और भाईचारे से भरा रहा। समाज के लोग हाथों में झंडे और तख्तियां लिए हुए पैगंबर साहब के संदेशों का प्रचार करते नजर आए। इस दौरान नगर की सड़कों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। मस्जिदों, इमामबाड़ों और मार्गों पर रोशनी की विशेष व्यवस्था की गई, जिससे पूरा नगर जगमगाता रहा। ईद ए मिलाद उन-नबी का पर्व केवल मुस्लिम समाज के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणा देने वाला अवसर है। पैगंबर साहब का संदेश आपसी भाईचारे और इंसानियत का प्रतीक है। इस पर्व के अवसर पर निकले जुलूस ने नगर में सामाजिक सौहार्द और एकता का अनोखा संदेश दिया।

### मुख्यमंत्री के मंच पर नगर परिषद् अध्यक्ष अमानगंज को बैठने के लिए नहीं मिला स्थान

**पन्ना ।** जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी द्वारा महिलाओं के सम्मान के कसीदे गढ़े जाते हैं तथा प्रत्येक मंच पर बालिकाओं की पूजा की जाती है वहीं दूसरी ओर महिलाओं का कितना सम्मान किया जा रहा है इसका उदाहरण देखने को मिला है 5 सितंबर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गुनौर विधानसभा क्षेत्र के अमानगंज नगर परिषद क्षेत्र में उपस्थित हुए थे तथा उन्होंने महिला सम्मेलन एवं अन्य कार्यक्रम में भाग लिया था इस दौरान अमानगंज नगर परिषद की प्रथम नागरिक नगर परिषद अध्यक्ष सारिका खटीक को मंच पर बैठने के लिए बैठक व्यवस्था नहीं की गई जिससे वह नीचे बैठकर ही कार्यक्रम देखने के लिए मजबूर हुई तथा तथा उनके अपमान होने के चलते वह भावुक नजर आई जबकि कार्यक्रम अमानगंज नगर परिषद में ही आयोजित किया गया था तो क्षेत्रीय विधायक के बाद नगर परिषद अध्यक्ष के बैठने की व्यवस्था निश्चित रूप से की जानी चाहिए थी लेकिन उन्हें मंच पर ही नहीं चढ़ने दिया गया।। उक्त घटना की चर्चाएं लगातार जारी

**है इनका कहना है :** मैं यह नहीं बता सकती यह सब क्यों हुआ मुझ में कोई कमी है या प्रशासनिक चूक है यह मुझे गुटबाज़ी का शिकार बनाया गया है। **श्रीमती सारिका खटीक अध्यक्ष नगर परिषद अमानगंज**

# नगर विकास कार्यों से खुश जैन समाज, नपा अध्यक्ष को शॉल-श्रीफल भेंट कर किया सम्मानित



**टीकमगढ़।** नगर के जैन समाज ने नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार उर्फ पप्पू मलिक का सम्मान किया। यह सम्मान जग्गा चौराहे स्थित महावीर पार्क के सौंदर्यीकरण एवं साफ-सफाई के कार्य के साथ ही नंदीश्वर कॉलोनी में सीवर पाइप लाइन डलवाकर गंदगी की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए किया गया। शुक्रवार को लक्ष्मी टाकीज स्थित जैन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में जैन समाज के लोगों ने नपा अध्यक्ष को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वही जैन समाज ने कहा कि लंबे समय से महावीर पार्क की बदहाली और गंदगी की समस्या को लेकर चिंता बनी हुई थी। वहीं नंदीश्वर कॉलोनी के लोग गंदगी और सीवर की समस्या से परेशान थे। नगर पालिका अध्यक्ष के प्रयास से दोनों समस्याओं का निराकरण हुआ है, जिससे नागरिकों को बड़ी राहत मिली है।

**हमारा दायित्व नागरिकों को मिले मूलभूत सुविधाएं- नपाध्यक्ष मलिक :** वही नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार उर्फ पप्पू मलिक का कहना है कि नगर पालिका का दायित्व है कि नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। महावीर पार्क का सौंदर्यीकरण और कॉलोनियों की साफ-सफाई हमारी प्राथमिकता रही है। सीवर पाइप लाइन का निर्माण कार्य पूरा कर नंदीश्वर कॉलोनी के लोगों को राहत दी गई है। आने वाले दिनों में और भी विकास कार्य कराए जाएंगे।

**नपा अध्यक्ष हो तो ऐसा- जैन समाज :** वही जैन समाज का कहना है कि जैन समाज नगर के विकास कार्यों में हमेशा सहयोग करता रहा है। महावीर पार्क का सौंदर्यीकरण और साफ-सफाई नगर के लिए महत्वपूर्ण थी। नंदीश्वर कॉलोनी की समस्या भी वर्षों से चली आ रही थी। नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने इसे गंभीरता से लिया और त्वरित समाधान कराया। इसके लिए समाज की ओर से उनका आभार प्रकट करते हुए सम्मानित किया गया है।

# देलखंड स्कूल में शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का भव्य सम्मान




**पवई।** नगर की अशासकीय संस्था आदर्श बुंदेलखंड विद्यापीठ हाई स्कूल पवई में शिक्षक दिवस पर विराट सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विगत 27 वर्षों से संचालित इस विद्यालय में आयोजित समारोह में नगर व क्षेत्र के शिक्षकों, सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भागीदारी की। समारोह के मुख्य अतिथि पं. रामदुलारे पाठक (पूर्व प्राचार्य एवं भगवताचार्य) रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश कुमार नगायच (अध्यक्ष बार एसोसिएशन पवई) ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया, भवानी प्रसाद पटेल एवं किशोरी लाल उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के ज्ञान दीप प्रज्ज्वलन और डॉ. राधाकृष्णन की प्रतिमा के पूजन-वंदन से हुआ। स्वागत प्रबंध समिति के संयुक्त सचिव सुख सागर कुंवर ने किया। इस अवसर पर पवई नगर व आसपास क्षेत्र के दस सेवानिवृत्त शिक्षकों लाखन सिंह तोमर, रामभुवन बागरी, जगधारी बागरी, कंधीलाल बागरी, प्रदीप लटौरिया, श्याम बिहारी शुक्ला, ललिता बागरी और मुक्ता बागरी को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय के कार्यरत समस्त शिक्षकों को ड्रेस का कपड़ा, पेन व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। संस्था में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले मेधावी छात्रों को भी मंच पर सम्मान प्राप्त हुआ। संस्था के छात्र-छात्राओं शिवेंद्र सागर कुंवर, वेदांत सिंह, अंजली जायसवाल, आंशी राजा, श्रद्धा रिछारिया, अंजना चौधरी, अंजली सिंगरौल और रागिनी राजा ने गीतों और भाषणों के माध्यम से शिक्षकों के सम्मान की सुंदर प्रस्तुति दी। समारोह को कृष्णपाल सिंह, बृजेश अर्गल, भाजपा मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया और मुख्य अतिथि रामदुलारे पाठक ने अपने सारगर्भित उद्बोधनों से संबोधित किया। वक्ताओं ने शिक्षकों के प्रति आदर और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन संस्था के उपप्राचार्य सिद्धार्थ सागर कुंवर ने किया और अंत में संयुक्त सचिव सुख सागर कुंवर ने सभी अतिथियों, गुरूजनों व गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

# छत्रसाल महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने मनाया शिक्षक दिवस समारोह



**पन्ना ।** छत्रसाल शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के स्वयंसेवकों द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह बड़े उत्साह और गरिमा में वातावरण में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस डी चतुर्वेदी के संरक्षण में आयोजित हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का व्यक्तित्व बताते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों का व्यक्तित्व निर्माण और जीवन मूल्यों को संवारने का कार्य करते हैं। एन एस एस स्वयंसेवको द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिनमें गीत, नृत्य और भाषण शामिल थे। स्वयंसेवकों ने अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए उनके योगदान पर भावपूर्ण शब्द व्यक्त किये ।स्वयंसेवकों ने पूरे समारोह का संचालन एवं अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाई। स्वयंसेवक को ने यह संदेश भी दिया कि शिक्षक ही उनके मार्गदर्शक और प्रेरणा स्रोत हैं। जिनकी वजह से वह जीवन में सही दिशा प्राप्त कर सकते हैं। समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ मनोज कुमार शुक्ल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ डीपी कुशवाहा, डॉ पीयूषा शर्मा,अरविंद निषाद एवं डॉ रोशनी गुप्ता सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही । अंत में सभी ने मिलकर गुरुजनों को नमन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रिया कोरी और आभार कृष्णा अहिरवार द्वारा किया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक सम्मान समारोह



**पन्ना ।** महारानी दुर्गा राज्य लक्ष्मी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रबंध समिति ने किया शिक्षकों का सम्मान और किया गया विशाल वृक्षारोपण नगर की गौरवशाली संस्था महारानी दुर्गा राज्य लक्ष्मी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पन्ना ने शिक्षक दिवस के अवसर पर ग्राम मंडला के समीप बाहरगंज में भव्य कार्यक्रम में सर्वप्रथम संस्था प्राचार्य के, एन,पाण्डेय द्वारा प्रबंध समिति की सचिव कृष्णा कुमारी जी का पुष्प गुच्छ से स्वागत कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई,,संस्था सचिव कृष्णा कुमारी जी ने विद्यालय की परंपरा के अनुसार प्रत्येक शिक्षक परिवार और अन्य कर्मचारियों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया और शिक्षक सम्मान के पश्चात बाहरगंज के विशाल मैदान में ,एक पेड़ मां के नाम, के अंतर्गत 87 विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार फूलदार पेड़ लगाए गए इस अवसर पर संस्था सचिव कृष्णा कुमारी जी ने वृक्षारोपण के महत्व को बताते हुए कहा कि आने वाले समय में पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की आवश्यकता है जिससे हमें स्वच्छ वायु एवं ऑक्सीजन प्राप्त हो सके साथ ही शिक्षक परिवार से अपेक्षा की अपने संस्था के समस्त छात्र छात्राओं को भी प्रेरित करें कि वह अपने घर के आसपास जहां भी जगह हो एक पेड़ जरूर लगाए सम्मान समारोह और वृक्षारोपण के पश्चात सचिव महोदया कृष्णा कुमारी जी ने सभी विद्यालय परिवार को सुरूचिपूर्ण भोजन कराया गया,इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य के, एन,पाण्डेय सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा ।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने शिक्षकों का किया सम्मान

**जागरण विंध्यनगर**



एनटीपीसी विंध्याचल ने उमंग भवन ऑडिटोरियम में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें शिक्षकों के अमूल्य योगदान को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक विंध्याचल संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ए जे राजकुमार मणिक्यन सुरेश महाप्रबंधक मेंटेनेंस एवं एडीएम महाप्रबंधक प्रचालन एवं एफएम सत्येंद्र कुमार सिन्हा महाप्रबंधक चिकित्सा सेवाएँ डॉ.विनोद कुमार भराली मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल राकेश अरोड़ा सहित डीपीएस सरस्वती शिशु मंदिर टाइनी टॉट्स बाल भवन एवं श्री चैतन्य कोचिंग अकादमी के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं एनटीपीसी गीत से हुआ इसके बाद वरिष्ठ प्रबंधन प्राचार्यों और शिक्षकों द्वारा केक काटा गया। स्वागत भाषण में मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल राकेश अरोड़ा ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया और कबीर दास की अमर वाणी का उल्लेख करते हुए गुरु की उस श्रेष्ठ भूमिका को रेखांकित किया जो ज्ञान और प्रबोधन की ओर ले जाती है। कार्यक्रम में शिक्षकों और वरिष्ठ प्रबंधन की उत्साही भागीदारी के साथ मनोरंजक खेल और प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसने माहौल को जीवंत बना दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में मिस ऋतिका जायसवाल द्वारा लोकनृत्य और अपर महाप्रबंधक एमजीआर मुकेश कश्यप द्वारा शिक्षकों को समर्पित गीत ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अपने उद्बोधन में मुख्य महाप्रबंधक विंध्याचल संजीब कुमार साहा ने शिक्षकों को उनकी निष्ठा और समर्पण के लिए बधाई दी और कहा कि उनके अथक प्रयासों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारा है और एनटीपीसी स्कूलों को उत्कृष्ट उपलब्धियों तक पहुँचाया है। इस अवसर पर डीपीएस सरस्वती शिशु मंदिर डीपॉल टाइनी टॉट्स और श्री चैतन्य के प्राचार्यों को मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। प्राचार्यों ने इस सराहनीय पहल के लिए एनटीपीसी प्रबंधन का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक मानव संसाधन श्रीमती कामना शर्मा एवं वरिष्ठ प्रबन्धक मानव संसाधन श्रीमती पूर्णिमा चतुर्वेदी द्वारा किया गया जबकि धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती मृणालिनी अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन द्वारा प्रस्तुत किया गया। ऐसे आयोजन न केवल स्टेशन की सांस्कृतिक धारा को समृद्ध करते हैं बल्कि ऊर्जाए सकारात्मकता और उत्साह से परिपूर्ण वातावरण का निर्माण करते हैं। एनटीपीसी विंध्याचल जहां बिजली उत्पादन में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहा है वहीं शिक्षकों की अमूल्य भूमिका का सम्मान करना भी गर्व की बात मानता है।

# एनटीपीसी विंध्याचल में किया गया मेंटर्स डे का आयोजन



**जागरण विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने आज उमंग भवन सभागार में मेंटर्स डे का आयोजन कियाए जिसमें पेशेवर एवं व्यक्तिगत विकास में मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संजीब कुमार साहा मुख्य महाप्रबंधक विंध्याचल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ए.जे. राजकुमार महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण एम. सुरेश महाप्रबंधक मेंटेनेंस एवं एडीएम एस.के. सिन्हा महाप्रबंधक ऑपरेशन एवं एफएम डॉ. बी.के. भराली महाप्रबंधक चिकित्सा एवं राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल भी शामिल हुए। स्वागत संबोधन में राकेश अरोड़ा ने आधुनिक तकनीकी युग में मेंटोरिंग और रिवर्स मेंटोरिंग की रणनीतिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कर्मचारियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम को इस प्रकार डिज़ाइन किया गया था कि मेंटर्स और मेंटीज़ के बीच की नजदीकी को मजेदार गतिविधियों और रोचक खेलों के माध्यम से और मजबूत किया जा सके। संजीब कुमार साहा मुख्य महाप्रबंधक विंध्याचल ने अपने सम्बोधन मे एनटीपीसी में अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि किस प्रकार मेंटोर.मेंटी संबंधों ने उनके कैरियर की दिशा को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया। उन्होंने एनटीपीसी विंध्याचल की जीवंत एवं लोग.केंद्रित संस्कृति की सराहना की जहाँ मेंटरशिप की पहल ने कार्यबल में एकता सहयोग और समग्र विकास की भावना को प्रबल किया है। इस अवसर पर श्रीमती पूर्णिमा चतुर्वेदी वरिष्ठ प्रबन्धक मानव संसाधन और उनकी मेंटी श्रीमती अन्बरासी आर इंजीनियर प्रचालन ने अपने अनुभव साझा किए और विंध्याचल में अपनी ऑनबोर्डिंग यात्रा के बारे में प्रेरक बातें कहीं। कार्यक्रम का समापन वर्तमान एवं पूर्व बैचों के मेंटर्स और मेंटीज़ को सम्मानित करके किया गया। इस पहल ने एक बार फिर सिद्ध किया कि एनटीपीसी विंध्याचल न केवल पेशेवर विकास को प्रोत्साहित करता है बल्कि सामूहिक भावना और जीवंत संस्कृति को भी सशक्त बनाता है।

# एनटीपीसी रिहंद में शिक्षक दिवस 25 का आयोजन



**जागरण रिहंदनगर।** एनटीपीसी रिहंद में शिक्षक दिवस 25 बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परियोजना परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कर्मचारी विकास केंद्र में कार्यकारी प्रशिक्षुओं हेतु विशेष मेंटर.मेंटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संकाय सदस्य के रूप में श्रीमती मंजुषा भास्करवार एवं सहायक संकाय के रूप में श्रीमती गंधाली भिड़े उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रशिक्षुओं का मार्गदर्शन करते हुए कार्यस्थल पर नेतृत्व कौशल टीम वर्क एवं समय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए। प्रशिक्षुओं को अपने अनुभवों से सीखने तथा करियर विकास के लिए उपयोगी सुझाव प्राप्त करने का अवसर मिला। इस कार्यक्रम ने प्रशिक्षुओं में आत्मविश्वास और संगठन के प्रति जिम्मेदारी की भावना को और सुदृढ़ किया। इसी कड़ी में परियोजना परिसर स्थित कल्याण केंद्र में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी रिहंद परियोजना परिसर में संचालित केन्द्रीय विद्यालय डीएवी विद्यालय एवं सेंट जोसफ विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। साथ ही आईटीआई नक्टू चारगोड़ा हाई स्कूल एवं गोभा हाई स्कूल के प्राचार्यगण भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर एनटीपीसी रिहंद के कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव ने उपस्थित प्राचार्यगणों एवं अध्यापकगणों को सम्मानित किया तथा उनके योगदान की सराहना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके प्रयासों को समाज के लिए अमूल्य बताया।

# 32 मेधावी विद्यार्थियों को वित्तीय प्रोत्साहन



## एनटीपीसी रिहंद में उत्कर्ष स्कॉलरशिप का वितरण

**जागरण रिहंदनगर।** एनटीपीसी रिहंद नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत आज उत्कर्ष छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन परियोजना परिसर स्थित कल्याण केंद्र में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख रिहंद अनिल श्रीवास्तव ने परंपरागत रूप से किया। उत्कर्ष छात्रवृत्ति कक्षा 10वीं 12वीं आईटीआई बी.ई./बी.टेक एवं मेडिकल कोर्सेज़ के कुल 32 मेधावी विद्यार्थियों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान की गयी। एनटीपीसी रिहंद शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर अपना योगदान देती आ रही है। और इसी क्रम में उत्कर्ष स्कॉलरशिप योजना भी बनाई गयी जिससे प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ने और नई ऊँचाइयों को हासिल करने में मदद मिल सके। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि नें विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह छात्रवृत्ति केवल आर्थिक सहयोग नहीं है बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य में विश्वास और प्रेरणा का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत लगन और ईमानदारी के साथ शिक्षा प्राप्त कर समाज एवं देश का नाम रौशन करने को कहा।

# एनटीपीसी विंध्याचल में गणेश चतुर्थी पर समूह नृत्य प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**जागरण विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में गणेशोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पुजा समिति द्वारा गणेश चतुर्थी के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के बच्चों द्वारा धार्मिक गीतों पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में छात्र.छात्राओं ने विभिन्न परिधानों में सज.संवरकर अपनी अपनी कला को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक विंध्याचल संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ए जे राजकुमार महाप्रबंधक परियोजना अतिन कुंडु एवं श्रीमती कुंडु प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल विंध्यनगर मुद्रिका प्रसाद दुबे अन्य शिक्षकगण पुजा समिति के सभी सदस्य एवं भारी संख्या श्रद्धालुगण उपस्थित रहें। सभी ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में पुजा समिति द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

# डॉ राधाकृष्णन भारतीय संस्कृति के संवाहक शिक्षाविद् साहित्यकार एवं महान दार्शनिक

## सरस्वती शिशु मंदिर परसौना में शिक्षक दिवस पर आचार्य हुए सम्मानित



**जागरण बैढ़न।** देश के द्वितीय राष्ट्रपति भारत रत्न सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के जयंती के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर परसौना में शिक्षक दिवस पर आचार्यों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व प्रथम विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती जी की प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं सरस्वती वन्दना कर किया गया। तत्पश्चात सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर तिलक वन्दन किया गया। विद्यालय के संयोजक कमलेश बैस ने सभी आचार्यों को शिक्षक दिवस की बधाई एवं शुभकामनां देते हुए कहा कि डॉ राधाकृष्णन भारतीय संस्कृति के संवाहक शिक्षाविद् साहित्यकार एवं महान दार्शनिक थे। वे कहा करते थे शिक्षक वास्तव में वही है जो अपने अंदर छात्र को जीवंत रखता है। सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन कई विश्वविद्यालयों में प्राध्यापक एवं कुलपति रहे। तथा रूस में भारत के राजदूत के रूप में काम किया। सन 1952 से 1962 तक देश के प्रथम उपराष्ट्रपति रहकर संवैधानिक मर्यादाओं का नया इतिहास रचा। तथा सन 1962 से 1967 तक देश के द्वितीय राष्ट्रपति के रूप में देश सेवा में अपना योगदान दिया। सन 1954 में उन्हें भारत सरकार के द्वारा सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया। डॉ. राधाकृष्णन के विचार वर्तमान परिदृश्य में हम सबके लिए प्रेरणादाई एवं अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में समस्त आचार्यों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप पण्डेय पूर्व आचार्य हिंछलाल प्रजापति आचार्य स्वामीनाथ गुप्ता दिवाकर विश्वकर्मा अर्चना पाण्डेय ज्योति पाण्डेय पूनम सिंह कविता विश्वकर्मा एवं कल्पना तिवारी उपस्थिति रहीं।

# जीवन रक्षक और बचाव तकनीकों पर दिया गया गहन प्रशिक्षण

## एनडीआरएफने सीआईएसएफकर्मियों के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम किया आयोजित



**जागरण सिंगरौली।** आज 11वीं बटालियन एनडीआरएफ वाराणसी द्वारा सीआईएसएफयूनिट एनसीएल सिंगरौली की अमलोरी परियोजना में एक कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सीआईएसएफ कर्मियों की आपदा प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाना था ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में प्रभावी ढंग से प्राथमिक प्रतिक्रिया दे सकें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एनडीआरएफके निरीक्षक श्रीनिवास मीणा द्वारा आयोजित किया गया जिसका पर्यवेक्षण डीसी/एनडीआरएफ नवीन शर्मा ने किया। कार्यक्रम में जीवन रक्षक और बचाव तकनीकों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद एनसीएल परियोजना के सुरक्षा अधिकारी के समन्वय में अमलोरी खदान में एरिया फैमिलियराइजेशन का अभ्यास भी किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सीआईएसएफ कर्मियों को विभिन्न आपातकालीन स्थितियों में पहले प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में कार्य करने के लिए आवश्यक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल से लैस करना था। एनडीआरएफ टीम ने निम्नलिखित महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया सीपीआर चिकित्सा आपात स्थितियों में जीवन समर्थन के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण बचाव अभियानआग बाढ़ और इमारत गिरने जैसी घटनाओं के लिए बचाव तकनीक सांप काटने की स्थिति में प्राथमिक उपचार और सुरक्षा प्रोटोकॉल भूकंप के बाद बचाव अभियान और हताहतों को संभालने की प्रक्रिया अस्थायी स्ट्रेचर बनाना बांस कंबल प्लास्टिक बोरी और रस्सी जैसी आसानी से उपलब्ध सामग्री का उपयोग करके एक कार्यात्मक स्ट्रेचर बनाने का व्यावहारिक प्रदर्शन और प्रशिक्षण यह प्रशिक्षण अत्यधिक प्रभावी रहा जिसमें सीआईएसएफके कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और सीखी गई तकनीकों में दक्षता का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण के बाद एनडीआरएफ टीम सीआईएसएफ कर्मियों और एनसीएल अमलोरी प्रबंधन के सुरक्षा विभाग के बीच एक संयुक्त अभ्यास के रूप में अमलोरी खदान में एक महत्वपूर्ण एरिया फैमिलियराइजेशन अभ्यास भी आयोजित किया गया। इस मौके पर सीआईएसएफके कमांडेंट खिल्लारे एस. पी. सहायक कमांडेंट रूपेंद्र सिंह सिरोही सहायक कमांडेंट देवेंद्र सिंह निरीक्षक विकास कुमार निरीक्षक सुमन कुमारी और निरीक्षक एम.के. शर्मा सहित यूनिट के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। कमांडेंट खिल्लारे एस.पी. ने एनडीआरएफटीम के प्रति आभार व्यक्त किया और ऐसे उपयोगी और आवश्यक प्रशिक्षण सत्र के आयोजन के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि इस प्रशिक्षण से सीआईएसएफके कर्मियों की दक्षता में वृद्धि होगा।

# गणेश जी की आरती पूजन में उत्साह के साथ शामिल हो रहे श्रद्धालु

**जागरण सरई।** आदित्य कंप्यूटर कॉलेज एवं कृष्णा ऑनलाइन व ई रजिस्ट्री के सौजन्य से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के दिन गणेश जी का झांकी अपने निजी गृह अमहाटोला में रखा गया है जिसके सेवक के के जायसवाल हैं। जहां सुबह शाम आरती में भक्तों की भीड़ एकत्रित होती है। साथ ही आसपास के श्रद्धालु भक्त गणेश जी के आरती पूजन में काफी हर्षो उल्लास के साथ सम्मिलित होते हैं। इनके पुरोहित राजेंद्र प्रसाद मिश्रा निवासी अमहाटोला हैं। गणेश जी के आरती पूजन में बड़ों के साथ.साथ बच्चे भी काफी उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं। गणपति सेवक ने बताया कि आज विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । गणेश उत्सव आयोजन में पुष्पेंद्र द्विवेदी राजस्व विभाग अखिलेश द्विवेदी मदन गुप्ता अशोक केसरवानी रामचंद्र गुप्ता राजस्व विभाग नैना गणेश रोशनी लवली आदि लोगों ने गणपति उत्सव में विशेष रूप से भाग लिया है। आयोजन कर्ताओं ने सभी भक्तों से विसर्जन कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# रेडियो ऊर्जा 89.6 एफएम पर सुनो सखी कार्यक्रम का शुभारंभ



**जागरण विंध्यनगर।** रेडियो ऊर्जा 89.6 एफ एम पर सुनो सखी कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम सिंगरौली की आयुक्त श्रीमती सविता प्रधान ने किया रेडियो ऊर्जा 89.6 एफ एम के स्टूडियो में नगर पालिक निगम सिंगरौली की नवागत आयुक्त श्रीमती सविता प्रधान द्वारा एक नए रेडियो कार्यक्रम सुनो सखी का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं की आवाज़ को मंच देने और समाज के ज्वलंत मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

इस विशेष आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में स्टेशन डायरेक्टर शशिधर गर्ग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एसडीईसीसी की सेक्रेटरी श्रीमती सवित्री गर्ग प्रेसिडेंट सुमित गुप्ता रेडियो स्टेशन के मैनेजर रवि उमर प्रोडक्शन मैनेजर सूरज विश्वकर्मा टेक्निकल स्टाफ शिवेंद सेल्स व मार्केटिंग से दिव्य तथा रेडियो की आरजे टीम आरजे आशीष आरजे रिया आरजे शालिनी साथ ही ऑफि स स्टाफ अमित व विष्णु भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान आरजे रिया द्वारा प्रस्तुत शो श्रृंगार.ए.सिंगरौली के माध्यम से श्रोताओं को सिंगरौली शहर में प्रदूषण नियंत्रण कचरा प्रबंधन हरित आवरण जन भागीदारी और स्वच्छ वायु मिशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई और उनसे जुड़े सवालों का समाधान भी किया गया। वहीं आरजे शालिनी के कार्यक्रम बोल बिंदास् में श्रोताओं के सवालों के जवाब दिए गए और सिंगरौली के विकास को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। सुनो सखी कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के विचारों को साझा करना समाज में जागरूकता फैलाना और शहर के विकास में जन भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। आयुक्त श्रीमती सविता प्रधान ने रेडियो ऊर्जा की टीम की सराहना करते हुए ऐसे प्रयासों को सामाजिक विकास की दिशा में एक सशक्त कदम बताया।

RELIANCE

सासन पावर लिमिटेड (एस पी एल)
(रिलायंस पावर लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
3960 मेगावाट सासन अल्ट्रा मेगा पावर परियोजना
सासन, ग्राम–सिद्धीखुर्द, डाकघर–तियरा
जिला–सिंगरौली 486886, मध्य प्रदेश

रूचि की अभिव्यक्ति के लिए निमंत्रण (ई0ओ0आई0)
फ्लाई ऐश, बॉटम ऐश (राख) को निःशुल्क उठाने के लिए, पहले आओं पहले पाओ के आधार पर सासन पावर लिमिटेड से– सितम्बर 2025 से अगस्त 2026 तक

ई0ओ0आई0 नं– SPL/2025-26/Fly Ash/01 — दिनांक 05.09.2025

सासन पावर लिमिटेड, मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में 3960 मेगावाट (6x660 मेगावाट) की सासन अल्ट्रा मेगा पावर परियोजना का संचालन कर रही है । एस0पी0एल0 से कुल राख उत्पादन लगभग 52 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष है , जो निःशुल्क वितरण के लिए उपलब्ध है ।

एस0पी0एल0, सासन अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट से फ्लाई ऐश, बॉटम ऐश (राख) को एक वर्ष की अवधि के लिए "निःशुल्क", "पहले आओ पहले पाओ" और "जैसा है जहाँ है" के आधार पर उठाने के लिए इच्छुक पक्षों/राख उपयोगकर्ताओं से ई0ओ0आई0 आमंत्रित करता है। राख को उठाना और परिवहन करना इच्छुक पक्ष/राख उपयोगकर्ता की जिम्मेदारी होगी । उठाने और परिवहन का तरीका पर्यावरण अनुकूल होगा और भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय जैसे सांविधिक निकायों के सभी नियमों और विनियमों के अनुरूप होगा ।

आवेदन कैसे करें

इच्छुक एजेंसियो से अनुरोध है कि वे अपनी आवश्यकताएँ निर्दिष्ट मानक प्रारूप में spg.splpower@reliancegroupindia.com पर दिनांक 15.09.2025 को 18:00 बजे तक प्रस्तुत करें । समस्त जानकारी और आवेदन के मानक प्रारूप सहित विस्तृत दस्तावेज हमारी वेबसाइट www.reliancepower.co.in पर अपलोड कर दिए गए हैं । इच्छुक उपयोगकर्ता किसी भी प्रश्न/स्पष्टीकरण या सामान्य जानकारी सहित मानक प्रारूप प्राप्त करने के लिए हमारे खरीद समूह से मोबाइल नम्बर 9300787721 पर भी संपर्क कर सकते हैं ।

# सबालेंका लगातार तीसरी बार यूएस ओपन के फाइनल में, खिताबी भिड़ंत अमांडा अनिसिमोवा से

## गत चैंपियन आर्यना सबालेंका ने पेगुला को दी शिकस्त, अमांडा ने चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका को हराया



जेएनएन, न्यूयॉर्क

गत चैंपियन आर्यना सबालेंका ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके जेसिका पेगुला को हराकर यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में लगातार दूसरे खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। पिछले साल का फाइनल इन दोनों खिलाड़ियों के बीच खेला गया था, लेकिन पेगुला इसका बदला चुकता करने में नाकाम रहीं। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका की फाइनल में भिड़ंत उभरती हुई अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा से होगी। बेलारूस की सबालेंका ने गुरुवार रात को अपने तीसरे मैच प्वाइंट को भुनाते हुए पेगुला पर 4-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। सबालेंका अब पिछले 11 वर्षों में फ्लशिंग मीडोज में लगातार चैंपियनशिप जीतने वाली पहली महिला बनने की कोशिश करेंगी। सेरेना विलियम्स ने 2012 से 2014 तक लगातार तीन चैंपियनशिप जीती थीं। पेगुला के खिलाफ अपने करियर में 8-2 का रिकॉर्ड बनाने के बाद सबालेंका ने कहा, मुझे यह जीत हासिल करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। उम्मीद है कि मैं फाइनल में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखूंगी। तीसरी बार यूएस ओपन के फाइनल में पहुंची सबालेंका ने कहा, मैं बहुत भावुक हो गई थी। मैं बस यही सोच रही थी, हे भगवान, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। कृपा करके इस मैच को जल्दी से समाप्त करो। मैं मैच के दौरान हर अगले अंक पर ध्यान केंद्रित कर रही थी। मैच समाप्त होने के बाद सबालेंका अपनी एड़ियों पर पीछे हटी, अपनी बाहें फैलाई और चीख पड़ी।

### भांबरी-वीनस का सफर सेमीफाइनल में थमा

भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस पुरुष युगल के सेमीफाइनल में हार गए, जो किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भांबरी और वीनस को नील स्कूप्स्की और जो सैलिसबरी की छठी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश जोड़ी से रोमांचक मुकाबले में 7-6 (2) 6-7 (5) 4-6 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इससे पहले भारतीय खिलाड़ी ने इतिहास रच दिया था। दिल्ली के रहने वाले 33 वर्षीय भांबरी ओपन युग में लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना के बाद किसी ग्रैंड स्लैम के युगल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले केवल चौथे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए।

### अमांडा लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में



अनिसिमोवा ने चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पराजित किया। अनिसिमोवा ने दो घंटे 56 मिनट तक चले मैच में 6-7 (4), 7-6 (3), 6-3 से जीत दर्ज करके दूसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अनिसिमोवा लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। उन्होंने जुलाई में विंबलडन के फाइनल में भी जगह बनाई थी, लेकिन इगा स्वियातेक से 6-0, 6-0 से हार गईं थी। अनिसिमोवा ने हालांकि अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में स्वियातेक को दो सेटों में हराकर उसका बदला चुकता कर दिया था। अनिसिमोवा 2017 में स्लोएन स्टीफंस के बाद यूएस ओपन महिला एकल फाइनल में पहुंचने वाली पहली घरेलू खिलाड़ी बन गई हैं। जब मैच खत्म हुआ तो अनिसिमोवा चिल्लाई, चलो आगे बढ़े। इसके बाद उन्होंने कोर्ट पर घुटने टेककर और आगे की ओर झुककर इस पल का आनंद लिया। अनिसिमोवा ने कहा, यह बेहद कड़ा मुकाबला था और मुझे यकीन नहीं था कि मैं फिनिश लाइन पार कर पाऊंगी, लेकिन मैंने अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी। मैं यह जीत हासिल करके बहुत खुश हूं।

# भगदड़ के बाद पहली बार टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा चिन्नास्वामी

## मप्र सहित 16 टीमें लेंगी हिस्सा, प्रशंसकों को प्रवेश नहीं

**बेंगलुरु, जेएनएन।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल जीत के बाद 4 जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ के बाद चिन्नास्वामी पहली बार क्रिकेट मुकाबलों की मेजबानी करेगा। यह स्टेडियम कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के के तिम्मप्पिया मेमोरियल ट्रॉफी के मेजबानों में से एक है, जो 16 टीमों वाला एक लाल गेंद के साथ खेला जाने वाला बहु-दिवसीय प्री-सीजन टूर्नामेंट है। चिन्नास्वामी स्टेडियम इस प्रतियोगिता के छह मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें एक सेमीफाइनल और 26 सितंबर से होने वाला फाइनल शामिल है। हालांकि स्टेडियम में दर्शकों को अनुमति नहीं होगी। अजिंक्य रहाणे, वेंकटेश अय्यर, हनुमा विहारी, विजय शंकर, शशांक सिंह भाग लेने वाले शीर्ष भारतीय सितारों में से हैं। टूर्नामेंट में मुंबई, विदर्भ, मध्य प्रदेश, हिमाचल, छत्तीसगढ़ सहित अन्य की टीमें शामिल हैं। चिन्नास्वामी की क्रिकेट कैलेंडर में वापसी ऐसे समय में हुई है, जब आरसीबी ने इस दुखद भगदड़ पर सोशल मीडिया पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। पिछले हफ्ते फ्रेंचाइजी ने मृतकों के परिवारों को 25 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की थी, साथ ही बेहतर भीड़ सुरक्षा और प्रबंधन के लिए दीर्घकालिक कार्रवाई का भी वादा किया था। यह स्थल केएससीए, कर्नाटक सरकार और राज्य पुलिस के बीच चल रही खींचतान का केंद्र रहा है- 4 जून की घटना के बाद से फ्रेंचाइजी के साथ-साथ सभी पुलिस की भी एक सदस्यीय ट्रिब्यूनल द्वारा जांच की जा रही है।

# टीम इंडिया की जर्सी को स्पॉन्सर करना अब होगा और भी महंगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी को अब प्रायोजित करना और महंगा हो जाएगा, क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने द्विपक्षीय सीरीज के लिए दाम प्रति मैच 3.5 करोड़ रुपए और बहुपक्षीय टूर्नामेंट में प्रति मैच 1.5 करोड़ रुपए कर दिए हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, नई दरें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) द्वारा स्वीकृत और आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं पर लागू होंगी। रिपोर्ट में उद्योग से जुड़े सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि ये आंकड़े मौजूदा दरों से थोड़े ज्यादा हैं। पहले द्विपक्षीय मैचों के लिए 3.17 करोड़ रुपए और बहुपक्षीय मैचों के लिए 1.12 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाता था। यह बदलाव ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम, 2025 के आने के बाद ड्रीम11 के जर्सी प्रायोजक के रूप में हटने के बाद हुआ है। सरकार द्वारा हाल ही में पारित ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन अधिनियम, 2025 के बाद बीसीसीआई ने भारतीय टीम के प्रमुख प्रायोजक ड्रीम11 का अनुबंध रद्द कर दिया। यह संशोधन आगामी एशिया कप के समाप्त होने के बाद ही लागू होगा। बीसीसीआई को हालांकि 400 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई होने का अनुमान है। बोली के परिणाम के आधार पर अंतिम आंकड़ा अधिक भी हो सकता है। नई दरें आगामी एशिया कप के बाद से प्रभावी होंगी। बीसीसीआई संभावित रूप से प्रति मैच 400 करोड़ रुपए से अधिक कमा सकता है। अंतिम आंकड़ा हालांकि बोली के परिणाम के आधार पर अधिक हो सकता है।

## खेल एक नजर

### यूएई को हराकर पाकिस्तान टी-20 त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में

**शारजाह, जेएनएन।** पाकिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 31 रन से हराकर टी-20 त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। फखर जमां ने अगले सप्ताह से शुरू होने वाले एशिया कप के पहले फॉर्म में वापसी करते हुए 44 गेंदों पर नाबाद 77 रन बनाए, जो बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का 15 मैचों के बाद पहला टी-20 अर्धशतक है। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 171 रन बनाए। सीरीज का अपना पहला मैच खेल रहे लेग स्पिनर अबरार अहमद ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए नौ रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने यूएई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अपनी कैरम बॉल और गुगली से परेशान किया और उसे सात विकेट पर 140 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह से टीमों का अपने स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव करने का सिलसिला लगातार पांचवें मैच में भी जारी रहा। यूएई की तरफ से सलामी बल्लेबाज अलीशान शराफू ने 51 गेंद पर सर्वाधिक 68 रन बनाए।

### न्यूजीलैंड के टेलर ने लिया संन्यास वापस, अब समोआ के लिए खेलेंगे

**वेलिंगटन, जेएनएन।** न्यूजीलैंड के महान क्रिकेटर रोस टेलर संन्यास का फैसला बदलकर अगले महीने ओमान के लिए टी-20 विश्व कप क्वालिफाइंग टूर्नामेंट खेलेंगे। टेलर ने 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 112 टेस्ट, 236 वनडे और 102 टी-20 मैच खेले हैं। न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में वह 7683 रन बनाकर केन विलियमसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। टेलर की मां लोटे समोआ में पैदा हुई थी। वह ल्यूपेपे लुटेरू रोस पूटोआ लोटे टेलर के नाम से खेलेंगे। 41 वर्ष के टेलर को उनके दोस्त और तरूण नेथुला ने क्वालिफाइंग टूर्नामेंट में समोआ के लिए खेलने की पेशकश की थी। वह अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप में जगह बनाने के लिए समोआ का पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ मैच खेलेंगे। टेलर ने स्टफ न्यूज वेबसाइट से कहा कि जब खिलाड़ी आपको संन्यास का फैसला बदलकर उनकी मदद के लिए कहते हैं, तो बहुत बड़ी बात है। मैं अब युवा तो नहीं हूं, लेकिन इतना फिट हूं कि बाउंड्री के पास दौड़ सकूं।



### ऑस्ट्रेलियाई विश्व कप टीम में मोलिनक्स-वेयरहैम की वापसी

**मेलबर्न, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया ने अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली की अगुआई में महिला वनडे विश्व कप के लिए शुक्रवार को 15 सदस्यीय टीम घोषित की। बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनक्स ने चोट से उबरने के बाद वापसी की। सात बार का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया मौजूदा चैंपियन भी है और आगामी प्रतियोगिता में भी वह अपना दबदबा कायम रखना चाहेगा, जो 30 सितंबर से दो नवंबर तक भारत और श्रीलंका में आयोजित की जाएगी। विक्टोरिया की स्पिनर मोलिनक्स घुटने की चोट के कारण जनवरी से ही बाहर थी। वह हालांकि 14 से 20 सितंबर तक भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में नहीं खेल पाएगी। डार्सी ब्राउन (क्वाड) और जॉर्जिया वेयरहैम (ग्रोइन) भी अपनी हाल की चोटों से उबरकर टीम में वापसी करने में सफल रही। ऑस्ट्रेलिया की टीम में 10 ऐसी खिलाड़ी भी शामिल हैं जो 2022 में खेले गए पिछले टूर्नामेंट का भी हिस्सा थी।

# भारत ने थाईलैंड को 11-0 से रौंदकर किया शानदार आगाज

**हांगझोउ (चीन), जेएनएन।** उदिता दुहान और ब्यूटी डुंग डुंग के दो-दो गोल की मदद से भारत ने महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में शुक्रवार को थाईलैंड को 11-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उदिता ने 30वें और 52वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर, जबकि डुंग डुंग ने 45वें और 54वें मिनट में गोल किए। इन दोनों के अलावा भारत की तरफ से मुमताज खान (सातवें मिनट), संगीता कुमारी (10वें), नवनीत कौर (16वें), लालरेम्सियामी (18वें), थौदाम सुमन देवी (49वें), शर्मिला देवी (57वें) और रुताजा दादासो पिसल (60वें) ने गोल दागे। वर्तमान में विश्व में नौवें स्थान पर काबिज भारत ने 30वें स्थान पर काबिज थाई टीम के खिलाफ पूल-बी के मैच में हाफ टाइम तक 5-0 की बढ़त बना ली थी।

महिला एशिया कप हॉकी



### पुरुष एशिया कप : भारत का सामना आज चीन से

**राजगीर (बिहार), जेएनएन।** फाइनल में जगह बनाने से एक कदम दूर भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एशिया कप में शनिवार को सुपर-4 चरण के आखिरी मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत चीन के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पांच बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया से 2-2 से ड्रॉ के बाद भारत ने दूसरे सुपर 4 मैच में मलेशिया को 4-1 से हराया। इस जीत से चीन के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले हरमनप्रीत सिंह की टीम का मनोबल बढा होगा। भारत दो मैचों में चार अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि चीन और मलेशिया के तीन अंक है। कोरिया एक अंक लेकर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। सुपर 4 चरण से शीर्ष दो टीमें फाइनल में जाएंगी और भारत के लिए एक ड्रॉ भी काफी होगा। कोरिया के खिलाफ औसत प्रदर्शन के बाद भारत ने मलेशिया के खिलाफ बेहतर खेल दिखाया।

# दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड की सरजमीं पर 27 साल बाद जीती वनडे सीरीज

## तीन मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले इंग्लैंड को पांच रन से हराया

जेएनएन, लंदन

दक्षिण अफ्रीका ने लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान में मैट ब्रीट्जके की 85 रन की रिकॉर्ड पारी की बदौलत दूसरे वनडे मुकाबले में पांच रन से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की सीरीज एक मैच शेष रहते अपने नाम कर ली। यह दक्षिण अफ्रीका की 1998 के टेक्साको ट्रॉफी के बाद इंग्लैंड में पहली द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीत है। ब्रीट्जके, जो उस जीत के पांच महीने बाद पैदा हुए थे, अब रविवार को साउथैम्पटन में सीरीज ट्रॉफी उठाएंगे। बीमार वियान मुल्डर की जगह टीम में शामिल किए गए ब्रीट्जके वनडे इतिहास में अपने पहले पांच मैचों में कम से कम अर्धशतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इस 26 वर्षीय बल्लेबाज की 77 गेंदों पर खेली गई पारी तथा सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम के 49 और ट्रिस्टन स्टब्स के 58 रन के उपयोगी योगदान से दक्षिण अफ्रीका में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 330 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम नौ विकेट पर 325 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से जो रूट (61), जैकब बैथेल (58) और जोस बटलर (61) ने अर्धशतक जमाए। दक्षिण अफ्रीका के नांद्रे बर्गर ने तीन, जबकि केशव महाराज ने 59 रन देकर 2 विकेट लेकर अपनी नंबर 1 की छवि को बरकरार रखा। मंगलवार को हेडिंग्ले में खेले गए पहले मैच में इंग्लैंड 131 रन पर सिमट गया था और सात विकेट से हार गया था। मैच आखिरी ओवर तक गया, जिसमें इंग्लैंड को एक विकेट शेष रहते 16 रन चाहिए थे, लेकिन पुछल्ले बल्लेबाज जोफ्रा आर्चर (14 गेंदों पर 27 रन) की शानदार बल्लेबाजी के बावजूद मेजबान टीम लक्ष्य तक पहुंचने से चूक गई। आर्चर ने इससे पहले 62 रन देकर चार विकेट लिए थे।



- कुछ महीने पहले दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी ट्रॉफी जीतने का भी सूखा समाप्त किया था, जब इंग्लैंड में साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया की टीम ने आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में धूल चटाई थी।
- कुछ महीने पहले दक्षिण अफ्रीका ने 1998 के बाद पहली बार आईसीसी ट्रॉफी जीती थी और अब उन्होंने 1998 के बाद इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली वनडे सीरीज जीती है।
- लॉर्ड्स पर इंग्लैंड के लिए रिकॉर्ड रन चेज का मुश्किल था। मेजबान इंग्लैंड की टीम अगर इस लक्ष्य को हासिल कर लेती तो फिर भारत के रिकॉर्ड को तोड़ सकती थी। भारत ने साल 2002 में नेटवेस्ट सीरीज के फाइनल में चेज करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ 326 रन बनाए थे।
- 85 रन की पारी ब्रीट्जके ने मैच में खेली। वे लॉर्ड्स में किसी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने अपने पहले पांच वनडे पारियों में हर बार 50+ रन बनाने का अनोखा रिकॉर्ड भी बनाया।
- 2025 में यह इंग्लैंड की 11 वनडे में आठवीं हार थी।

# जगदीशन दोहरे शतक से चूके, दक्षिण क्षेत्र ने बनाए 536 रन

**बेंगलुरु, जेएनएन।** नारायण जगदीशन (197) अपना दोहरा शतक पूरा करने से महज तीन रन से चूक गए, जिससे दक्षिण क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में दूसरे दिन उत्तर क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में 536 रनों का प्रभावशाली स्कोर बनाया। दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 297 रन से करने के बाद दक्षिण क्षेत्र ने पूरे दिन (88.2 ओवर) बल्लेबाजी की, लेकिन बाकी विकेट खोकर केवल 239 रन ही बना सका। जगदीशन ने रनआउट होने से पहले 352 गेंद में 16 चौके और तीन छक्के लगाए। दक्षिण के बाकी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके लेकिन टीम को सराहनीय स्कोर तक पहुंचाने में सफल रहे। उत्तर क्षेत्र के बल्लेबाजों के पास अब पहली पारी में 537 के स्कोर तक पहुंच कर फाइनल में जगह पक्की करने के लिए पूरे दो दिन हैं। दिन की शुरुआत में दक्षिण के कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन (11) दूसरी ही गेंद पर भारत के मध्यम गति के गेंदबाज अंशुल कंबोज (24 ओवर में 67 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर आउट हो गए। रिकी भुई (54 रन) और जगदीशन ने पांचवें विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी निभाई। लंच के बाद के सत्र में भुई ने पारी को संभाला।

# मालेवार-शुभम के अर्धशतक, मध्य क्षेत्र का पश्चिम के खिलाफ मजबूत पकड़

**बेंगलुरु, जेएनएन।** दानिश मालेवार (76) और शुभम शर्मा की अगुआई में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से मध्य क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को उत्तर क्षेत्र के 438 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 229 रन बनाकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। दिन का खेल खत्म होते समय शुभम (60) के साथ कप्तान रजत पाटीदार (47) क्रीज पर डटे हुए थे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 69 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। टीम पहली पारी में उत्तर क्षेत्र से 209 रन पीछे है और उसके आठ विकेट शेष है। क्वार्टर फाइनल में पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ दोहरा शतक जड़ने वाले मालेवार ने धैर्य के साथ पारी की शुरुआत करते हुए 76 रन बनाए। उन्होंने पहले विकेट के लिए आयुष पांडे (40) के साथ 67 रन की साझेदारी कर टीम को ठोस शुरुआत दिलाई। इससे पहले पश्चिम क्षेत्र ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 363 रन से की। इस समय 24 रन पर बल्लेबाजी कर रहे कप्तान शार्दुल ठाकुर ने 83 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने सातवें विकेट के लिए कोटियान (76) के साथ 84 रन की साझेदारी की। शार्दुल 64 रन बनाकर रन आउट हो गए। उनके आउट होने के बाद मध्य क्षेत्र के गेंदबाजों ने 27 रन के अंदर तीन विकेट चटकाए।

दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल

# स्लोवाकिया ने जर्मनी को उलटफेर का शिकार बनाया

## विश्व कप यूरोपीय क्वालिफायर, स्पेन और बेल्जियम जीते

**लंदन, जेएनएन।** स्लोवाकिया ने जर्मनी को 2-0 से हराकर फुटबॉल विश्व कप के यूरोपीय क्वालिफायर में बड़ा उलटफेर किया। डेविड हैन्को और डेविड स्ट्रेलेक ने जर्मनी की रक्षापंक्ति की गलतियों का फायदा उठाकर स्लोवाकिया को ऐतिहासिक जीत दिलाई। स्लोवाकिया ने आखिरी बार 2010 में विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया था। इस हार से जर्मनी की 2026 में होने वाले विश्व कप में जगह बनाने की राह मुश्किल हो गई है। प्लेऑफ से बचने के लिए जर्मनी को अब अपने शेष सभी पांच मैच जीतने होंगे। यह ग्रुप-ए में जर्मनी का पहला मैच था, जिसमें गुरुवार को उत्तरी आयरलैंड ने लक्जमबर्ग को 3-1 से हराया था। एक अन्य मैच में यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने बुल्गारिया को आसानी से 3-0 से पराजित किया। उसकी तरफ से मिकेल ओयारजाबल, मार्क कुकुरेला और मिकेल मेरिनो ने गोल किए। बेल्जियम ने लिचेटेंस्टीन के खिलाफ धीमी शुरुआत की और हाफटाइम तक केवल 1-0 की बढ़त बनाए रखी, लेकिन बाद में उसने 6-0 की जीत दर्ज की, जिसमें एस्टन विला के यूरी टिलेमान्स के दो गोल और नेपोली के केविन डी ब्रूने का एक गोल शामिल हैं।



## सिटी स्पोर्ट्स

### मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष बने पीयूष शर्मा भोपाल के रामकुमार खिलरानी उपाध्यक्ष

**भोपाल, खेप्र।** मध्य प्रदेश तैराकी संघ का अध्यक्ष एक बार फिर पीयूष शर्मा को चुना गया है। साईं कृष्णा रिसोर्ट इटारसी में संपन्न संघ की वार्षिक साधारण सभा में वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष शर्मा पुनः सर्वसम्मसति से इस पद के लिए चुने गए है। भोपाल के रामकुमार खिलरानी उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। संघ की वार्षिक सभा में प्रदेश की विभिन्न जिला इकाइयों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस निर्वाचन प्रक्रिया में भारतीय तैराकी संघ के प्रतिनिधि के रूप में बलराज शर्मा एवं खेल विभाग की ओर से खेल अधिकारी उमा पटेल पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। निर्वाचन अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्ति जिला न्यायाधीश डॉ. रमेश साहू के निर्देशन में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। इस अवसर पर मध्य प्रदेश तैराकी संघ के विभिन्न पदों का भी निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें सचिव पद पर जयकुमार वर्मा, उपाध्यक्ष महेश सुराणा, दिलीप जोशी, लोकेंद्र सिंह राठौर, रामकुमार खिलरानी और रमेश व्यास चुने गए।



पीयूष शर्मा रामकुमार

### खेल अधिकारी दीवानचंद्र मौली सम्मानित

**भोपाल।** शहर के टीटी नगर स्थित मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंडल की अतिरिक्त सचिव डॉ. प्रियंका गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। विद्यालय की प्राचार्या रेखा शर्मा ने शिक्षकों के योगदान और नैतिक मूल्यों के संरक्षण के बारे में बताया। प्राचार्या शर्मा को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और शैक्षिक योगदान हेतु विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय योग्यता सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पढ़ाने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। स्कूल के खेल अधिकारी दीवान चंद्र मौली को बेस्ट स्पोर्ट्स टीचर से सम्मानित किया गया।



**स्कूल शिक्षा मंत्री 6 सितंबर को दो दिवसीय दौरे पर सतना आयेंगे**

**सतना।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह 6 और 7 सितंबर को सतना के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार मंत्री श्री सिंह 6 सितंबर को रात्रि 9 बजे सड़क मार्ग से सतना पहुंचकर सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। प्रवास के दूसरे दिन 7 सितंबर को सुबह 6 बजे शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 के खेल मैदान में आयोजित सतना हाफ मैराथन 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**समर्थन मूल्य पर धान विक्रय के लिए पंजीयन 15 से 10 अक्टूबर तक**

**सतना।** खरीफ उपार्जन में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए कृषक पंजीयन का कार्य के लिए शासन द्वारा 15 सितंबर से 10 अक्टूबर नियत किया गया है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था अंतर्गत 50 रुपये से अधिक का शुल्क नहीं लिया जायेगा। पंजीयन निर्धारित तिथि तक अपने नजदीकी पंजीयन केन्द्र ग्राम पंचायत कार्यालय जनपद पंचायत तहसील कार्यालय तथा एमपी आनलाइन कियोस्क कॉमन सर्विस सेंटर लोक सेवा केन्द्र तथा निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर उपस्थित होकर करा सकते हैं।

# ई-अटेंडेंस गो बैक के नारे के साथ वरिष्ठता एवं पुरानी पेंशन को लेकर रैली निकाल सौंपा ज्ञापन

## शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का जबरजस्त विरोध प्रदर्शन

जागरण सतना

अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा धवारी चौराहे में ई अटेंडेंस बंद किये जाने सहित अन्य मांगो को लेकर मोर्चा के जिलाध्यक्ष बाल्मीक शुक्ला की अध्यक्षता में गाँधी प्रतिमा के समक्ष शिक्षक दिवस पर सत्याग्रह धरना आयोजित किया गया जिसमे प्रमुख रूप से ई अटेंडेंस बंद किया जाय 7राज्य शिक्षा सेवा के शिक्षको की प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करते हुए पुरानी पेंशन बहाल की जाय एवं राज्य शिक्षा सेवा के शिक्षको के क्रमोन्नति एवं समयमान वेतनमान आदेश जारी किये जाय। धरने को संबोधित करते हुए शिक्षक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने कहा यह अव्यवहारिक अपमानजनक ई अटेंडेंस वापस लिया जाय । सरकार समाज और शिक्षक का विस्वास मशीन से निर्धारित न किया जाय 7 शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष विवेक सिंह बघेल ने राज्य शिक्षा सेवा के शिक्षको की सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करने के मांग की।



### सरकार को सम्मति दे भगवान : अतुल सिंह

शासकीय शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष अतुल सिंह परिहार ने रघुपति राघव राजाराम सरकार को सम्मति दे भगवान के साथ समानता की मांग की 7 पुरानी पेंशन बहाली संगठन अध्यक्ष विमलेंद्र सिंह ने सरकारी कर्मचारी के बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन बहाल किये जाने को लेकर आज पूरे देश उपवास किया गया 7 धरने को प्रमुख रूप से संभागीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह बघेल लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के आर डी द्विवेदी,विकल्प गौतम भानु सिंह अमित मिश्रा अंजू सिंह बघेल राज्य सहायक अध्यापक संघ के राकेश गौतम आम अध्यापक संघ के वीरेंद्र विश्वकर्मा सुभाष निगम कुलदीप मौर्य राजीव तिवारी रविशंकर तिवारी अनिल सिंह बी डी पाण्डेय प्रभात गौतम सुखेन्द्र श्रीवास्तव रेखा बागरी कुसुम यादव सतरूपा तिवारी नीता सिंह अरुण पयासी संजय शुक्ल विनय तिवारी ईश्वरदीन चौधरी लल्लू प्रजापति ने संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन दिलकश जेब ने किया 7 धरना पश्चात धावरी से कलेक्ट्रेट तक महिला शिक्षको के नेत्रत्व में नीरू रैकवार मिनाक्षी रैकवार सरोज सिंह प्रेमलता सिंगरौल सीमा गुप्ता सीमा सिंह अंजना विश्वकर्मा सीमा मिश्रा चैना पटेल प्रतिमा मिश्र आभा सिंह,उमा त्रिपाठी अर्चना सिंह वंदना श्रीवास्तव उषा सिंह प्रतिमा त्रिपाठी नीलू बाला नामदेव बीना सिंह सरोजनी कोरी ममता बागरी प्रभा सिंह संजना सिंह ममता चक्रवर्ती सरोज गर्ग सविता सिंह निशा गौतम बीना कुशवाहा सरिता मिश्रा नीतू नामदेव शारदा मिश्रा संगीता पाण्डेय सुमन सिंह नीराजना त्रिपाठी उर्मिला सिंह अलका बाजपेयी प्रतिभा श्रीवास्तव मंजू खरे रंजना मिश्रा प्रीटी मिश्रा अमिता शुक्ला नीता प्रजापति अनुराधा वर्मा रेणुका प्रजापति के अगुआई में रैली निकालकर यस डी यम को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन के माध्यम से सौपा गया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से केपी सिंह सुखेन्द्र श्रीवास्तव कल्लू प्रसाद साहू धरमजीत सिंह श्रीराम शुक्ल ब्रजभूषण मिश्रा बद्री गौतम राजनारण द्विवेदी संजय तिवारी संजय सिंह देवेंदर द्विवेदी लवकुश तिवारी राजू चौधरी उद्रराज सिंह विजय सिंह अभिमन्यु पाण्डेय सहित बड़ी तादाद में शिक्षक गण मौजूद रहे।

# पारदर्शिता के साथ किसानों को खाद वितरण की व्यवस्था सुगम बनाएं : गणेश सिंह

## सांसद ने ली उर्वरक वितरण के संबंध में बैठक



**जागरण सतना।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विभिन्न जिलों में रासायनिक खाद के वितरण में किसानों को हो रही कठिनाई के समाधान के लिए किसान संगठनों, जनप्रतिनिधियों तथा जिला प्रशासन के साथ बैठक करने का निर्देश दिये थे। निर्देशों के परिपालन में सांसद सतना श्री गणेश सिंह ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में जिला प्रशासन, कृषि और मार्कफेड के अधिकारियों तथा किसान संगठनों तथा संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक लेकर समीक्षा की। इस मौके पर सतना कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस अपर कलेक्टर विकास सिंह एसडीएम राहुल सिलाडिया किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष कृष्णा पाण्डेय भारतीय किसान यूनियन के इंद्रजीत पाठक दिलीप सिंह भारतीय किसान यूनियन टिकैट ठाकुर प्रसाद सिंह, जिला महामंत्री किसान मोर्चा उपेंद्र तिवारी लालबिहारी पाठक दयाशंकर द्विवेदी सुनील गौतम डीडीए आशीष पाण्डेय डीएमओ नेहा तिवारी जीएम सहकारिता केसी शर्मा उपस्थित थे। सांसद श्री सिंह ने कहा कि राज्य शासन द्वारा किसानों को खरीफ फसलों के लिए सुसंगत मात्रा में उर्वरकों की आपूर्ति की जा रही है और लगातार जिले में खाद के रैक लग रहे हैं। रैक लगने में एक-दो दिन का विलंब हो सकता है और वितरण के लिए समितियों तथा वितरण केन्द्रों में खाद पहुंचाने में भी समय लगता है।

सांसद ने कहा कि 8 तहसील में एक निगरानी कमेटी बनेगी जो डबल लष्क सिंगल लष्क और प्राइवेट खाद वितरण केन्द्रों पर नजर रखेगी। जो किसान नगद में खाद लेना चाहेंगे ऐसे किसानों को वहां नगद खाद भी षासन के निर्धारित दर पर मिलेगी। यह भी व्यवस्था की जाएगी। जिले में 108 समितियां पंजीकृत हैं जिसमें आठ समितियां पर वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। समितियां में जो खाद वितरण होगी। उस पर हर रोज स्टष्क और वितरण की पर्ची बनाई जाएगी और खाद वितरण का समय भी निर्धारित किया जाएगा। किसान चाहे किसी भी श्रेणी का हो बड़ा, छोटा या बटाई वाले किसान उन्हें खाद उपलब्धता के आधार पर सभी को खाद मिलेगी और वितरण में पूरी पारदर्षिता का ख्याल रखा जाएगा। उप संचालक कृषि आशीष पाण्डेय ने बताया कि सतना और मैहर जिले में डबल लॉक केन्द्रों सहकारी समितियों तथा प्राइवेट उर्वरक विक्रेता के यहां उपलब्ध स्टाक को प्रतिदिन सार्वजनिक किया जा रहा है।

# डॉ राकेश मिश्र चार दिवसीय सतना प्रवास पर

## हाफ मैराथन की तैयारियों का लिया जायजा



**जागरण सतना।** सेवा न्यास मुख्यालय नेह निकुंज बम्हनगवां में आयोजित कार्यकर्ताओं की व्यवस्था बैठक में डॉ राकेश मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 सितंबर को सुबह 6 बजे आयोजित सतना हाफ मैराथन प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह हरी झंडी दिखाकर हाफ मैराथन का शुभारंभ करेंगे।

मध्य प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल मध्य प्रदेश शासन के मंत्री लखन पटेल उत्तर प्रदेश शासन के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह सहित कई सामाजिक स्थानों के प्रमुख नेशनल खिलाडी ओके शुभकामना संदेश जारी कर मैराथन को सफल बनाने की अपील की है। सेवा न्यास के कार्यकर्ता एवं सतना हाफ मैराथन के संयोजक रविशंकर द्विवेदी ने जानकारियां देते हुए बताया की इस वर्ष देश भर के 20 राज्यों के 85 जिलों से 5332 पुरुष महिला धावक आ रहे हैं। सतना हाफ मैराथन के आयोजक डॉ राकेश मिश्र हाफ मैराथन 2025 प्रतियोगिता की तैयारियों पूर्ण कर ली गई है। तीन प्रकार की दौड में 5 किलोमीटर 10 किलोमीटर 21 किलोमीटर पॉइंट पर नगर के समाजसेवियों व्यापारियों खेल प्रेमियों के द्वारा सॉफ्ट ड्रिंक मिनरल वाटर का वितरण किया जाएगा।6 सितंबर को शासकीय उत्कृष्ट वेंकट क्रमांक एक खेल परिसर धवारी से प्रतिभागी को अपनी किट प्राप्त करने के लिए मैसेज लेकर ही प्रतिभागी दौड़ सकते है।

# रामपुर में ईद मिलाद उन्नवी के अवसर पर निकाली गई बाइक रैली



**जागरण सतना।** पैगम्बर साहब के जन्मदिन के पावन अवसर पर रामपुर बाघेलान में भव्य रैली का आयोजन किया गया आयोजित कार्यक्रम में रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह ने शिरकत करते हुए कार्यक्रम को और भव्यता प्रदान की । आयोजित कार्यक्रम में विधायक विक्रम सिंह ने पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर सभी साथियों को बधाईयां दी जिसमें इसहाक खांन पार्षद बार्ड क्र 15 रामपुर बाघेलान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश कचेर जब्बार खांन इस्लाम खांन नईम खांन इवरार अक्तर अकरम जहूर व समाज के सैकड़ो लोगों के साथ मस्जिद के पास से वाइक रैली का शुभारंभ करके हनुमानगंज चौराहे से भ्रमण करते हुए मार्केट से होकर मस्जिद परिसर में समापन हुआ।

# कांग्रेस ने दिखाया सेवा भाव, डॉ रश्मि सिंह ने किया जुलूस का स्वागत



**जागरण सतना।** ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के पावन अवसर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कांग्रेस द्वारा मानव सेवा एवं सद्भावना का परिचय देते हुए नागौद अस्पताल में कांग्रेस नेत्री डॉ रश्मि सिंह ने कांग्रेसजनों के साथ भर्ती मरीजों को फल वितरित किए।इसी क्रम में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सतना एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर में निकाले गए जुलूस का स्वागत भी डॉ. सिंह ने कांग्रेस परिवारजनों के साथ मिलकर किया।इस अवसर पर डॉ रश्मि सिंह ने कहा कि इस्लाम का पैगाम इंसानियत भाईचारे और सेवा का है। ईद-ए-मिलाद हमें आपसी प्रेम और सहयोग का मार्ग दिखाती है। मरीजों और परिजनों ने इस पहल की सराहना करते हुए कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एड रमाकांत मिश्रा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष फिरोज आलम वीरेंद्र सिंह मुख्तार अहमद सिद्दकी पार्षद नागेश मिश्रा पार्षद राहुल सोनी पार्षद बाबूलाल चौटाल पार्षद पप्पू खान सोहराब खान विनोद कुशवाहा अजय प्रजापति संध्या लोधी जय प्रकाश मिश्रा रियाज खान रामचरित सेन श्रीकांत मिश्रा सहित विभाग कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## वित्तीय साक्षरता शिविर का एक दिवसीय आयोजन संपन्न

**सतना।** आरोह फाउंडेशन के द्वारा आरसीटी केंद्र सतना में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया भारतीय रिजर्व बैंक, इंडियन बैंक एवं नाबार्ड के द्वारा चलाये जा रहे वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में आरोह फाउंडेशन के प्रदेश प्रमुख हेमंत लड़िया ने वित्तीय साक्षरता के महत्व पैसे का प्रबंधन और वित्तीय निर्णय लेने के तरीके पर चर्चा की। उन्होंने बजट बनाने बचत करने निवेश समझने ऋण के प्रबंधन और वित्तीय उत्पादों का समझदारी से उपयोग करने के लाभों पर प्रकाश डाला। वित्तीय रूप से साक्षर होना न केवल तनाव को कम करता है, बल्कि भविष्य की योजना बनाने और आर्थिक सुरक्षा की दिशा में भी सहायक होता है। उन्होंने छात्राओं को डिजिटल बैंकिंग लोकपाल की भूमिका ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षा और बचत प्रवृत्ति को विकसित करने के तरीकों पर जानकारी दी।

## एस के खेतान माइनिंग में एकेएस के विद्यार्थियों का चयन

**जागरण सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। एस के खेतान माइनिंग प्रा लि उदयपुर द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का चयन ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी एवं डिप्लोमा इंजीनियर ट्रेनी पदों पर हुआ है। इस चयन प्रक्रिया में अनुष्का सिंह तथा मिशन कुमार ने सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की लगन शिक्षकों के मार्गदर्शन और विश्वविद्यालय के सुव्यवस्थित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का परिणाम है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रमुख बालेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि निरंतर प्रयासों से विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए अनेक विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में स्थान दिलाया है। विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर अनंत कुमार सोनी ने इस अवसर पर कहा कि एकेएस विश्वविद्यालय सदैव विद्यार्थियों की समग्र प्रगति और उत्कृष्टता पर केंद्रित रहा है। हमारा उद्देश्य केवल अकादमिक शिक्षा तक सीमित नहीं है बल्कि विद्यार्थियों को ऐसे अवसर प्रदान करना है।


































जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** मोबाइल नं रीवा- 9098357869, 9425018958 सतना - 9993315949 सीधी-7089620900 सिंगरौली-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com